CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, शनिवार 21 जून 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 311 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 24 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शिव सुब्रमण्यम रमण ने पीएफआरडीए के अध्यक्ष का पदभार संभाला पेज 2



सीना देशों में टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल से ज्यादा बड़ी उपलब्धि खेल टाइम्स



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस:
योग बीमारियों के विरुद्ध एक मौन क्रांति... संपादकीय



ईरान आईआरजीसी ने की नए खुफिया प्रमुख की नियुक्ति पेज 12

# ईरान के इजरायल पर कई बड़े मिसाइल हमले

## माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास गिरी मिसाइल, कई कारों में लगी आग

**तेहरान/तेल अवीव**



**ईरान ने इजरायल** के बीर्शेबा शहर पर शुक्रवार सुबह बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के नजदीक गिरी। इससे कई कारों में आग लग गई। ईरान ने शुक्रवार शाम इजरायल के तेल अवीव, बीर्शेबा, हाइफा सहित कई शहरों में पर फिर से मिसाइल हमले किए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, हाइफा में मिसाइल गिरने से 17 लोग घायल हुए हैं। इनमें एक 16 साल के नाबालिग सहित तीन की हालत गंभीर है।

आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। इसमें 6 लोग घायल हो गए हैं। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बीर्शेबा शहर पर मिसाइल हमला हुआ है। इससे पहले गुरुवार को भी ईरान ने बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। ईरान के शुक्रवार सुबह मिसाइल हमले के बाद बीर्शेबा शहर में पार्किंग में खड़ी कई गाड़ियों में आग लग गई। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का मानना है कि ईरान अब

**तेल अवीव, बीर्शेबा व हाइफा सहित कई शहरों को बनाया मिसाइलों से निशाना, 23 घायल, तीन गंभीर**

परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है। लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है।

# इजरायल रोजाना जंग में झोंक रहा ₹6000 करोड़

## सैन्य संघर्ष अब आर्थिक संकट में भी बदल रहा

**तेल अवीव, वार्ता**

**ईरान और** इजरायल के बीच जारी संघर्ष सिर्फ सैन्य नहीं, अब आर्थिक संकट में भी बदलता जा रहा है। पूर्व इजरायली रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल रीम एमीनाक के मुताबिक, इजरायल का रोजाना युद्ध लड़ने में 725 मिलियन डॉलर (करीब 6,000 करोड़) खर्च हो रहा है।

इसमें केवल मिसाइल, जेट ईंधन, बमबारी और सैनिक तैनाती जैसे सीधे खर्च शामिल हैं। पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान और प्रोडक्टिविटी में गिरावट को भी जोड़ा जाए, तो असल खर्च इससे कहीं ज्यादा हो सकता है। इजरायली वित्त मंत्रालय ने 2025 में जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 4.3 प्रतिशत से घटाकर 3.6प्रतिशत कर दिया है। वहीं, 2025 में पहले से तय बजट घाटे की सीमा 4.9प्रतिशत से बढ़ सकती है। 13 जून को ईरान पर अटैक के बाद पहले दो दिन में इजरायल का खर्च 1.45 अरब डॉलर (करीब 12,500 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया था। इसमें से 593 मिलियन डॉलर (करीब 5 हजार करोड़) बमबारी और जेट ईंधन और बाकी रक्षा संचालन में गए। इजरायल के वित्त मंत्रालय ने 2025 के लिए जो बजट घाटे की सीमा तय की थी, वह जीडीपी का 4.9 प्रतिशत यानी लगभग 27.6 अरब डॉलर थी। लेकिन यह अनुमान ईरान के साथ नया युद्ध शुरू होने से पहले का था। अब इजरायल का बजट घाटा और बढ़ सकता है। वहीं, इजरायल का रक्षा बजट पहले ही गाजा युद्ध में काफी खर्च हो चुका है। इसी वजह से वित्त मंत्रालय ने 2025 में जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान 4.3 प्रतिशत से घटाकर 3.6 प्रतिशत कर दिया है।

### ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोला, 1000 भारतीय छात्र लौटेंगे

**तेहरान/तेल अवीव।** इजरायल के साथ हफ्ते भर से जारी जंग के बीच ईरान ने भारत के लिए अपना एयरस्पेस खोल दिया है। ऑपरेशन सिंधु के तहत भारत सरकार अगले दो दिनों के दौरान 3 स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट्स से करीब 1 हजार भारतीय छात्रों का वहां से रेस्क्यू करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्रों को लेकर एक फ्लाइट शुक्रवार रात और दो फ्लाइट्स शनिवार दोपहर तक भारत पहुंचेगी। इन फ्लाइट्स की व्यवस्था भारत सरकार ने की है। ये फ्लाइट्स ईरान के मशहद से उड़ान भरेंगी और दिल्ली में उतरेंगी। इससे पहले 110 भारतीय स्टूडेंट्स 19 जून को ईरान से भारत पहुंचे थे। हालांकि, इन्हें लैंड बॉर्डर के रास्ते ईरान से निकाला गया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने मदुरै के विवादित मंदिर तोड़ने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के मदुरै में विस्तारा रेजीडेंसी अपार्टमेंट परिसर में कथित तौर पर बिना अनुमति के बनाए गए मंदिर को तोड़ने पर शुक्रवार को रोक लगा दी और मदुरै निगम को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने विस्तारा वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यह अंतरिम आदेश पारित किया। एसोसिएशन की याचिका में मंदिर को गिराने का निर्देश देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती दी गई थी।

### कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत, कारण स्पष्ट नहीं

**नई दिल्ली।** कनाडा में वैंकूवर स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा है कि कैलगरी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली एक भारतीय छात्रा तान्या त्यागी की मौत हो गई है। दूतावास ने छात्रा की मौत का कारण नहीं बताया, लेकिन कहा है कि वह अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी सहायता प्रदान करेगा। दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि हम कैलगरी विश्वविद्यालय की भारतीय छात्रा सुश्री तान्या त्यागी के आकस्मिक निधन से दुखी हैं। वाणिज्य दूतावास अधिकारियों के संपर्क में है और शोक संतप्त परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।

### शुभांशु को अंतरिक्ष ले जाने वाला मिशन पांचवीं बार टला

**नई दिल्ली।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ले जाने वाला एक्सिओम-4 मिशन पांचवीं बार टाल दिया गया है। इसे 22 जून को लॉन्च किया जाना था, लेकिन आईएसएस की सुरक्षा जांच के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। इससे पहले इस मिशन को 11 जून को भारतीय समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था। हालांकि, प्रोपल्शन बे में ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाल दिया गया था। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं।

### ब्लैक बॉक्स विदेश भेजे जाने पर अभी कोई फैसला नहीं

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एयर इंडिया विमान का ब्लैक बॉक्स जांच के लिए अभी विदेश नहीं भेजा गया है। केंद्र सरकार ने इसको लेकर बयान जारी किया है। केंद्र ने कहा कि प्लेन के ब्लैक बॉक्स को कहां भेजा जाएगा, इसका फैसला एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। यह फैसला सभी तकनीकी, सुरक्षा और गोपनीय पहलुओं को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। फिलहाल एएआईबी की जांच जारी है। इसके अलावा गृह सचिव के नेतृत्व में हाई लेवल कमेटी भी हादसे की जांच कर रही है, जो तीन महीने में रिपोर्ट देगी।

# ओडिशा आना जरूरी था, इसलिए ट्रम्प को मना किया

**भुवनेश्वर, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** शुक्रवार को ओडिशा के दौरे पर रहे। अपने दौरे के शुरुआत में उन्होंने राजधानी भुवनेश्वर में रोड शो किया।

वहीं पीएम मोदी ने राज्य को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी है। इसमें पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नई रेलवे लाइन शामिल हैं। राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क के साथ बौध के एकीकरण के ऐतिहासिक क्षण पर पीएम मोदी ने पहली बार जिले में रेल संपर्क बढ़ाने वाली नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान अपनी विदेश यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पहले, मैं जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा में था। मेरी यात्रा के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मुझे फोन किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आप पहले से ही कनाडा में हैं, तो वाशिंगटन क्यों नहीं आते? चलिए खाना खाते हैं और बात करते हैं। उन्होंने गर्मजोशी से निमंत्रण दिया।



### लालटेन-पंजे के शिकंजे से बचे

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की आहट राज्य में साफ सुनाई देने लगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में यह गूंज के रूप में सुनाई दी, जब उन्होंने सीवान में संबोधन सुनने आए लोगों से कहा कि नौजवानों ने जंगलराज की कहानियां सुनी होंगी। देखा नहीं होगा। उस माहौल को जानते नहीं होंगे। फिर से लालटेन और पंजे वाले शिकंजा कसने का मौका ढूंढ़ रहे। सतर्क रहना होगा, वरना विकास पर ब्रेक लगाने का मौका वह तलाश रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि बिहार समृद्ध होगा।

### महाराष्ट्र में भारी बारिश, नासिक में घरों व दुकानों में पानी भरा

**नई दिल्ली।** मानसून ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में एंट्री कर ली। यूपी में भी मानसून और आगे बढ़ा है। भारी बारिश के चलते गुजरात के अहमदाबाद, वापी और राजकोट में सड़क, घरों और दुकानों में पानी भर गया। सावरकुंडला, राजुला में स्थानीय नदियां उफान पर आ गई हैं। अमरेली में भारी बारिश से नदियों का पानी खेतों में जा घुसा। इससे फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। महाराष्ट्र के नासिक में भारी बारिश से गोदावरी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इससे नदी किनारे के निचले इलाकों के घर-दुकानों में पानी घुस गया। मध्य प्रदेश के श्योपुर में खिरखिरी नदी उफान पर आ गई, जिससे करीब 20 गांवों का संपर्क टूट गया। बिहार के गयाजी में बारिश के बाद फल्गु नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे 20 लोग फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों ने 18 लोगों का रेस्क्यू किया। 2 की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से सरगुजा के मैनी नदी में अचानक आई बाढ़ में मां-बेटे समेत चार लोग बह गए।

# ईरान से सुरक्षित लौटे सभी 94 छात्र वापस कश्मीर पहुंचे



**श्रीनगर।** युद्ध प्रभावित ईरान से लाए गए जम्मू-कश्मीर के सभी 94 छात्र सुरक्षित रूप से कश्मीर पहुंच गए हैं।

केन्द्र सरकार ने इजरायल-ईरान युद्ध के मद्देनजर ईरान से भारत लौटने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को वहां से स्वदेश लाने के लिए ऑपरेशन सिंधु चलाया है। इसके तहत 110 भारतीय छात्रों का पहला जत्था बुधवार रात दिल्ली लाया गया था, जिनमें जम्मू-कश्मीर के 94 छात्र शामिल थे। ये सभी छात्र उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे थे और उन्हें आर्मेनिया और दोहा के रास्ते निकाला गया। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन (जेकेएसए) के अनुसार, कुछ छात्र गुरुवार को ही कश्मीर पहुंच गए थे, जबकि बाकी छात्र जो दिल्ली से डीलक्स बसों में रवाना हुए थे वे शुक्रवार सुबह घाटी पहुंच गए। एसोसिएशन ने कहा कि हम विदेश मंत्रालय और उन सभी का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने छात्रों की सुरक्षित और समय पर वापसी सुनिश्चित की। यह उनके परिजनों के लिए बहुत बड़ी राहत है। छात्रों ने भी केन्द्र सरकार को सुरक्षित निकासी, निःशुल्क ठहरने और यात्रा सुविधाओं के लिए धन्यवाद दिया। छात्रों ने दिल्ली में पहले शिकायत की थी कि दिल्ली से श्रीनगर तक जाने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। मेडिकल छात्रा सबा रसूल ने श्रीनगर में कहा कि ईरान से चार दिन की लंबी यात्रा के बाद हम बेहद थक चुके थे। जब दिल्ली में बसें देखीं तो बहुत निराशा हुई।

### भारतीय तटरक्षक बल ने पांच घुसपैठियों को पकड़ा

**विशाखापत्तनम।** भारतीय तटरक्षक बल ने आंध्र प्रदेश में एक जहाज में अवैध रूप से सवार होकर घुसपैठ करने वाले पांच लोगों को काकीनाड़ा तट से गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने शुक्रवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि घुसपैठिए कथित तौर पर मछली पकड़ने वाली नाव से आए थे और काकीनाडा के पास वकालपुडी लाइट हाउस से करीब 2.5 समुद्री मील दूर सहायक जहाज एमवी जीएच पाथफाइंडर में घुस गए थे। उन्होंने बताया कि जहाज के नाविकों ने काकीनाडा स्थित तटरक्षक स्टेशन से सहायता मांगने के लिए एक संदेश भेजा। स्टेशन ने अपनी नियमित गश्ती इंटरसेप्टर नाव आईसीजीएस सी-438 को जहाज की ओर भेज दिया। यह नाव काकीनाडा बंदरगाह से करीब 16 समुद्री मील दूर नियमित गश्ती मिशन पर थी। भारतीय तटरक्षक बल को आते देख घुसपैठियों ने अपनी मछली पकड़ने वाली नाव से भागने की कोशिश की, लेकिन आईसीजीएस सी-438 टीम ने उन्हें पकड़ लिया।

# विमानों की सुरक्षा को मौजूदा बजट नाकाफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के बाद संसदीय समिति की तरफ से पेश की गई एक रिपोर्ट चर्चा में आ गई है। मार्च में राज्यसभा में पेश की गई इस रिपोर्ट में बताया गया था कि विमान हादसों की जांच और एविएशन सुरक्षा के लिए फंडिंग में गड़बड़ियां हैं।

टूरिज्म, ट्रांसपोर्ट और कल्चर मिनिस्ट्री की संसदीय स्थायी कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है, लेकिन सिक्योरिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर और विमान हादसों की जांच के लिए सिर्फ 35 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया गया है, जो काफी नहीं है। टूरिज्म, ट्रांसपोर्ट और कल्चर मिनिस्ट्री की संसदीय स्थायी कमेटी की रिपोर्ट मार्च में राज्यसभा में पेश की गई थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए), एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) को जो बजट मिल रहा है वो बहुत कम है और उसके आवंटन में भी खामियां हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जहां डीजीसीए को 30 करोड़ रुपये दिए गए, वहीं एएआईबी को सिर्फ 20 करोड़ रुपये और बीसीएएस को केवल 15 करोड़ रुपये मिले। समिति ने यह भी कहा कि भारत में एयरपोर्ट्स और यात्रियों की संख्या में तेजी से हो रहे इजाफे को देखते हुए एएआईबी और बीसीएएस को ज्यादा बजट दिया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया, वित्त वर्ष 2025-26 के बजट खर्च में प्रमुख एविएशन एजेंसियों के बीच फंड बांटे जाने में फर्क साफ नजर आता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एविएशन नियमों के अनुपालन और एयरलाइन्स की निगरानी की जिम्मेदारी वाले डीजीसीए को कुल बजट का लगभग आधा हिस्सा यानी 30 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

**संसदीय समिति की रिपोर्ट: हादसों की जांच और सिक्योरिटी एजेंसी को सालभर में सिर्फ 35 करोड़ मिले**

### एयर इंडिया की नौ फ्लाइट्स कैंसिल

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने शुक्रवार को 9 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें 4 इंटरनेशनल और 5 डोमेस्टिक हैं। एयर इंडिया ने बताया कि एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस और ऑपरेशनल वजहों से इन उड़ानों को रद्द किया गया है। डोमेस्टिक फ्लाइट्स में पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट एआई 874, अहमदाबाद से दिल्ली की फ्लाइट एआई 456, हैदराबाद से मुंबई की फ्लाइट एआई 2872 और चेन्नई से मुंबई की फ्लाइट एआई 571 कैंसिल हुई हैं। वहीं, इंटरनेशनल फ्लाइट्स में दुबई से चेन्नई आ रही फ्लाइट एआई 906, दिल्ली से मेलबर्न जा रही फ्लाइट एआई 308, मेलबर्न से दिल्ली आ रही फ्लाइट एआई 309 और दुबई से हैदराबाद आ रही फ्लाइट एआई 2204 शामिल हैं।

# ईडी ने बंगाल व दिल्ली में बैंक खाते और दस्तावेज किए जब्त

**कोलकाता, वार्ता**

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने कथित ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी की जांच करते हुए पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तलाशी अभियान चलाकर 12 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए।

ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी से संबंधित धन शोधन जांच के मामले में पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली में कम से कम सात स्थानों पर छापेमारी की, जहां भोले-भाले निवेशकों को उच्च रिटर्न के झूठे वादों के साथ पैसा निवेश करने के लिए गुमराह किया गया। तलाशी के दौरान, इन गतिविधियों से जुड़े लगभग 203 बैंक खातों को बंद कर दिया गया और 12 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी के एक बयान में कहा कि वह बैंकों के सभी बंद खातों में शेष राशि का पता लगा रही है। अब तक बंद किए गए 147 बैंक खातों में 4.5 करोड़ रुपये राशि जमा हैं।

**ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई**

# भाकियू लोकशक्ति ने उठाए किसानों के मुद्दे

## गन्ना समिति परिसर में मासिक पंचायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू लोकशक्ति की पंचायत में किसानों के मुद्दे उठाए गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गन्ना समिति कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में एकत्र हुए। मासिक पंचायत में बकाया गन्ना मूल्य भुगतान, बिजली की समस्या, सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध न होने व आदमखोर गुलदारों से मुक्ति सहित किसानों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने बताया कि किसानों व मजदूरों की स्थिति सही नहीं है। आदमखोर गुलदार अपने हमलों में 100 से अधिक को घायल कर चुके है। जबकि लगभग चार दर्जनों से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार चुके हैं। लेकिन शासन व प्रशासन के पास इन मौतों को रोकने के पुख्ता इंतजाम नहीं है। सरकारों द्वारा भी किसानों को कोई राहत नहीं दी जाती है। अगर किसान आदमखोर गुलदार को पकड़ लेते है, तो उल्टा उनके खिलाफ मुकदमा लिख दिया जाता है। जबकि गुलदार का शिकार बनने वाले नागरिकों को समय पर उचित मुआवजा नहीं मिल पाता है। सरकारों द्वारा किसानों को न तो उनकी फसलों का उचित दाम दिलाया जाता है और न ही समय से गन्ना मूल्य भुगतान मिल रहा है। किसान परेशान है। सरकारों द्वारा किसानों के कर्ज की ब्याज दरों में बढोत्तरी करके कर्ज के बोझ तले दबाने का काम किया जा रहा है। सरकार की किसान विरोधी नीतियों की वजह से गुस्सा भड़क रहा है। शीघ्र ही किसानों की मांगों को लेकर जिले में एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

पंचायत में किसानों के बीच पहुंचे नायब तहसीलदार राजकुमार को जिलाध्यक्ष चौधरी वीर सिंह सहरावत ने किसानों की विभिन्न प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया और मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि सभी शुगर मिलों से किसानों के गन्ने का बकाया भुगतान अविलंब कराया जाए। जिले में व्याप्त आदमखोर गुलदारों के आंतक से मुक्ति दिलायी जाए और गुलदार के हमले में जान गंवाने वालों के परिजनों को 50 लाख रूपये और घायलों को 20 लाख रुपये का मुआवजा दिलाया जाए। गन्ने की खेती में लगने वाली लागत को ध्यान में रखते हुए आगामी पिराई सत्र 2025-26 में गन्ने का भाव 500 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया जाए। जब सरकार द्वारा नलकूपों की बिजली फ्री कर दी गयी है, तो उसके बाद किसानों के नलकूपों पर मीटर क्यों लगाए जा रहे हैं। नलकूपों पर लगाए जा रहे मीटरों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। सहकारी समितियों में ब्याज की दर में बढोत्तरी से किसान पर कर्ज का बोझ बढ़ेगा। किसान हित में इस फैसले को वापस लेकर पुरानी दरों को ही लागू किया जाए।

एमएसपी पर गारंटी कानून व किसान हित में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए। खेतों में खड़ी फसलों को आवारा पशुओं से सुरक्षा हेतु बीएसएफ की तर्ज पर एग्रीकल्चर सिक्योरिटी फोर्स का गठन किया जाए। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार भी मिलेगा और फसलों की सुरक्षा भी हो जाएगी। किसानों को 24 घंटे फ्री निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाए। 60 वर्ष से ऊपर के किसानों व मजदूरों को जीवन यापन हेतु दस हजार रुपए मासिक पेंशन दी जाए। किसानों पर बैंकों के सम्पूर्ण कर्ज को माफ किया जाए। सभी टोल प्लाजा पर किसानों को फ्री आने-जाने की सुविधा प्रदान की जाए। फसलों की सिंचाई के लिए नहर व रजवाहों के टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। खादर क्षेत्र में बालावाली से रावली तक गंगा कटान को रोकने के लिए पक्के तटबंध का निर्माण किया जाए। स्कूलों में बच्चों की फीस व ड्रेस सहित किताबों आदि की दर पर लगाम लगाई जाए। जिले में अवैध मिट्टी खनन को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए। ग्रामों में डेंगू, मलेरिया जैसे रोगों की रोकथाम के लिए मच्छर मारने का छिड़काव कराया जाए।

मासिक पंचायत में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव चौधरी पदम सिंह, जग्गन अली, चौधरी सतवीर सिंह, चौधरी भूपेंद्र सिंह, चौधरी देवेंद्र सिंह, रामबहादुर सिंह गहलौत, योगेंद्र सिंह काकरान, गौरव चौधरी, मनोज कुमार, रामकुमार सिंह, डॉ. अरूण कुमार, मूला सिंह, नरेश नेता, सुखवीर सिंह, प्रदीप राणा, अमित राजपूत, राम अवतार राजपूत, देवेन्द्र शर्मा, नौबहार सिंह, अजयपाल सिंह, सरदार जरनैल सिंह, नरेश कुमार, मुव्वशीर बेग, अकरम अली, मूला सिंह, राहुल कुमार, हुकुम, विनीत मास्टर, शहाबुद्दीन अहमद, नईम, सचिन, फुरकान अली, अंकित राठी, अमर सिंह, सामत रजा, महिला जिलाध्यक्ष मोनिका चौधरी, मधु कुमारी आदि सहित बड़ी संख्या में भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सप्लाई इंस्पेक्टर को दी भावभीनी विदाई



## जनपद बरेली के लिए स्थानांतरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद तहसील में कार्यरत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आपूर्ति निरीक्षक अमित कुमार का नजीबाबाद में लंबा कार्यकाल रहा। उत्तर प्रदेश सरकार के स्थानांतरण आदेश पर उनका स्थानांतरण आपूर्ति निरीक्षक के रूप में जनपद बरेली में हुआ है। उनके स्थानांतरण होने पर नजीबाबाद क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक व्यक्तियों एवं राशन डीलर संघ नजीबाबाद ने उन्हें अग्रिम कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यकाल में शासन की मंशा के अनुरूप किए गए कार्यों की सराहना की।

ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि अमित कुमार का व्यवहार आपूर्ति कार्यालय में आने वाले व्यक्तियों, उपभोक्ताओं, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए बहुत अच्छा रहा, उनके कार्यकाल को नजीबाबाद में याद किया जाता रहेगा। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश निर्वाल ने कहा कि सरकारी सेवा में रहते हुए भी अमित कुमार ने जो अच्छा व्यवहार यहां जनता के साथ किया है, वह सदा सदा याद किया जाएगा।

उन्होंने सभी सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों से अमित कुमार से प्रेरणा लेने की आवश्यकता पर बल दिया। चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल तक पहुंचने में अमित कुमार का विशेष योगदान रहा है। कई बार उन्होंने व्यक्तिगत प्रयासों से भी यहां कार्यालय में आने वाले निर्धन व्यक्तियों की सेवा की है। साथ ही अनेक पर्व एवं त्योहार पर शिविर लगाकर शिव भक्तों की सेवा के कार्य किए हैं।

विदाई समारोह में जिला आपूर्ति कार्यालय से एआरओ, आपूर्ति निरीक्षक किरतपुर विनीत कुमार, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा मोनिका रुस्तम यादव, चौधरी ईशम सिंह, राशन डीलर संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश दाहिया, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज राठी, नगर अध्यक्ष सुनील कुमार टॉक, रुस्तम यादव, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, वरुण आत्रेय, शाकिर हुसैन, अल्तमश, परविंदर सिंह, गजेंद्र सिंह राठी, सुनील खाई खेड़ी, राष्ट्रीय लोक दल के जिला महासचिव चौधरी विजयपाल सिंह राठी, नरेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, जुगनेश कुमार, डॉ. रितेश सेन, सचिन राठी, एडवोकेट जितेंद्र सिंह, एड संदीप कुमार, दिलावर सिंह, शहजाद अंसारी, शेर सिंह, आकाश कुमार, ओंकार सिंह, शादाब अहमद, कपिल कुमार, देवेन्द्र राजपूत, दिनेश कुमार, पारुल राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के आयोजक/संयोजक मनोज राठी ने सभी आगंत. ुक अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए नजीबाबाद की ओर से एक प्रतीक चिन्ह देकर आपूर्ति निरीक्षक अमित कुमार का स्वागत किया।

# अमृत सरोवर के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण

## मानक के अनुसार सामग्री लगाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जिला अधिकारी के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी ने नगर में चल रहे विकास कार्यों के दिए गए निर्देश के तहत शुक्रवार को झील पार्क में हो रहे है तालाब के सौंदर्यकरण, मोहल्ला धर्मशाला में बन रही सीसी रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान झील पार्क में कार्य बंद मिला मोहल्ला धर्मशाला में ठेकेदार द्वारा लगाई गई नाली में निम्न श्रेणी की ईट लगाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए भविष्य में निर्माण कार्य में इस तरीके की ईट न लगाने के निर्देश दिए।

जिला अधिकारी बिजनौर के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी ओम गिरी द्वारा झील पार्क में बन रहे अमृत सरोवर तालाब के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य बंद मिला जिस पर नारा. जगी प्रकट करते हुए संबंधित एजेंसी ठेकेदार को मामले से अवगत करा कर शीघ्र ही कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

साथ ही मोहल्ला धर्मशाला में सोनू के मकान से उमेश के मकान तक बनाई जा रही **12** लाख **25** हजार रुपए की लागत से बनाए जा रही सीसी रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार द्वारा बनाई गई नाली ईट की क्वालिटी बढ़िया ना होने के कारण नाराजगी प्रकट की। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की ईट ना लगाने के निर्देश दिए तथा सड़क के निर्माण मानक के अनुसार सामग्री लगाने के निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी ओमगिरि ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान झील पार्क पर हो रहे तालाब के निर्माण कार्य में कार्य बंद मिलने पर संबंधित एजेंसी ठेकेदार को मामले से अवगत करा कर शीघ्र ही कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मोहल्ला धर्मशाला में लगाई गई ईट के बारे में अवगत कराकर भुगतान न देने के निर्देश दिए गए हैं तथा सड़क के निर्माण कार्य में मानक के अनुसार सामग्री लगाने के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई किए जाने की बात कही।

# राशन डीलर के चयन की प्रक्रिया अब 7 जुलाई को

**नहटौर।** ग्राम सहानपुर नवादा मे राशन डीलर गुड्डी देवी पत्नी राजेंद्र सिंह के खिलाफ ग्रामीणों द्वारा खाद्यान्न ना देने की शिकायत के मामले में विभाग द्वारा की गई जांच में पूर्ति अधिकारी धर्मेंद्र वर्मा ने गुड्डी देवी पत्नी राजेंद्र सिंह व उसके पुत्र नितिन कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया था। साथ ही इस मामले में नए राशन डीलर के चयन के लिए **20** जून को नए राशन डीलर के चयन की तारीख घोषित की गई थी, जिसके सापेक्ष में शुक्रवार को एडीओ पंचायत मनोज कुमार, ग्राम विकास अधिकारी दीप अमर राही व अन्य ब्लॉक की टीम गांव पहुंची। आयोजित खुली बैठक में ग्राम प्रधान के न पहुंचने के कारण बैठक आगामी **7** जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी गई है। ग्राम विकास अधिकारी दीप अमर राही ने बताया कि ग्राम प्रधान अजीजुद्दीन अहमद बाहर होने के कारण बैठक की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी, जिसके तहत आगामी **7** जुलाई को बैठक पुन: आयोजित करके राशन डीलर का चयन किया जाएगा।

# शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने किया पैदल गश्त

## फुलसंदा आश्रम में व्यवस्थाओं को देखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** आगामी मोहर्रम, महाशिवरात्रि कांवड़ यात्रा, गुरु पूर्णिमा को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए शुक्रवार को सीओ धामपुर ने नगर में पैदल गश्त किया। गश्त के दौरान मोहर्रम के जुलूसों के मार्गों का निरीक्षण किया। इसके अलावा क्षेत्र से निकलने वाली कांवड़ यात्रा तथा फुलसन्दा स्थित आश्रम में पहुंचकर गुरु पूर्णिमा की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

क्षेत्र में आगामी तिथियों में मनाए जाने वाले मोहर्रम, कांवड़ यात्रा, गुरु पूर्णिमा को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे ने नहटौर कोतवाली पहुंचकर मनाया जाने वाले पर्वो के बारे में जानकारी ली तथा नगर में निकलने वाले मोहर्रम के जुलूस के मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही इसके अलावा नहटौर-कोतवाली मार्ग, नहटौर-पैजानिया मार्ग से निकलने वाली कांवड़ यात्रा का भी स्थलीय निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान बैरिकेडिंग लगाने तथा मार्गों पर अतिक्रमण न होने तथा कांवड़ यात्रा के दौरान मीट की दुकान पूर्ण तरह से बंद करना तथा अन्य कार्यों के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर फुलसंदा आश्रम में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर सीओ धामपुर द्वारा व्यवस्थाओं को देखा गया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर नहटौर पुलिस का आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे, नहटौर थानाध्यक्ष धीरज नागर के साथ कोतवाली रोड स्थित फुलसंदा आश्रम में पहुंचे। जहां पर उन्होंने गुरु पूर्णिमा पर्व को लेकर प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। आश्रम प्रति. निधि के रूप में अग्नि देवता ने आश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को लेकर उन्होंने पूर्व में की गई व्यवस्थाओं के बारे में भी बताया।

# योग से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एम.एम. इंटर कॉलेज नगीना में शुक्रवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य' के लिए कार्यक्रम अधिकारी रामकुमार सिंह गौतम के नेतृत्व में योग कार्यक्रम सप्ताह आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत बताया गया कि महिला सशक्तिकरण के लिए योग एक महत्वपूर्ण उपकरण है।

यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुधार करता है बल्कि मानसिक, भावनात्मक व कलात्मक शक्ति को भी बढ़ावा देता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर, वरिष्ठ लिपिक आरुज व अरशद ने महिला सशक्तिकरण के विषय में विस्तार से बताया जिसमें शहजाद अहमद स्काउट प्रभारी ने योग के विषय में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में स्टाफ आदि का सहयोग रहा।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## समस्याओं के निराकरण की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश व आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका कर्मचारी संगठन बिजनौर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की विभिन्न मांगों/समस्याओं के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी जसजीत कौर को दिया।

शुक्रवार को संघ के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश कुमार पांडे के निर्देशानुसार मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष वेत्रलता शर्मा तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका कर्मचारी एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वरी राठी, महामंत्री निशा शर्मा, जिला अध्यक्ष शीला देवी, बबीता शर्मा, संतोष चौधरी, गजाला परवीन आदि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने अपना पांच सूत्रीय मांग पत्र जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा। मांग पत्र में कहा गया है कि पोषण ट्रैकर और नया फेस रेकग्रिशन का काम बंधुआ मजदूर की तरह लिया जा रहा है, लेकिन विभाग द्वारा रिचार्ज नहीं कराया जाता, अपने अल्पतम मानदेय में से इन्हें सरकारी मोबाइल रिचार्ज कराना पड़ता है। फेस रेकग्रिशन फौरी प्रक्रिया नहीं है। परिवार को निर्णय लेना पड़ता है परिवार में से किसका फेस लिया जाए, क्योंकि राशन उस व्यक्ति को मिलेगा, इसके अलावा इसे आधार से लिंक किया जा रहा है। जबकि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा जा चुका है, मात्र आधार न होने से किसी को सरकारी योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त **2018** में कार्बन के दिए सभी मोबाइल एक्सपायर हो चुके हैं। आंगनबाड़ी को अपने जेब से स्मार्टफोन खरीद कर सरकारी ऐप डाउनलोड करके सारा काम करना पड़ रहा है। जो आंगनबाड़ी के साथ अन्याय है। हॉट कुक्ड बनाने के लिए गैस सिलेंडर भरने का कोई पैसा न देते हुए नौनिहालों के हित में मांगने पर निकालने और डराने का प्रयास किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह द्वारा समय से राशन नहीं देने और कम करके देने पर उनका उत्तरदायित्व निर्धारित नहीं किया जाता है और न ही विभाग के अधिकारियों को कोई अधिकार मिला है कि कोई कार्रवाई करें। कार्यवाही आंगनबाड़ी के हिस्से में और बजट एसएचजी और प्रधान के हिस्से में है। इस प्रकार आंगनबाड़ी की स्थिति और फेस रेकग्रिशन के अनुचित दबाव और कार्य के कारण कार्यकत्रियों और सहायिकाओं में तीव्र आक्रोश है। हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश के बाद भी रिटायरमेंट पर ग्रेच्युटी नहीं दी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा आंगनबाड़ी को सरकार का अभिन्न अंग बताने के बाद भी इन्हें मिनिमम वेतन के दायरे में नहीं लाया गया है। विभाग द्वारा समस्याओं के निदान हेतु संघ से वार्ता करना **5** साल से बंद है। इस कारण भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में आक्रोश बढ़ रहा है। विभिन्न जनपदों में **10** वर्ष से अधिक समय से तैनात मुख्य सेविकाओं, प्रधान लिपिक एवं लिपिक के स्थानांतरण अन्य जनपदों के लिए किए जाने चाहिए, जो विभागीय नियमों एवं जनहित में हैं।

उक्त मांगो को लेकर माननीय मुख्यमंत्री जी से आशा व्यक्त की गई है कि महिला विभाग की सभी आंगनबाड़ियों एवं सहायिकाओं की मांगों का अति शीघ्र निराकरण कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में मृदुला, सलोनी, सोनम, रिंकी रानी, सरोज शर्मा, सुनीता देवी, पूजा शर्मा, मधु शर्मा, पूजा रानी आदि शामिल रहीं।

# गीदड़ से टकराकर बाइक सवार घायल



**किरतपुर।** अनुज ठाकुर पुत्र राकेश निवासी ग्राम छितावर, शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे किरतपुर से दुकान का सामान लेकर अपने गांव लौट रहा था। जब वह हुसैनपुर सुलतान की पुलिया के पास पहुंचा, तो अचानक सड़क पार कर रहे एक गीदड़ से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर लगने से अनुज सड़क पर गिर पड़ा और घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिवार वाले मौके पर पहुंचे और उन्हें उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरतपुर ले जाया गया। डॉ. प्रमोद देशवाल ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को घर भेज दिया।

# फिरोजाबाद में हत्या और लूट का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**75 हजार का इनाम था, राजू खान के ऊपर कई मुकदमे भी दर्ज थे**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद क्षेत्र में शुक्रवार भोर पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के बाद हत्या और लूट के आरोपी को मार गिराया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस को आज तड़केहत्या लूट के वांछित अपराधी राजू खान के क्षेत्र में होने की सूचना मुखबिर से मिली थी, जिस पर थाना पुलिस एसओजी और सर्विस लॉन्स टीम ने सीओ प्रवीन तिवारी और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण त्रिगुण विसेन के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए बदमाश की घेराबंदी की और नोवा फैक्ट्री के पास बदमाश को आत्म समर्पण के लिए कहा गया मगर बदमाश ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस टीम द्वारा आत्म रक्षार्थ जवाबी कार्रवाई कर फायरिंग की गई जिसमें बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान मौत हो गई है। राजू खान मूल रूप से रामगढ़ के रैपुरा का निवासी है, जो हाल में शाहगंज आगरा में रह रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने संबंधित मामले मे राजू खान की उपचार के दौरान मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि बदमाश राजू खान पर पांच मार्च को शिकोहाबाद के बंसी नगर में मुन्ना लाल यादव और उनकी पत्नी मिथलेश यादव की हत्या कर लूट का आरोप है।

इसके अलावा 15 जून को गांव मलखानपुर में एक वृद्ध महिला श्रीमती सूरजमुखी की घर के वाहर सोते समय लूटपाट कर हत्या का प्रयासकर गम्भीर रूप से घायल किया गया। राजू वृद्ध लोगों को अपना शिकार बनाता था, जो हाल में आगरा रह रहा था। आगरा से आकर वारदात को अंजाम देता था। दो सौ सीसीटीवी फुटेज केमरों की निगरानी के बाद उसे चिन्हित किया गया। राजू खान की गिरफ्तारी के लिए उप महा निरीक्षक आगरा परीक्षित द्वारा 50 हजार का तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था। बदमाश राजू खान के उपर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिसके पास से अवैध पिस्तौल भारी मात्रा में जिंदा कारतूस और खाली खोखा भी बरामद किए गए हैं।

# रमण ने संभाला पीएफआरडी अध्यक्ष का पदभार

**नई दिल्ली, वार्ता**



शिवसुब्रमण्यम रमण ने शुक्रवार को पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार रमण को भारत सरकार द्वारा 8 अप्रैल, 2025 की अधिसूचना के तहत पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक या अगले आदेशों तक (जो भी पहले हो) के लिए नियुक्त किया गया है। रमन 1991 बैच के भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा (आईए एंड एएस) अधिकारी हैं। पीएफआरडीए में आने से पहले उन्होंने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय में उप नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में कार्य किया। उन्होंने पहले भी नेतृत्व के कई पदों पर कार्य किया है, जिसमें भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (एसआईडीबीआई) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा लिमिटेड (एनईसीएल) के प्रबंध निद. शक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और झारखंड राज्य के प्रधान महालेखाकार शामिल हैं। उन्होंने वर्ष 2006 से 2013 तक मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) और फिर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) में कार्यकारी निदेशक के रूप में भी कार्य किया। श्री रमन के पास अर्थशास्त्र में स्नातक की डिग्री और दिल्ली विश्व. विद्यालय से एमबीए की डिग्री है। उनके पास कई पेशेवर और शैक्षणिक योग्यताएं भी हैं। इनमें लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस से वित्तीय विनियमन में एमएससी, एलएलबी, इंडियन स्कूल ऑफ़ बिज़नेस से चीफ डिजिटल ऑफिसर सर्टिफिकेशन, इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंटरनल ऑडिटर्स (आईआईए), फ़्लोरिडा से प्रमाणित आंतरिक लेखा परीक्षक क्रेडेंशियल और सिक्योरिटीज़ लॉ में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा शामिल हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हादसे में बुझ गए दो चिराग

## होटल पर खाने का शौक बना मौत का सबब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नेशनल हाईवे पर बना होटल हादसों को दावत दे रहा है। अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। मुस्लिम समाज में होटलों पर दावत खाने का बढ़ता फैशन युवाओं की जान ले रहा है। ऐसे ही एक दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के दो चिराग बुझ गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका निवासी फहीम (21 वर्ष) व फरमान (19 वर्ष) पुत्र स्व. मौहम्मद शाकिर अपने भतीजे अली (छह वर्ष) पुत्र शाहरुख मलिक व अपने मामा के लड़के अलफैज पुत्र ताहिर मलिक निवासी ढक्का कर्मचंद (धामपुर) के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर उद्योवाला क्रॉसिंग पर स्थित नेशनल हाईवे के बीच में बने रेस्टोरेंट पर बीती रात्रि लगभग नौ बजे खाना खाकर घर लौट रहे थे। नेशनल हाईवे क्रॉसिंग को पार करते समय धामपुर की ओर से तीव्र गति से काशीपुर जा रही उत्तराखंड रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा दोनों बालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने आनन-फानन चारों को सीएचसी में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने फहीम व फरमान को मृत घोषित कर दिया तथा दोनों बाल. कों की गंभीर अवस्था देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया। अली (छह वर्ष) को मेरठ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, यहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

उधर मृतक युवकों की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि फहीम, फरमान, अलफैज व अली मोटरसाइकिल से उद्योवाला स्थित रेस्टोरेंट पर खाना खाकर घर लौट रहे थे। धामपुर की ओर से आ रही उत्तराखंड रोडवेज की बस संख्या यूके 07 पीए 4127 के चालक ने लापरवाही करते हुए टक्कर मार दी। जिससे फहीम व फरमान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा दोनों बालक गंभीर रूप से घायल हो गए। बस चालक घटना को अंजाम देकर बस लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने धर्मपुर स्थित उत्तराखंड सीमा पर बस को रोककर अपने कब्जे में ले लिया तथा रात्रि में ही पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर जहां परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में शौक की लहर है।

उधर दोनों भाइयों के शव पीएम के बाद ग्राम में पहुंचते ही कोहराम मच गया। आज उन्हें गमगीन माहौल में सुपुर्दे खाक कर दिया गया। मृतक दोनों भाई पांच भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे थे।








### होटलों पर खाने का शौक पड़ रहा महंगा

**बिजनौर।** होटलों पर खाना खाने का चलन मुस्लिमों में ज्यादा बढ़ गया है। मुस्लिम समाज के युवक होटलों पर खाना खाना अपनी शान समझते है। वह परिवार की महिलाओं से खाना नहीं बनवाते है और होटलों पर जाकर दावत उड़ाते है। पूर्व में नगीना के एक पूंजीपति परिवार का युवक भी नींदडू के होटल से खाना खाकर लौटने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। इस तरह के हादसों की संख्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। न तो युवक सुधर रहे है और न ही उनके अभिभावक सुधारने की कोशिश कर रहे है। होटल मालिक मालामाल हो रहे है। जगह-जगह चिकन के होटल खुल रहे है। यहां पर न तो सफाई का ख्याल रखा जाता है और न ही ग्राहकों के स्वास्थ्य की कोई चिंता है।

# आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं

### जुलाई के प्रथम सप्ताह में होगा आंदोलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ ने जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आउसोर्सिंग कर्मचारियों को चार माह से वेतन ना मिलने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र वेतन दिलाने की मांग की है। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलकर चेतावनी दी यदि शीघ्र वेतन नहीं मिला तो जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दिया जाएगा।

माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंशुल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनुराग भारद्वाज व राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में अउटसोर्सिंग कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल आज जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर जय करन यादव से मिला और जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत आउसोर्सिंग कर्मचारियों को चार माह से वेतन ना मिलने पर गहरी नाराजगी जाहिर कर शीघ्र वेतन दिलाने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर से जनपद में कार्यरत आउसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन के लिए शासन से अग्रिम अनुदान की मांग करने व प्रत्येक माह नियमित वेतन सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी यदि शीघ्र वेतन का भुगतान ना किया गया तो जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय बिजनौर पर धरना दिया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर ने बताया आउसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन के लिए विभाग से अलग से अनुदान की व्यवस्था नहीं है, विभाग को प्राप्त नियमित अनुदान से ही आउसोर्सिंग कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जाता है। लेकिन कार्यालय से लगातार वेतन अनुदान की मांग विभाग से की जाती है। आउसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन की समस्या से विभाग को अवगत कराया जा रहा है।

प्रतिनिधिमंडल में सतेन्द्र कुमार, अरशद अली, कोमल सिंह, कपिल कुमार, अभय, रजनीश व अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### किसानों की समस्याएं उठाई



**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह एवं युवा जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी अपनी टीम के साथ धामपुर चीनी मिल के जनरल मैनेजर ओमवीर सिंह से किसानों की समस्याओं को लेकर मिले। उन्होंने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य समस्या किसानों के गन्ने के खेतों का ग्राम वाइस निरीक्षण का मुद्दा उठाया गया। ज्ञापन में कहा गया कि दवाइयां किसानों को सस्ते दामों पर उपलब्ध कराई जाए। गन्ना बुवाई के लिए यूरिया एवं डीएपी की व्यवस्था की जाए। जिन किसानों के बच्चों ने आईटीआई की है, उनको मिल में नौकरी प्रदान की जाए। इस मौके पर सुभाष सिंह, सूरज सिंह, राजेंद्र सिंह एवं हरपाल सिंह मौजूद रहे।

### ससुरालियों पर मारपीट का आरोप

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर आबाद की निवासी नगमा पत्नी मौहम्मद कादिर ने कोतवाली में तहरीर देकर पति और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने बताया कि उसका विवाह लगभग 12 वर्ष पूर्व मौहम्मद कादिर पुत्र मौहम्मद साबिर से हुआ था। शादी के बाद से ही उसे पति, सास फातमा, ससुर मौहम्मद साबिर और देवरानी सायमा द्वारा लगातार शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ रही है। पीड़िता का आरोप है कि जब भी वह प्रताड़ना का विरोध करती, तो उसे जान से मारने की धमकियां दी जातीं। 15 जून की रात करीब दस बजे उसके पति ने उसे बुरी तरह मारा-पीटा। जिससे उसकी कमर और आंखों के पास चोटें आईं। इसके बाद आरोपी पति उसे घायल अवस्था में छोड़कर गुरुग्राम (हरियाणा) भाग गया। महिला का कहना है कि पति के जाने के बाद सास, ससुर और देवरानी ने भी उसे घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कहा कि सभी आरोपी दबंग और झगड़ालू किस्म के लोग हैं। जिनसे उसे जान-माल और इज्जत का खतरा बना हुआ है। प्रार्थिनी ने कोतवाली प्रभारी से मांग की है कि मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सड़क किनारे घायल मिला गोवंश



**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम आलमपुर में एक गौवंश गंभीर रूप से घायल अवस्था में सड़क किनारे तड़पता हुआ मिला। ग्रामीणों के अनुसार गौवंश कई घंटों से तड़प रहा है। लेकिन अब तक न तो कोई प्रशासनिक अधिकारी और न ही पशु विभाग का कर्मचारी मौके पर पहुंचा। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागों को जानकारी देने की कोशिश की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। घायल गौवंश की सुध लेने वाला कोई नहीं है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि घायल पशुओं के इलाज की समुचित व्यवस्था की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो।

### पत्रकार शब्बू के इंतकाल पर शोक व्याप्त

**अफजलगढ़।** स्योहारा के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुआलेह उर्फ शब्बू के इंतकाल पर स्थानीय पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुआलेह उर्फ शब्बू के अचानक इंतकाल पर मंडल भर के पत्रकारों में शोक व्याप्त है। डॉ. शब्बू स्योहारा प्रेस क्लब अध्यक्ष रियाजुलहक उर्फ प्रिंस के मामा थे। अफजलगढ़ के पत्रकारों ने शुक्रवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा में पत्रकारों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों ने कहा कि डॉ.शब्बू न केवल एक पत्रकार थे, बल्कि एक मजबूत स्तंभ थे। कई संस्थानों पर उनको उनकी ईमानदारी और सच्चाई के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर सलमान सैफी, सुनील सनी, सुनील धस्माना, अब्दुल बारी, शुऐब कुरैशी, अमानत हुसैन, वसीम अहमद, अर्जुन चौहान, आमिर पठान, साजिद अंसारी, इशरत अहमद आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

### तीन ग्राम पंचायतों का चयन

**नूरपुर।** ब्लॉक क्षेत्र की तीन ग्राम पंचायतों को अमृत सरोवर के लिए चिन्हित किया गया है। ब्लॉक क्षेत्र में 42 अमृत सरोवर पहले से बने हुए है। खण्ड विकास अधिकारी डॉ. दिनेश पाल शर्मा ने बताया कि अमृत सरोवर बनाने का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। ब्लॉक क्षेत्र में 42 अमृत सरोवर पहले से बने हुए है। ग्राम पंचायत पैजनिया, किरतपुर व हसनपुर बिल्लौच को अमृत सरोवर हेतु चिन्हित किया गया है। यहां शीघ्र ही काम शुरू हो जाएगा। सभी अमृत सरोवर के आसपास वृक्षारोपण किया जायेगा तथा ग्रामीणों के बैठने की भी व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पार्क भी बनाया जाएगा। तालाबों की गन्दगी की सफाई कराई जाएगी। जिन्होंने तालाबों पर कब्जा कर रखा है, उनसे कब्जा मुक्त कराया जाएगा। तालाबों का सुंदरीकरण किया जाएगा। ताजपुर के तालाबों को चिन्हित करा कर उन तालाबों को कब्जा मुक्त करा कर उनका भी सौंदरीकरण कराया जाएगा।

# नदी के तेज बहाव में बही दो कार

### युवकों ने कूद कर बचाई जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के मौजा विजयपुर के जंगल में दिल्ली और नगीना से घूमने आए युवाओं की दो कार नदी के पानी के तेज बहाव में बह गई। कार में सवार छह युवाओं ने बामुश्किल कूदकर जान बचाई।

दिल्ली के ओखला निवासी आरिफ और रजान बुधवार को नगीना में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शादी समारोह समाप्त होने पर दोनों युवा नगीना निवासी चार युवा दोस्तों के साथ शाम के समय दो कार से बढ़ापुर-कोटद्वार मार्ग पर पड़ने वाले मौजा विजयपुर के जंगल में घूमने जा रहे थे जैसे ही दोनों कार को जंगल के पाखरो नदी में उतारा तो नदी में तेज रफ्तार से पानी आ गया और दोनों कार पानी के तेज बहाव में बहने लगी। सभी लोगों ने जैसे-तैसे कार से कूदकर जान बचाई। दोनों कार पानी के तेज बहाव में बह गई। सभी युवाओं ने रात जंगल में ही एक डेरे पर बिताई।

सुबह होने पर सभी लोग अन्य लोगों के साथ कार को तलाशने नदी में निकल पड़े। घटनास्थल से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर एक कार पानी के कुंड में और दूसरी पानी की धार में फंसी मिली। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से दोनों कार को बाहर निकाला। दोनों कार को ट्रैक्टर की मदद से नगीना ले जाया गया है।





# कई स्थानों पर बारिश से राहत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भीषण गर्मी एवं लड़खड़ाती विद्युत व्यवस्था के बीच आज सुबह जनपद में कई स्थानों पर बारिश हुई। जिससे राहत महसूस की गई है।

भीषण गर्मी की वजह से नागरिक परेशान है। डिमांड ज्यादा बढ़ने एवं लोड अधिक होने की वजह से विद्युत विभाग की व्यवस्था लड़खड़ा गई है। जगह-जगह ट्रांसफार्मर फुंक रहे है और तार टूटकर नीचे गिर रहे है। जिसकी वजह से उपभोक्ता परेशान है। एक जगह हुआ फाल्ट ठीक भी नहीं हो पाता है और दूसरी जगह फाल्ट हो जाता है। फाल्ट ठीक करने के नाम पर बार-बार शटडाउन लेने की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित होती है। बताया जा रहा है कि जब तक मानसून नहीं आएगा और विद्युत की डिमांड कम नहीं होगी, तब तक ऐसे ही हालात बने रहेंगे।

दूसरी तरफ आज जनपद में कई स्थानों पर मूसलाधार और कई जगह हल्की बारिश हुई। जिससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं हुई। आसमान में बादल इस तरह से मौजूद थे कि बारिश झमाझम होगी। फिर भी भीषण गर्मी में जो बारिश हुई है, वह राहत पहुंचाने लायक है। बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। हालांकि पूरे जनपद में बारिश नहीं हुई।

### नगरों में जल भराव, सफाई के नाम पर घोटाला

इधर प्री मानसून के बाद अब मानसून भी दस्तक देने वाला है। लेकिन नगर क्षेत्रों में अभी तक नालों व नालियों की तलछट सफाई नहीं हो पाई है। नगर क्षेत्रों में पानी निकासी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। सड़कों पर जल भराव हो जाता है। जिसकी वजह से घरों व दुकानों में पानी भर जाता है। जल भराव की वजह से नाले व गड्ढे दिखाई नहीं देते है और यह हादसों का सबब भी बन जाते है। जनपद में नालों की वजह से कई हादसे हो चुके हैं। नालों व नालियों की समय से सफाई न कराना खतरें की घंटी है।

वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा सफाई कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण भी नहीं किया जाता है। कई जगह तो नालों की सफाई के नाम पर खानापूर्ति भी कर दी जाती है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में जुटा गोविंदा मॉर्निंग क्लब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 21 जून को मनाए जाने वाले 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पूर्व नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में आज प्रातः 6:00 बजे से जिला प्रशासन, आयुष विभाग, क्रीड़ा भारती एवं गोविंदा मॉर्निंग क्लब के सहयोग से अभ्यास शिविर लगाया गया, जिसमें गोविंदा मॉर्निंग क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अभ्यास शिविर में योग दिवस के दिन प्रोटोकॉल के तहत किए जाने वाले सभी योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया गया। साथ ही जनपद की समस्त जनता से अपील की गई कि कल (आज) प्रातः 6:00 बजे स्टेडियम में होने वाले योग दिवस में अवश्य सम्मिलित हो और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

अभ्यास शिविर में कर्मचारी नेता राकेश शर्मा, एड. राजीव चौहान, डॉ. प्रमोद कुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश चौहान, सोरन सिंह परिहार, राकेश रस्तोगी, गणेश ठाकुर, वीरेंद्र कुमार वर्मा, राम मूर्ति गोतम, चरण सिंह, गणेश ठाकुर, कमलवीर आदि की उपस्थिति रही।



# राशिद व राहुल को बड़ी राहत

## आचार संहिता व लॉक डाउन के उल्लंघन में बाइज्जत बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लॉकडाउन के नियमों सहित चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपी पूर्व रालोद नेता राहुल चौधरी व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन को एसीजेएम द्वितीय नगीना असगर अली ने साक्ष्य के अभाव में शक का फायदा देते हुए बाइज्जत बरी कर दिया। जिससे उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वैसे भी प्रदेश सरकार ने लॉकडाउन उल्लंघन के सभी मामले वापस ले लिए थे।

गौरतलब है कि 2021 में जिला पंचायत के चुनाव चल रहे थे। उस दौरान लॉक डाउन भी लगा हुआ था। राहुल चौधरी उस समय राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष थे। बरूकी क्षेत्र से सपा समर्थित प्रत्याशी संयोगिता जिला पंचायत का चुनाव लड़ रही थीं। सपा जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन व रालोद के जिलाध्यक्ष राहुल संयोगिता का चुनाव प्रचार कर रहे थे। दोनों नेता अपने समर्थकों के साथ 18 अप्रैल 2021 को संयोगिता के समर्थन में बरूकी में प्रचार के लिए गए थे। ग्राम में वह तसलीम की बैठक में बैठे हुए थे और चुनाव पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान राजनीति विरोधियों ने पुलिस को सूचना दे दी थी। कोतवाली देहात थाने में तैनात दरोगा संदीप मलिक ने राहुल सिंह व राशिद हुसैन, शुएब, शानू, समीर व तसलीम के खिलाफ लॉकडाउन के नियमों व चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

इस मामले में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान तसलीम की मृत्यु हो गई थी। एसीजेएम द्वितीय नगीना असगर अली ने साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देकर राशिद हुसैन, राहुल चौधरी, शुऐब, शानू और समीर को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 126 के तहत दोषमुक्त कर दिया। जिससे उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सपाईयों का कहना है कि यह सच्चाई की जीत हुई है। राशिद हुसैन ने कोई गलती नहीं की थी। राहुल चौधरी वर्तमान में भाजपा में मौजूद है। जबकि राशिद हुसैन समाजवादी पार्टी में ही डटे हुए है।





### राशिद हुसैन सपा के पुराने व वफादार नेता

**बिजनौर।** झालू के पूर्व चेयरमैन राशिद हुसैन सपा के पुराने व वफादार नेता है। वह फर्जी मुकदमों से नहीं डरते है। साथ ही वह गठबंधन धर्म का भी पूरी ईमानदारी से पालन करते रहे है। वह न तो कभी किसी को धोखा देते है और न कभी किसी के साथ गद्दारी करते है। उनके द्वारा जिला पंचायत का चुनाव भी समर्थित प्रत्याशियों को पूरी ईमानदारी के साथ लड़ाया गया था। उन्होंने पूर्व में हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पद के दो चुनावों में भी अपनी वफादारी व ताकत का लोहा मनवाया था। साफ दिल के राशिद हुसैन के खिलाफ रची गई साजिशें कभी भी कामयाब नहीं हो पाई है।

# मंडावर में अवैध उगाही का खेल

## योगी राज में गुण्डे कर रहे खुलेआम गरीबों का शोषण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कस्बा मंडावर के साप्ताहिक बाजारों में अवैध उगाही का मामला सामने आया है, जिसने स्थानीय दुकानदारों और फड़ वालों में आक्रोश पैदा कर दिया है।



जानकारी के मुताबिक शनिवार और मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजारों से हर महीने करीब दो लाख रुपये की उगाही अवैध रूप से गुण्डागदी के बल पर की जा रही है। पहले यह राशि तथाकथित मुतवल्ली आसिफ अली द्वारा वसूली जाती थी। लेकिन अब कुछ लोगों ने एक ग्रुप बनाकर उगाही का जिम्मा अपने हाथों में ले लिया है। सूत्रों के अनुसार बीते शनिवार और मंगलवार के बाजारों में आसिफ अली द्वारा उगाही नहीं की गई। बल्कि इस नए ग्रुप ने लाठियों के जोर पर जबरन पैसा वसूला। यह भी पता चला है कि कस्बे में लगने वाले आगामी साप्ताहिक बाजार में भी यही लोग उगाही करेंगे। दावा किया जा रहा है कि यह पैसा मंडावर की मस्जिदों और मदरसों में लगाया जाएगा, लेकिन इसकी सत्यता पर सवाल उठ रहे हैं। उगाही का यह पैसा कथित तौर पर मंडावर के एक जिम्मेदार के पास जमा किया जा रहा है। गरीब दुकानदारों का शोषण हफ्ता बाजार में दुकान और फड़ लगाने वाले अधिकतर लोग गरीब परिवारों से हैं, जिनमें राईन, सैनी और अन्य पिछड़ी बिरादरियों के लोग शामिल हैं। ये लोग मेहनत से अपनी आजीविका चलाते हैं, लेकिन अवैध उगाही ने उनकी कमर तोड़ दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह उगाही न केवल गैरकानूनी है, बल्कि माफिया तंत्र की तरह काम कर रही है, जो गरीबों का शोषण कर रही है।

इस्लामी सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है। इस्लाम धर्म में साफ तौर पर कहा गया है कि केवल हलाल और स्वच्छ तरीके से कमाया गया धन ही धार्मिक कार्यों के लिए स्वीकार्य है। कुरान की सूरह बकराह (2:188) में किसी का माल गलत तरीके से हड़पने की मनाही है। साथ ही पैगंबर मुहम्मद (स.अ.व.) ने फरमाया। अल्लाह केवल वही चीज कबूल करता है, जो पाक और हलाल हो। जबरन उगाही से प्राप्त धन हराम है और इसे मस्जिद या मदरसे जैसे पवित्र कार्यों में इस्तेमाल करना इस्लाम में सख्ती से मनाही है। इस तरह की उगाही न केवल गरीबों पर जुल्म है, बल्कि यह इस्लामी सिद्धांतों का खुला उल्लंघन भी है। क्योंकि यह धन अन्याय और शोषण से अर्जित किया जा रहा है। कानूनी कार्रवाई की मांग स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने इस अवैध उगाही को रोकने के लिए प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

उनका कहना है कि यह गैरकानूनी वसूली कानून और इस्लामी मूल्यों का उल्लंघन है। इस मामले को स्थानीय धार्मिक नेताओं और उलेमा के सामने भी उठाने की बात कही जा रही है, ताकि मस्जिद-मदरसों के नाम पर हो रहे इस दुरुपयोग को रोका जा सके।

मंडावर के हफ्ता बाजारों में चल रही अवैध उगाही गरीब दुकानदारों पर अन्याय है और इस्लाम के हलाल-हराम के सिद्धांतों के खिलाफ है। प्रशासन को इस माफिया तंत्र पर तुरंत अंकुश लगाना चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि गरीबों को न्याय मिले और धार्मिक स्थानों के नाम पर हो रहे दुरुपयोग को रोका जा सके। गंभीर बात यह है कि योगी राज में भी मण्डावर में गुण्डे बेलगाम है। मण्डावर में बड़े पैमाने पर अवैध कार्य हो रहे है। सरेआम सड़कों पर अवैध वसूली की जा रही है। न तो पुलिस और न ही प्रशासन इस अवैध वसूली को रोक पा रहा है।

# क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

### डॉ. दीप सौरभ सिंह पार्थ ने घटना को बताया दुर्भाग्यपूर्ण

**नगीना।** केदारनाथ धाम यात्रा कर हेलीकॉप्टर से लौट रही विनोद देवी की हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत होने पर क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सहसंयोजक डॉ. दीप सौरभ सिंह पार्थ अपने साथियों सहित पीड़ित के आवास पहुंचे और शोक संवेदनाय व्यक्त की।

भाजपा नेता एवं क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीप सौरभ सिंह पार्थ शुक्रवार की शाम 5 बजे केदारनाथ यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर क्रैश होने में विनोद देवी (70 वर्ष) के निवास पर पहुंचे जहां उन्होंने पीड़ित मृतका के पति धर्मपाल सिंह एड एवं पुत्र कमल सिंह एड से मिले और घटना के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इस दुखद घटना में शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए किसी भी मदद का आश्वासन दिया। डॉ. दीप सौरभ सिंह पार्थ ने दुख व्यक्त करते हुए इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। डा. दीप सौरभ सिंह ने उनको ढाढंस बंधाया और आश्वासन दिया कि इस संबंध में वह स्वयं उत्तराखंड सरकार के मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात करेंगे। उनके साथ टीकम सिंह, कर्मेंद्र चौधरी, राकेश प्रधान, मनजीत सिंह आदि शामिल थे।

उसके बाद वे इसी दुर्घटना में मृत हुई तृप्ति (19 वर्ष) पुत्री दीपक एडवोकेट बिजनौर के परिजनों का हाल-चाल जानने के लिए अपने साथियों सहित बिजनौर के लिए रवाना हो गए।

# आजम के साथ मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

## एक बाल अपचारी पुलिस की निगरानी में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुरा जट के पास दुकानदार से हुई कथित लूट की घटना का अनावरण करते हुए स्वाट/सर्विलांस व थाना नगीना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया व साथी बालअपचारी को पुलिस निगरानी में लिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जून को मौ आजम पुत्र मौ. अख्तर निवासी ग्राम अलीपुरा जट थाना नगीना ने थाना नगीना पर तहरीर दी कि जब वह ग्राम अकबराबाद स्थित अपनी परचून की दुकान बंद करके रात्रि के समय अपनी कार द्वारा घर ग्राम अलीपुर जट आ रहा था तो रास्ते में उसके गांव के नजदीक भट्टे की जमीन के पास कुछ अज्ञात बदमाशों ने उसे रोक लिया तथा लाठी-डंडो से उसकी कार में तोड़-फोड की गई व उसके साथ मारपीट की गई तथा कार में रखा थैला जिसमे 80,000/- रूपये थे, को छीनकर ले गए। वादी ने शक के आधार पर उससे रंजिश रखने वाले अरशद पुत्र बाबू हाफीज निवासी अलीपुरा जट थाना नगीना जनपद बिजनौर व कुछ अज्ञात व्यक्तियो पर उपरोक्त घटना के आरोप लगाये। आजम की तहरीर के आधार पर थाना नगीना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान आजम द्वारा प्रारंभिक तहरीर में उपरोक्त घटना में रूपए 80,000 लूट की कही गई बात से इंकार करते हुए आजम द्वारा केवल मारपीट की घटना की पुष्टि की गई। अभियोग की अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान उक्त घटना में 02 बाल अपचारी व 07 अभियुक्तगण अरशद पुत्र बाबू हाफिज, लुकमान उर्फ सद्दाम पुत्र याकूब, मौ. फरमान पुत्र मौहम्मद असगर, सलीम पुत्र नफीस शाह निवासीगण अलीपुरा जट थाना नगीना जनपद बिजनौर, विकुल शर्मा उर्फ लकी पुत्र जगमोहन शर्मा, कार्तिक कश्यप पुत्र चन्द्रपाल, मौ. जाकिर पुत्र खुर्शीद अहमद निवासी मौ. शाहजहीर कस्बा व थाना नगीना जनपद बिजनौर के नाम प्रकाश में आये तथा अभियोग में धारा 309(4) का लोप करते हुए धारा 191(2)/109(1)/131/61(2)/3(5) बीएनएस की वृद्धि की गई। थाना नगीना पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में वांछित 06 अभियुक्तगण अरशद, लुकमान उर्फ सद्दाम, मौ. फरमान, सलीम, विकुल व मौ. जाकिर उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया तथा साथी 01 बालअपचारी को पुलिस निगरानी मे लिया गया। अभियुक्तो के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 03 डन्डे/लाठी बरामद किये गए। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस द्वारा जानकारी दी गई कि अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि वादी की भतीजी और अभियुक्त अरशद उपरोक्त के बीच प्रेम-प्रसंग था, जिसका वादी व उसके परिवार द्वारा विरोध किया गया था। कुछ समय पूर्व अभियुक्त अरशद के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारपीट करने का प्रकरण प्रकाश में आया, जिसकी थाना नगीना पर कोई सूचना नहीं दी गयी। अरशद को अपने साथ हुई मारपीट का शक वादी मौ. आजम के ऊपर था। इसी रंजिश के चलते अरशद ने मौ. आजम को सबक सिखाने के लिये अपने मित्र लुकमान उर्फ सद्दाम को रूपए 9,000 देकर मौ. आजम के साथ मारपीट कराने की योजना बनाई। लुकमान ने अपने साथी विकुल शर्मा उर्फ लकी के माध्यम से अन्य युवकों कार्तिक कश्यप, मोहम्मद जाकिर व 02 बाल अपचारियों आदि को इस योजना में शामिल किया तथा वादी की लोकेशन की जानकारी देने की जिम्मेदारी फरमान व सलीम को सौंपी गई। सभी अभियुक्तों ने मिलकर पूर्व नियोजित ढंग से वादी पर हमला किया और घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। अभियुक्तों द्वारा वादी की कार से कोई भी बैग छीनने की बात को गलत बताया तथा मारपीट की बात को स्वीकार किया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में तेजपाल सिंह थानाध्यक्ष नगीना की टीम के साथ सचिन मलिक, प्रभारी स्वाट टीम मय टीम व योगेश कुमार, प्रभारी सर्विलांस मय टीम रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** रोड पर घूम रही आवारा गौवंश से बचाने के प्रयास में थाना क्षेत्र में देर शाम मेघपुर मोड़ स्थित रहमान मार्बल एवं टाइल्स के गोदाम के समीप दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के ग्राम अगवानपुर निवासी अली हसन पुत्र जलील अहमद, जुमरत पत्नी इब्राहिम, दिलशाद पुत्र अली हसन एक बाइक सवार होकर काशीपुर से वापस गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह मैघपुर मोड़ स्थित रहमान मार्बल टाइल्स के समीप पहुंचे, तो रोड पर घूम रही आवारा गौवंश से बचाने के प्रयास में अफजलगढ़ की ओर से आ रहे बाइक सवार भूपेन्द्र उर्फ भूरा पुत्र धर्मवीर सिंह, उदयप्रताप पुत्र शिवनाथ गांव शिवपुरी निवासी दोनों बाइकों की आमने-सामने से भीषण टक्कर हो गई जिसमें भूपेंद्र सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। राहग. ीरों की मदद से घायलों को 108 एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां चिकित्सा द्वारा सभी घायलों को हायर सेंटर रैफर कर दिया। पुलिस ने मृतक केशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी ने बताया कि दोनों बाइकों की टक्कर मार्ग पर घूम रहे आवारा गौवंश को बचाने के प्रयास में हुई है।

# मोहर्रम रोड का निरीक्षण



**राजा का ताजपुर।** मोहर्रम त्यौहार को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह के नेतृत्व में मोहर्रम रोड का निरीक्षण भारी पुलिस फोर्स के साथ किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान ने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार इंसानियत भाईचारे का त्यौहार है। सभी धर्मों के लोग त्यौहारों को भाईचारे के साथ मनाई। सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे की भावनाओं का ख्याल रखें। मोहर्रम पर कोई भी नई परम्परा न करें। इस चीज का पुरा ख्याल रखें। मजीद ने हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों को कर्बला में शहीद कर दिया था। यह महीना हमें इमाम हुसैन के बलिदान और उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं को याद दिलाता है, जो हमें अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित करती है। कोई भी ऐसा काम न जिससे आपसी मनमुटाव न हो। हमें इमाम हुसैन के बताए हुए रास्ते पर चल कर इंसानियत पैगाम देना है। इस मौके पर चौंकी प्रभारी राजवीर सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह आदि भारी पुलिस बल साथ में मौजूद रहे।


## संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पुत्रियां मुन्नी उर्फ सलमा व शहनाज गलत कार्यों में लिप्त हो गई है तथा गलत कार्य करती है। जिससे मेरी समाज में बदनामी होती है। मैंने इन दोनों को अपनी इज्जत का वास्ता देकर गलत कार्यों को करने से मना किया, परन्तु यह दोनों सुनवा नहीं हो रही है तथा उक्त दोनों स्वयं व अपने संगत के लोगों से मुझे जान से मारकर मेरी चल व अचल सम्पत्ति पर कब्जा करने की धोंस दे रही है। मैंने इनके गलत कृत्य से तंग आकर इनसे अपने सामाजिक संबंध समाप्त कर लिए तथा अपनी तमाम चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इन दोनों का मेरी किसी चल व अचल सम्पत्ति में कोई हक व हिस्सा नहीं होगा। इनके द्वारा किए गए किसी भी अवैध कृत्य के लिए उक्त दोनों जिम्मेदार होगी। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। हाजी सईद अहमद पुत्र अ. हमीद निवासी ग्राम पित्थापुर, थाना स्योहारा, जिला बिजनौर, मोबाइल नम्बर 9027940999



## कार्यालय - नगर पालिका परिषद, बिजनौर (जनपद बिजनौर)

संख्या:- 69/ ई-निविदा/ न.पा.परि.बि./ 2025-26 दिनांक :- 20/06/2025

### पुनः ई-निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, बिजनौर, शासनादेश संख्या-816/नौ-6-2025-ई-1908553 दिनांक 28-03-2025, के अन्तर्गत (Open Gym), के द्वारा, मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना (CM-VNY) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से विकास कार्य करवाना चाहती है। उक्त रजिस्ट्रर्ड ठेकेदार/ फर्म से निविदायें दिनांक 21-06-2025 से 11-07-2025 तक वेबसाईट https://www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदायें अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 11.07.2025 तक उपलब्ध रहेगी। जहां से इसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 11-07-2025 की सायं 05:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in इन पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। जो दिनांक 14-07-2025 को प्रातः 11:00 बजे सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| Tender Refrence | 111/ET-NPPB/2025-26 |
| Publish date and time for Ref: | 21-06-2025 को सायं 05:00 बजे तक। |
| Last date and time for submission of E-Tender | 11-07-2025 को सायं 05:00 बजे तक। |
| Date and time of opening E-Tender | 14-07-2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक। |
| Place of opening E-Tender | Executive Officer Npp-Bijnor. |
| E-Tender security | 10% of Tender Value. |
| E-Tender Document processing | As per E-Tender List. |

नोट:- बिना धरोहर राशि/ टेण्डर मूल्य तथा संबंधित दस्तावेज के किसी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। यहां यह भी अवगत कराना है कि निविदा डालने से पूर्व समस्त नियम व शर्ते भली-भांति जान लें, किसी भी त्रुटि के लिये पालिका जिम्मेदार नहीं होगी। समस्त निविदायें अथवा किसी एक निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

(विकास कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बिजनौर

(इन्दिरा सिंह)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बिजनौर



## कार्यालय नगर पालिका परिषद चांदपुर (बिजनौर)

पत्रांक:- 281/न.पा.परि. चान्दपुर/नि.सू./2025 दिनांक:- 18.06.2025

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

यह पालिका अपने ठेकेदारों/फर्मों से निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष दिनांक 19.06.2025 से दिनांक 28.06.2025 को समय अपराहन 01:00 बजे दिन तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित करती है। निविदा, कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर में डाले जायेंगें, तथा दिनांक 30.06.2025 को अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, चांदपुर के समक्ष खोले जायेंगे। टेण्डर प्रपत्र कार्यालय समय में दिनांक 19.06.2025 से दिनांक 28.06.2025 को समय 1:00 बजे दिन तक नगर पालिका परिषद, चांदपुर के कार्यालय से नियत शुल्क जमा करके प्राप्त किए जा सकते है। टेण्डर प्रपत्र क्रय करते समय कार्य के अनुमानक का 10 प्रतिशत बतौर धरोहर राशि के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ.डी.आर./टी.डी.आर. अधोहस्ताक्षरी के पद नाम से बन्धक करा कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा तथा नगर पालिका ठेकेदारी पंजीयन प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र व हैसियत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना भी अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में निविदा प्रपत्र विक्रय नहीं किया जायेगा। कार्य कराने संबंधी जानकारी पालिका कार्यालय दिवस में किसी भी दिन ली जा सकती है। निविदा को बिना कोई कारण बतायें अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरस्त किया जा सकता है। जिस पर निविदा दाता को कोई आपत्ति नहीं होगी। सशर्त व अस्पष्ट निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्रांकलन धनराशि (जी.एस.टी.) अतिरिक्त | धरोहर राशि (10 %) | टेण्डर फीस (जीएसटी सहित) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड | | | | |
| 01 | मौ. मुफ्तीसराय वार्ड नं. 02 में अहाते के पास निर्मित ट्यूबवैल के कमरे का निर्माण। | 291968.00 | 29196.00 | 150+500+27 =677 | 03 माह |
| 02 | मौ. सरायरफी वार्ड नं. 25 में धनौरा रोड पर शेल्टर होम में निर्मित ट्यूबवैल के कमरे का निर्माण। | 291968.00 | 29196.00 | 150+500+27 =677 | 03 माह |
| 03 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 14 में कब्रिस्तान के निकट नाले पर नाले की दीवार को ऊंचा करने का कार्य। | 182348.00 | 18234.00 | 75+500+14= 589 | 03 माह |
| 04 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 14 में नहटौर रोड के दोनों ओर बने नालों का तल सही करने का कार्य। | 1899622.00 | 189962.00 | 300+500+54 =854 | 03 माह |
| 05 | मौ. पतियापाड़ा वार्ड नं. 10 चकश्री पथ में निर्मित ट्यूबवैल के कमरे का निर्माण शौचालय सहित। | 396968.00 | 39696.00 | 150+500+27 =677 | 03 माह |
| 06 | मौ. काजीजादगान ग्रीन वैली कालोनी में निर्मित ट्यूबवैल के कमरे का निर्माण शौचालय सहित। | 396968.00 | 39696.00 | 150+500+27 =677 | 03 माह |
| 07 | मौ. शाहचन्दन वार्ड नं. 02 में बास्टा रोड पर निर्मित ओपन जिम के पास ट्यूबवैल के कमरे का निर्माण शौचालय सहित। | 396968.00 | 39696.00 | 150+500+27 =677 | 03 माह |
| 08 | जलकल परिसर में निर्मित ट्यूबवैल के कमरे का निर्माण। | 291968.00 | 29196.00 | 150+500+27 =677 | 03 माह |
| 09 | मौ. सरायरफी वार्ड नं. 25 में मस्तान शाह कब्रिस्तान के निकट दीवार को ऊंचा करने का कार्य। | 67796.00 | 6779.00 | 50+500+9 =589 | 03 माह |
| 10 | नगर में विभिन्न 09 मार्गो पर पौधारोपण हेतु विभिन्न प्रजाति के पौधों की आपूर्ति का कार्य। | 418250.00 | 41825.00 | 150+500+27 =677 | 03 माह |
| 11 | धनौरा रोड पर अम्बेडकर चौक से जे.पी. पब्लिक स्कूल तक व कराल रोड पर मदरसा मिफ्ताउल उलूम से क्रेशर तक वृक्षारोपण व वृक्षों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड का निर्माण कार्य। | 831426.00 | 83142.00 | 225+500+41 =766 | 03 माह |
| 12 | फीना रोड पर रेलवे फाटक से चान्दपुर डिग्री कॉलेज तक, हल्दौर रोड पर एच.पी. पेट्रोल पम्प से शुगर मील तक व नहटौर रोड पर थाना कोतवाली से रेलवे क्रोसिंग तक वृक्षारोपण व वृक्षों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड का निर्माण कार्य। | 843341.00 | 84334.00 | 225+500+41 =766 | 03 माह |

अवर अभियन्ता (सिविल)
नगर पालिका परिषद
चांदपुर (बिजनौर)

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
चांदपुर (बिजनौर)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
चांदपुर (बिजनौर)

# पुलिस व दबंग कर रहे उत्पीड़न

## पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावली।** मोटा महादेव के पास रहने वाले हर वर्ष शिव भक्तों की सेवा करने वाले परिवार का थाना मंडावली पुलिस एवं गांव के दबंग उत्पीड़न कर रहे हैं। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के स्टे की भी मंडावली पुलिस धज्जियां उड़ा रही है। पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

अंजू पत्नी कन्हैया निवासी ग्राम विजयपुर थाना मंडावली जिला बिजनौर ने पुलिस अधीक्षक को संबोधित प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री को पोर्टल पर दर्ज करा कर अपने पति को 20 घंटे अवैध हिरासत में रखकर अमानवीय यातनाएं देकर शांति भंग में चालान करने वाली थाना मंडावली पुलिस के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई करने की मांग की।

हाईकोर्ट इलाहाबाद के स्टे के बावजूद गांव के दबंग अजीत, यशवीर, हेमेंद्र ने पीड़ित परिवारों के मकान शौचालय आदि मंडावली पुलिस से हमसाज होकर तुड़वा दिए थे, लैट्रिन को तोड़ दिया था, जिससे वहां पर एक गड्ढा बन गया। पीड़िता का कहना है कि 18 जून 2025 को दोपहर 12:00 बजे उनकी गर्भवती भैंस चरती उस गड्ढे में गिर गई, उस समय कोई पुरुष घर पर नहीं था। पीड़िता अंजू, सविता, कृष्णा ने कुछ लोगों के सहयोग से भैंस को निकालने का प्रयास किया तभी अजीत, हेमेंद्र वहां पर पुलिस कर्मी राहुल को लेकर आ गए। महिलाओं के साथ गाली गलौज की। बदतमीजी करते हुए कहा कि इस भैंस को यही दबा दो और हमारी जमीन पर कब्जा मत करो। पीड़ित महिला मोटा महादेव पुलिस चौकी पर शिकायत करने गई जहां उसकी बात नहीं सुनी गई। अंजू का आरोप है इसी रात्रि 9:00 बजे थाना प्रभारी मंडावली राम प्रताप सिंह पुलिस जीप लेकर उसके घर पर आए, उनके साथ चार पुलिस वाले थे। घर में घुस कर गंदी-गंदी मां बहन की गालियां देते हुए लात घुसों उसके पति कन्हैया को बुरी तरह मारा पीटा और उठाकर थाने ले गए। पीड़िता जब थाने पहुंची तो उसके पति के साथ पुलिसकर्मी मारपीट कर रहे थे। जब उसने पति को छोड़ने के लिए कहा तो पुलिस वालों ने कहा कि जमीन पर फैसला कर लो जो हाईकोर्ट में मुकदमा है, उसे वापस ले लो तभी कन्हैया को छोड़ेंगे।

पुलिस अधिकारियों को शिकायत करने पर 20 घंटे अवैध हिरासत में रखने के बाद थाना मंडावली पुलिस ने पीड़िता के पति का शांति भंग में एक पक्षीय चालान कर दिया।

मुख्यमंत्री से पीड़ित परिवार ने अपने परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए दबंगों और मंडावली पुलिस के उत्पीड़न से बचाने की गुहार लगाई।

## गुलदार ने गोवंश को बनाया शिकार

**हल्दौर।** गांव लाड़नपुर के निकट आबादी क्षेत्र के समीप स्थित जंगल में एक गुलदार ने बेसहारा गोवंश पर हमला कर उसे मार डाला। घटना के बाद लोगों में दहशत का माहौल है।

गांव लाड़नपुर में आबादी क्षेत्र के समीप एक किसान का चक स्थित है। शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे गांव का ही किसान टीकम सिंह पशुओं के लिए चारा लेने जाते हुए गुलदार द्वारा खेत में एक बेसहारा गोवंश मृत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पाकर टीकम सिंह, ओंकार सिंह, धर्मपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, मोनू सिंह, सोरन सिंह आदि ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

ग्रामीणों का आरोप है कि विकास खंड अधिकारी विक्रम सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने कई बार बेसहारा गोवंशों को पकड़वा कर गौशाला भिजवाने की मांग की। लेकिन अधिकारी लगातार अनदेखी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गुलदार की सक्रियता से बच्चों और किसानों की सुरक्षा को लेकर गहरा खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से गुलदार पकड़वाने की मांग की है।

# स्योहारा में टैक्स वृद्धि के खिलाफ इमरान अख्तर ने खोला मोर्चा

## चेयरमैन के खिलाफ बढ़ रहा आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** चेयरमैन फैसल वारसी द्वारा हाल ही में हाउस टैक्स, जलकर टैक्स में की गई भारी बढ़ोत्तरी को लेकर नगरवासियों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। इस मुद्दे पर अब नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन हाजी अख्तर जलील के पुत्र और समाजसेवी इमरान अख्तर उर्फ सनी ने खुलकर आवाज बुलंद की है। उन्होंने नगर की जनता की ओर से इस टैक्स वृद्धि को अन्यायपूर्ण, एकतरफा और जनविरोधी करार देते हुए इसे पूरी तरह से वापस लेने की मांग की है।

इमरान अख्तर का कहना है कि नगर पालिका चेयरमैन ने बिना जनसुनवाई के और पारदर्शिता के बगैर अचानक से हाउस टैक्स और जल कर टैक्स में जबरदस्त वृद्धि कर दी है, जिससे आम जनता खासकर मध्यम वर्ग और गरीब तबका आर्थिक रूप से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसे में टैक्स में वृद्धि करना पूरी तरह अमानवीय और प्रशासनिक तानाशाही जैसा है। इमरान अख्तर ने साफ तौर पर कहा कि यदि नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी इस जनविरोधी निर्णय को वापस नहीं लेते तो वे नगर के नागरिकों के साथ उच्च अधिकारियों से मिलेंगे और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएंगे। उन्होंने कहा हम स्योहारा की जनता की आवाज को दबने नहीं देंगे। यह लड़ाई स्योहारा के हर नागरिक की है। नगर पालिका टैक्स सुधार के नाम पर शोषण नहीं कर सकती। इमरान अख्तर ने यह भी सवाल उठाया है कि चेयरमैन ने किस आधार पर टैक्स में वृद्धि की है। उन्होंने पारदर्शी तरीके से मूल्यांकन रिपोर्ट और बैठक की कार्यवाही को सार्वजनिक करने की मांग की है। इमरान अख्तर ने स्योहारा नगर की समस्त जनता से अपील की है कि वे इस लड़ाई में एकजुट होकर चेयरमैन पर अपने हक के लिए दबाव बनाएं ताकि टैक्स वृद्धि को वापस लिया जा सके और आम आदमी को राहत मिल सके। इस मामले को लेकर आने वाले दिनों में नगर में विरोध प्रदर्शन व जन हस्ताक्षर अभियान की संभावना भी जताई जा रही है। इमरान अख्तर की इस मुहिम को अब विभिन्न सामाजिक संगठनों और व्यापारियों का भी समर्थन मिल सकता है। वहीं सूत्रों के अनुसार नगर के कई वार्डों में लोग पहले ही इस वृद्धि के खिलाफ लामबंद हो चुके हैं। लोगों ने सभासदों से भी इस पर कड़ा रुख अपनाने की अपील की है। वहीं कई स्थानीय नागरिकों ने कहा है कि बिना किसी पूर्व सूचना और सार्वजनिक विमर्श के इस प्रकार की टैक्स वृद्धि करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

## गंदे पानी से फसलों के बचाव की मांग उठाई, ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम सरकथल सानी के ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से उनकी फसलों को गंदे पानी से बचाएं जाने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन सौंप कर शीघ्र से शीघ्र उनके खेतों में घुस रहे गंदे पानी की रोकथाम को कार्रवाई के जाने की मांग उठाई।

ग्रामीण सौरभ कुमार, वीर सिंह, मदनपाल सिंह, महेंद्र सिंह आदि के नेतृत्व में ग्राम वासियों ने सिंचाई खंड पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कई गांव में शहर का गंदा पानी उनके खेतों में प्रवेश कर रहा है, जिससे उनके खेतों में खड़ी फासले नष्ट हो गई हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से उनके खेतों में घुस रहे उक्त गंदे पानी की रोकथाम को प्रभावी कार्रवाई अमल में लाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी भी दी है कि यदि समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो भारतीय किसान यूनियन के साथ उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस अवसर पर करण पाल सिंह, देवेंद्र सिंह, कोमल सिंह, विजेंद्र, पुष्पेंद्र, सौरभ कुमार, ओमवीर सिंह, परम सिंह, मदनपाल सिंह, परम सिंह, चारण सिंह, लोकेंद्र सिंह, गंगाराम, भूपेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# धामपुर नगर पालिका में विदाई समारोह

## जेई नेपाल सिंह व हेमंत कुमार को दी भावभीनी विदाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिषद धामपुर की ओर से मंगलवार को शिवाजी पार्क स्थित सम्पादकाचार्य पंडित रुद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पालिका के दो समर्पित अधिकारियों, जेई नेपाल सिंह एवं हेमंत कुमार के सम्मान में आयोजित किया गया, जिनका कार्यकाल नगर विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान से भरा रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद धामपुर के चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला ने निभाई। इस अवसर पर पालिका के सभासदों और कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों को फूल-मालाओं से सम्मानित कर, प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। जय नेपाल सिंह का मुजफ्फरनगर तथा हेमंत कुमार का अमरोहा जनपद में स्थानांतरण हुआ है।

कार्यक्रम में शेरकोट नगर पालि. का के अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त धामपुर पालिका के सभासदों में पुरुषोत्तम अग्रवाल, संतोष राजपूत, मुकेश रावत, हिमांशु सैनी, मुकुल सैनी, मुंशी नसीम अहमद अंसारी, महताब अहमद, मुकुल सैनी, प्रभात गुप्ता, सुमित महेश्वरी, और मनोज अग्रवाल 'पप्पी' ने भी सहभागिता निभाई। समारोह में नगर पालिका के समर्पित कर्मचारी पुष्पेंद्र सक्सेना, अमित गुप्ता, सुनील जोशी, नितिन अग्रवाल, विशाखा रानी, विकास गुप्ता, राज. कुमार शर्मा, ओमजीत सिंह, शिवम गोस्वामी और तपिश शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर वक्ताओं ने नेपाल सिंह एवं हेमंत कुमार के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों अधिकारियों ने न केवल अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा से निर्वहन किया, बल्कि नगर के विकास में सक्रिय योगदान देकर मिसाल कायम की। विदाई समारोह में भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जहां कई कर्मचारियों की आंखें नम थीं और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने निष्ठा गुप्ता को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर का एक प्रतिनिधिमंडल ग्राम शादीपुर पहुंचा। जहां उन्होंने निष्ठा गुप्ता को तीरंदाजी के क्षेत्र में राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर कई पदक जीतने पर अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। संगठन के पदाधिकारियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बताते चले की इससे पूर्व निष्ठा गुप्ता को उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। वह आंध्र प्रदेश के गुंटूर में हुई अंडर 15 की राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता की नेशनल चैंपियन है। इस मान सम्मान के लिए निष्ठा गुप्ता ने अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जनपद बिजनौर परिवार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, युवा प्रदेश सचिव आदित्य अग्रवाल, प्रधान जिला महामंत्री, तुषार अग्रवाल, जिला संयोजक रोहित अग्रवाल आदि रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के रस में डूबे श्रद्धालु

## बसेड़ा कुंवर में भाव विभोर हुआ माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम बसेड़ा कुंवर में बीते दिनों एक दिव्य और भावमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया, जिसने क्षेत्र के श्रद्धालुओं को भक्ति और अध्यात्म के सागर में डुबकी लगाने का अवसर प्रदान किया।

13 जून से प्रारंभ हुई इस सात दिवसीय भागवत कथा का भव्य समापन प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक आयोजन लोकतंत्र रक्षा सेनानी बुध सिंह, संजीव कुमार, राजीव कुमार तथा राहुल कुमार समेत कई श्रद्धालु आयोजकों के प्रयासों से सम्पन्न हुआ। कथा वाचन का शुभ कार्य श्री नरेन्द्रानंद सरस्वती महाराज जी द्वारा किया गया, जिनके भावपूर्ण और सारगर्भित प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को मोहपाश से मुक्त कर भक्ति की गहराइयों में ले जाया। विदुर-मैत्रेय संवाद, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों को जब महाराज जी ने प्रस्तुत किया, तो सभा में सन्नाटा छा गया और सभी भावविभोर होकर भगवान के दिव्य लीलाओं में खो गए।

सती चरित्र में भगवान शिव की पत्नी सती के त्याग और उनके परम भक्ति भाव को श्रद्धापूर्वक प्रस्तुत किया गया, वहीं ध्रुव चरित्र में बालक ध्रुव की अटल आस्था और कठोर तपस्या की प्रेरणादायक कथा ने श्रोताओं के हृदय को गहराई से स्पर्श किया। माना जाता है कि भागवत कथा का श्रवण मात्र से ही मनुष्य के जीवन का कल्याण संभव है, और यही भावना इस कथा में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। दूर-दूर से भारी संख्या में श्रद्धालु इस धर्मिक आयोजन में भाग लेने पहुंचे और कथा के हर एक प्रसंग का रसपान किया।

कथा स्थल पर राधाकृष्ण भगवान के जयकारे गूंजते रहे और श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमते नजर आए। आयोजक मंडली के सदस्य राजीव वत्स तो कथा के दौरान नृत्य करते नहीं थक रहे थे, जिससे माहौल और भी उल्लासपूर्ण बन गया। श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सदाचार, भक्ति, प्रेम और समर्पण की भावना को जाग्रत करने वाला एक आध्यात्मिक उत्सव बनकर उभरा। ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## मोनू पाल गिरफ्तार



**चांदपुर।** ग्राम धूंधली तबीबपुर थाना चांदपुर निवासी डिम्पल पुत्र स्व. अभय सिंह ने 14 दिसम्बर 2024 को एक प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें उसने कहा था कि कोई अज्ञात चोर द्वारा उसके घर के बाहर रखी सेफ अलमारी का ताला तोड़कर उसमें चोरी करने का प्रयास किया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर तभी से जुटी हुयी थी। शुक्रवार को इस केस मे सफलता हासिल करते हुए मुखबिर की सूचना पर चांदपुर में धनौरा रेलवे फाटक के पास खड़े उक्त संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ में उसने अपना नाम मोनूपाल पुत्र देवमुनी निवासी ग्राम मोहदीनपुर कुराहा थाना खखरेरू जिला फतेहपुर हाल निवास जसवीर सिंह का देहरा डडारीपुर लुधियाना ग्रामीण लुधियाना (पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गये मोनू पाल पर जनपद फतेहपुर, कौशाम्बी, अमेठी, चित्रकूट झांसी आदि जनपदों में अनेकों अपराधिक मामले दर्ज हैं। मोनूपाल को पकड़ने वाली टीम मे वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, कांस्टेबिल जैकी, कां. अर्जुन तोमर शामिल रहे।

## एक नजर

### सभासद ने बिना भेदभाव के कराया काम



**स्योहारा।** नगर पालिका से दो बार लगातार भाजपा के टिकट पर सभासद चुने गए मौ. अकरम अल्वी ने पहले वार्ड चार से अपनी राजनीति शुरू की और सभासद चुने गये। अपने वार्ड में उल्लेखनीय विकास कार्य कर जनता का विश्वास मजबूत किया है। पारदर्शिता और जनसेवा की सोच के साथ काम करते रहें अब वार्ड 20 भाजपा से ही सभासद चुनें हुए है। मौ. अकरम अल्वी ने सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट पेयजल व्यवस्था सहित कई जरूरी कार्य कराए हैं जिससे जनता को सीधा लाभ मिला है। वार्ड में कई गलियों का सीसी रोड में निर्माण, ऐलेडी स्ट्रीट लाइट लगवाकर गलियों में उजाले की व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान कर ट्यूबवेल भी लगवाए, सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए नगर पालिका से विशेष अभियान, बुजुर्गों व विधवाओं के पेंशन फार्म भरवाने में व्यक्तिगत मदद की। सभासद अकरम अल्वी का कहना है कि जनता ने दो बार जो विश्वास जताया है उसके लिए मैं हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। मेरा मकसद राजनीति नहीं, सेवा करना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अकरम अल्वी ने अपने कार्यकाल में कभी भेदभाव नहीं किया और सभी वर्गों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया है। यही कारण है कि उनके नेतृत्व में वार्ड की छवि बदलती नजर आ रही है।

### विकास कार्यों का लिया जायजा



**नजीबाबाद।** सांसद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिनिधि फहीम अहमद अंसारी एडवोकेट ने समीपवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी का दौरा कर पंचायत में हो रहे विकास कार्यों का जायजा लिया! आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों अहसान अंसारी उर्फ जानू एवं सैयद शोएब अली के साथ सांसद प्रतिनिधि फहीम एडवोकेट ने गांव में टूटे हुए बिजली के खंभों, जर्जर हो चुके बिजली के तार, बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका मेन रोड और गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेन्द्र सहित विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली। फहीम अंसारी एडवोकेट का कहना है कि सांसद चंद्रशेखर आजाद के संज्ञान में लाते हुए कुछ समस्याओं का अति शीघ्र अपने स्तर से निस्तारण करवा देंगे। सांसद प्रतिनिधि फहीम अहमद अंसारी एडवोकेट का गांव कल्हेड़ी का दौरा चर्चा का विषय बना हुआ है।

### योग दिवस आज, तैयारी पूर्ण

**नहटौर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अलग-अलग स्थानों पर होगा। इसके लिए आयोजकों ने पूरी तैयारी कर ली है। नगर में 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर, नगर पालिका परिषद, ब्लॉक कार्यालय सहित अन्य स्थानों पर योगा करने के लिए आयोजकों द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। निर्धारित समय पर योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

# मारपीट व पथराव के मामले में दो गिरफ्तार



## आठ आरोपी अभी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस ने उधारी के पैसे मांगने वालों के साथ गाली गलौच करने, मारपीट करने व पथराव करने के आरोप मे दो ग्रामीणों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जबकि आठ अन्य अभी फरार है जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुयी है।

प्राप्त समचार के अनुसार ग्राम कमालपुर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राम किशन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर दर्ज मामले में दस आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया जबकि शेष की तलाश में टीम जुटी हुयी है। बताया गया कि वादी द्वारा अपने उधार दिये पैसे मांगने पर मोमिन पुत्र छुट्टन, कामिल पुत्र शाहआलम, जुनैद पुत्र अशरफ, आफताब पुत्र भूरे उर्फ गफ्फार, सलमान पुत्र नाजिम, ताहुजु पुत्र सरफराज अहमद, गुड्डू पुत्र सायआलम, जावेद पुत्र वकील अहमद, निवासीगण ग्राम कमालपुर थाना चांदपुर ने उसके साथ गाली गलौच की। विरोध करने पर मारा पीटा व पथराव कर उन्हें चोटिल करने का भी प्रयास किया गया। किसी तरह उसने अपनी जान बचायी। मामले में विवेचक एसआई रोबिन कौशिक द्वारा आरोपी मोमिन पुत्र छुटट्न, जावेद पुत्र वकील निवासीगण ग्राम कमालपुर थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मुकदमा उपरोक्त में शेष आठ आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर दी गई है।

# वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा के निधन पर शोक सभाएं

**नगीना।** वरिष्ठ पत्रकार अनुज शर्मा के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक छा गया है। नगीना में पत्रकार संगठनों ने अपने अपने कार्यालयों पर शोक सभाएं आयोजित कीं। सभी सभाओं में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। एक सभा में वरिष्ठ पत्रकार द्वारा बताया गया कि अनुज शर्मा एक कुशल पत्रकार थे। वे अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में निपुणता रखते थे। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी पत्रकारिता को एक सशक्त माध्यम बनाया। एक अन्य पत्रकार ने कहा कि अनुज शर्मा मिलनसार खुशमिजाज व्यक्तित्व के मालिक थे। श्रद्धांजलि सभाओं में नगर के कई पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने अनुज शर्मा के निधन को पत्रकारिता जगत के लिए बड़ी क्षति बताया।

# योग दिवस से पहले जगह-जगह योग शिविर

## लोगों ने किया योगाभ्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर धामपुर नगर में स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न स्थलों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नगरवा. सियों में योग को लेकर उत्साह स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। लोग नियमित रूप से योगाभ्यास, प्राणायाम और विभिन्न आसनों को सीखकर स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो रहे हैं।

नगर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों जैसे आरएसएम डिग्री कॉलेज, एसबीडी डिग्री कॉलेज, और पतंजलि योग केंद्र में चल रहे शिविरों में प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा सहभागियों को योग की विधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन योगाचार्य गजराज सिंह द्वारा प्रतिभागियों को योग, प्राणायाम एवं विविध आसनों का अभ्यास कराया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को शारीरिक लचीलापन, ध्यान केंद्रित करने की विधि एवं सांस नियंत्रण के तरीकों को विस्तार से समझाया। शिविर के संयोजक एवं तहसील प्रभारी शिवेंद्र अग्रवाल ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी युग में मिलावटी भोजन, प्रदूषित वातावरण और व्यस्त जीवनशैली ने मानव शरीर को रोगों का घर बना दिया है। यदि कोई व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से निरोग रहना चाहता है, तो इसका एकमात्र उपाय योग है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांति और स्थिरता प्रदान करता है। नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों व गणमान्य लोगों की भागीदारी रही। संजय वर्मा, मयंक कुमार, विनोद चांदना, जगराम सिंह, जगदीश प्रसाद, डॉ. ईश्वर चंद शर्मा, श्रीमती रेखा सिंह, प्रतिभा राय, शशि चौहान, और अनीता सिसोदिया समेत बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास कर लाभ प्राप्त किया। शिविर का उद्देश्य केवल योग दिवस मनाना नहीं, बल्कि जन-जन तक योग का संदेश पहुंचाना और स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार करना है।



सम्भल।-शंकर इंटर कॉलेज में योगा क्रिया में लीन योग साधक व साधिकाएं।

# पुलिस की गैंगस्टर कार्रवाई को हाईकोर्ट ने किया खारिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस द्वारा गिरोहबंद अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने पुलिसिया कार्रवाई को मनमानी पूर्ण व आविधिक मानते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। जिससे याची समेत करीब तीन दर्जन गैंग स्टर के आरोपियों को बड़ी राहत मिली है।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई के आदेश के अनुपालन व एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार के नेतृत्व में चलाये गए धर पकड़ अभियान के तहत पुलिस टीम ने जुबैर पुत्र अहसान नि. मौ. भद्देसराय थाना नखासा जनपद सम्भल मौ. फुरकान पुत्र नसीबुल्ला नि. खग्गूसराय थाना नखासा जनपद सम्भल, आसिफ पुत्र इजराईल निवासी गुलजार नगर काला खेडा थाना नखासा जनपद सम्भल, ग्यास उर्फ ग्यासुद्दीन पुत्र इसराइल नि. मौ. गुलजार नगर थाना नखासा जिला सम्भल, शाह आलम उर्फ साहिबे आलम पुत्र रिहान उर्फ भूरा नि. मौ. शहबाजपुरा थाना नखासा जिला सम्भल, फैजान पुत्र उस्मान नि. अनवारे मदीना मस्जिद के पास मौ. शहबाजपुरा थाना नखासा जिला सम्भल, नईम पुत्र खुर्शीद निवासी छलो वाला मौहल्ला ठण्डी कोठी गली दीपा सराय थाना नखासा जनपद सम्भल, मौ. उरूज पुत्र महमूद हुसैन निवासी शहबाजपुरा खुर्द थाना नखासा जनपद सम्भल, अरमान पुत्र मौ. अनीस मौ. रायसत्ती खेडा थाना नखासा जनपद सम्भल, शाहनवाज पुत्र शरीफ अहमद नि. खग्गूसराय थाना नखासा जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया था। जबकि कई लोगों पर गैंग स्टर की कार्रवाई की तलवार लटकी हुई थी। थाना नखासा पुलिस का आरोप था कि इन लोगों का एक संगठित गिरोह है जो आर्थिक एवं भौतिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से आसपास के राज्यों व जनपदों से चोरी किए गए ट्रैक्टर के इंजन पुर्जे निकालकर जनरेटर तैयार कर बेचकर पैसा कमाते थे और अपना व परिवार के सदस्यों का भरण पोषण करते थे। इन लोगों का समाज में व जनता में इतना आतंक व्याप्त था कि कोई भी इनके विरूद्ध गवाही देने व अभियोग पंजीकृत कराने का साहस नहीं करता था। उधर आरोपियों के परिजनों ने पुलिस की इस कार्रवाई की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए थे। थाना नखासा में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 158/25 में धारा 3(1) गैग स्टर की कार्रवाई से क्षुब्ध होकर मौहम्मद अय्यूब ने उच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया याचिका कर्ता के अधिवक्ता अरफ खान व वसीम अकरम ने बताया कि न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा व हरवीर सिंह की दो सदस्यीय पीठ ने प्रकरण की सुनवायी की और पाया कि आरोपियों पर की गई गिरोहबंद अधिनियम की कार्रवाई न सिर्फ मनमानी पूर्ण है बल्कि न्याय संगत भी नहीं है। इस प्रकार अदालत ने एफआईआर को ही सिरे से खारिज कर दिया है। इससे जेल भेजे गए अभियुक्तों के बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है।

### नखासा कोतवाली पुलिस ने दस पर की थी गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई, पुलिसिया कार्रवाई की निष्पक्षता पर उठी थी अंगुलियां

# बालासन तनाव व अवसाद को कम करने में करता है मदद

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट व पतंजलि योग समिति व नगर पालिका परिषद, के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे योग शिविर के डठे दिन डिप्रेशन के रोगियों को लाभकारी योगासन्न कराये गए।

नगर के शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में चल रहे शिविर का शुभारम्भ पतंजलि के राज्य संगठन मंत्री कुलदीप ऐरन, इन्दल सिंह, डा. प्रदीप त्यागी, जसपाल सिंह,कृष्णा मिश्रा, रेनू वार्ष्णेय कृष्ण ग्रेवाल, प्रतिज्ञा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर का योग शिक्षक कुलदीप ऐरन, महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी कृष्ण ग्रेवाल, संजय देवल, मुदिता गुप्ता ने ऊँ के उच्चारण और प्रार्थना मंत्रे के साथ कराया। शिविर में डिप्रेशन के रोगियों के लिए लाभकारी योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया जबकि मेधा क्वाथ काढ़ा मस्तिष्क के रोगों के लिए, थकान, अनिद्रा, तनाव, मेमोरी लोस में लाभकारी मेधा क्वाथ काढ़े का वितरण किया। डिप्रेशन में मदद के लिए लाभकारी योगासन और प्राणायाम योगासनों को करने से दिमाग को शांत करने और तनाव को कम करने में मदद मिलती है।बालासन, सुखासन, अधोमुख श्वानासन, और पश्चिमोत्तासन शामिल हैं। बालासन इसे चाइल्ड पोज भी कहते हैं। यह आसन तनाव और अवसाद को कम करने में मदद करता है। अधोमुख श्वानासन इसे डाउनवर्ड डॉग पोज भी कहते हैं। यह आसन दिमाग को शांत रखने और मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को प्रोत्साहित करने में मदद करता है। पश्चिमोत्तासन यह आसन तनाव और चिंता को दूर करने में मदद करता है।शिविर में परीक्षित मोंगिया, शंकर शर्मा, गजेंद्र आर्य, गगन वार्ष्णेय, विकास वर्मा, हरनाम सिंह, संजय गुप्ता, अमित शुक्ला, गुलशन मदान, प्रियांशु जैन, जसपाल सिंह, विकास वर्मा, संजय गुप्ता कमांडर, वीकेश शर्मा, अनूप टंडन, सुशील गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, बीनू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# जन्नत निशां इंटर कॉलेज कमेटी को मिली हाईकोर्ट से राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उच्च न्यायालय के आदेश से बुल्डोजर जस्टिस को तगड़ा झटका लगा है। इस मामले में आज़ाद जन्नत निशां गर्ल्स इंटर कॉलेज में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से आहत प्रबंधतंत्र ने न्यायालय से न्याय की गुहार लगायी थी।

पिछले दिनों जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस कप्तान के के विशनोई की मौजूदगी में आज़ाद जन्नत निशां इंटर कॉलेज की भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्ज़ा बताकर हटाने की कारवाई प्रारम्भ की थी। बताया जाता है कि कॉलेज की भूमि के अंश भाग को लेकर एक कथित भूमिधर ने अपना होने का दावा किया था।जिस पर पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया था। कॉलेज प्रबंधतंत्र ने अफसरों के समक्ष भूमि के सम्बंध में तमाम अभिलेखीय साक्ष्य भी प्रस्तुत किए थे लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई थी। पुलिस-प्रशासन के कड़े रूख के चलते कॉलेज क प्रबंध तंत्र ने हाईकोर्ट की शरण ली। याची कमेटी के अधिवक्ता गज़ाला बानो कादरी, व मसीउददीन ने बताया कि न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा व न्यायमूर्ति हरवीर सिंह की खंडपीठ ने मामले की सुनवायी की थी। सुनवायी के दौरान प्रतिवादी पक्ष की और से उपस्थित शासकीय अधिवक्ता गोपाल सक्सैना ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि प्रश्नगत भूमि को लेकर सरकार की कोई योजना ध्वस्तीकरण करने की नहीं है। यह आश्वासन दिया कि अगर ऐंसी कोई कार्रवाई की जाती है तो पूरी विधिक प्रक्रिया का पालन किया जायेगा। जिस पर याचिका का निस्तारण कर दिया गया। उच्च न्यायालय के आदेश से प्रबंधतंत्र को बड़ी राहत मिल गयी है।

### विधिक प्रक्रिया का पालन किए बिना नहीं हो सकेगा ध्वस्तीकरण



सम्भल।-फर्द अंश निर्धारण प्रक्रिया के विरोध में ज्ञापन देते उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता।

# बारिश की छींटों ने प्रदान की राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** करीब एक माह से गर्मी का दंश झेल रहे जनमानस को मामूली राहत मिली।जबकि दिन में कभी ठंडी हवा तो कभी धूप ने मौसम को नरम गर्म बनाया।

लगभग एक माह से लोग गर्मी का दंश झेल रहे हैं। शरीर को झुलसा रही गर्मी से कहीं भी कोई राहत नहीं मिल पा रही है। घरों में लगे ए सी भी जवाब देने लगे। गुरूवार को भी गर्मी ने सभी पुराने रिकार्डों को ध्वस्त कर दिया था। प्रचंड गर्मी ने जनमानस बुरी तरह बेहाल करके रख दिया। घरों के अंदर रह रही महिलाएं और छोटे बच्चे गमी से बुरी तरह बिलबिला गए, लेकिन शुक्रवार की सुबह मौसम ने करवट बदली। दूर कहीं आसमान में काली घटा छाने के साथ ठंडी हवाएं चलना शुरू हो गई। जबकि कभी बारिश की छींटे पड़ते ही मौसम सुहाना होने लगा। सुबह सवेरे से रूक-रूकर कर बारिश होते ही मौसम में काफी परिवर्तन आने लगा,जबकि ठंडी हवाएं चलते ही लोगों को काफी बड़ी राहत महसूस हाने लगी। बादलों की आवाजाही से प्रचंड गर्मी पर भारी पड़ी। सुबह दिन निकलने के साथ हालांकि देर दोपहर को गर्मी का सितम जारी रहा।

### भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने सौंपा सीएम के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन

# फर्द अंश निर्धारण प्रक्रिया पूरी तरह गलत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर किसान हितों से जुड़ी चार मुख्य समस्याओं के समाधान की मांग की।

शुक्रवार भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष महीपाल सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन कहा गया कि भूमि की फर्द में अंश निर्धारण की प्रक्रिया पूर्णतः गलत ढंग से की गई है। जिनकी जमीन अधिक है। इस व्यवस्था को ठीक करने के लिए प्रत्येक गांव में राजस्व शिविर लगाए जाने की मांग की गई है जिससे कि सही तरीके से अंश निर्धारण हो सके। इसके साथ ही बिजली विभाग की लापरवाही को भी उजागर किया गया। संगठन ने आरोप लगाया कि घरेलू मीटरों में बिजली बिलों में दो गुना से अधिक की बढ़ोत्तरी हो गइ है। जिससे ग्रामीण उपभोक्ता परेशान हैं। किसानों ने इन बिलों की जांच करवाकर वास्तविक उपभोग के अनुसार बिल जारी किए जाने की मांग की। इसके अलावा ज्ञापन में आवरा गोवंश पशुओं के कारण किसानों की फसलें नष्ट हो रही हैं ऐंसे पशुओं को गौशालाओं में आश्रय देने की स्थायी व्यवस्था, सरकारी बीज एवं खाद की दुकानों पर उचित मात्रा में और समय पर वितरण की व्यवस्था करने की मांग की। जिलाध्यक्ष महीपाल सिंह ने मुख्यमंत्री से किसानों की इन बुनियादी समस्याओं पर तुरंत संज्ञान लेकर जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की।

### जल्द से जल्द निराकरण की मांग

# जिले में छह क्रय केन्द्रों पर होगी मक्का की खरीद

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद में मक्का खरीद का लक्ष्य तय करने के साथ छह क्रय केन्द्र बनाये गए है। जिन पर लक्ष्य के सापेक्ष मक्का की खरीद की जायेगी।

ने बताया कि 21 जून (आज) से जनपद सम्भल में मक्का खरीद की जायगी। जिसके लिए सम्भलम मंडी समिति में 02, बबराला मंडी में 01, बहजोई मंडी में 01, चन्दौसी मंडी में 01 ,वं असमोली मंडी में 01 तहसील सम्भल में 03, तहसील चन्दौसी में 02 तहसील गुन्नौर में 01 कुल 06 क्रय केन्द्रों की स्थापना की गयी है। उन्होने बताया कि कुल मक्का का खरीद का लक्ष्य 1350 मेट्रिक टन है। जिसका न्यून्तम संवर्धन मूल्य 2225/- तय किया गया है। क्रय की जाने वाली मक्का में अधिकतम 14 प्रतिशत तक नमी ,एवं 15 प्रतिशत तक नुकसान (डैमेज) स्वीकार किया जायगा। उन्होने सभी किसानों से निर्धारित स्थान पर पहुचकर अपनी मक्का उत्पाद को विक्रय करने पर ज़ोर दिया है।

### 1350 मीट्रिक टन खरीद लक्ष्य

# बबराला में कई स्थानों पर कराए जाएंगे योग कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर में विश्व योग दिवस (21 जून) की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों में तमाम सामाजिक संगठन सक्रिय हैं। इस दिन जगह जगह योग शिविर महोत्सव की पूर्णता को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भारत स्वाभिमान न्यास,पतंजलि योग समिति, अखिल विश्व गायत्री परिवार, राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ सरीखे संगठन की तैयारियां जोर शोर से सुचारू हैं। पतंजलि योग समिति के रामवीर सिंह ने बताया कि बाबूराम सिंह भाय सिंह पीजी कालेज में योग कार्यक्रम की व्यवस्था की तैयारियों को टीम बनाकर उत्तरदायित्वों को बाँट दिया गया है। जो सभी तैयारियों में जुटे हैं। उधर अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के राजघाट रोड़ स्थित योगा पार्क में राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के तत्वावधान में योग कराया जायेगा। प्रशान्त वार्ष्णेय ने बताया कि राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के द्वारा योग कराये जायेंगे। गायत्री परिवार के लक्ष्मीचन्द्र ने बताया कि नगर की गायत्री शक्ति पीठ पर गायत्री परिवार के योगाचार्य द्वारा योग कराया जायेगा।

# जिला स्तरीय योग कार्यक्रम को जिलाधिकारी ने सौंपे दायित्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर की गई तैयारियों को अन्तिम रूप दे दिया गया है।जबकि स्थान का चिन्हीकरण भी कर लिया गया। साथ अधिकारियों को भी दायित्व सौंपे गए हैं।

एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम के साथ 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को जनपद स्तरीय कार्यक्रम शशि मदन पब्लिक स्कूल मझावली राष्ट्रीय राजमार्ग बहजोई- चंदौसी रोड़ पर प्रातः 6:30 से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति रहेंगे तथा अति विशिष्ट अतिथि माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी जी रहेंगी। कार्यक्रम के आयोजक जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग सम्भल रहेंगे। शासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के आयोजन के संबंधा में मण्डलायुक्त मुरादाबाद मंडल आंजनेय कुमार सिंह को जनपद का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिला विकास अधिकारी राम आशीष को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी बनियाखेडा कमलकांत को कार्यक्रम का सह नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा जिला विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह सम्पूर्ण व्यवस्था एवं मंच के प्रभारी रहेंगे। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारियों को उत्तरदायित्व भी सौंपे गये हैं।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में शांमिल होंगे प्रभारी मंत्री

# जाति-पाति पूछे नहीं कोई हरि को भजे सो हरि के होइ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीमद्भागवत सप्ताह के दौरान पंडित कवित आचार्य महाराज ने पूतना मोक्ष के बाद भगवान की सुंदर-सुंदर लीलाओं का प्रसंग सुनाया।

ग्राम मौहम्मदपुर टांडा में चल रही भागवत कथा में बताया कि जिस प्रकार अग्नि का कार्य जलाना होता है भगवान का कार्य कल्याण करना होता है वह अपने शरण में आए हुए भक्तों को सदैव संसार सागर से पार लगाते हैं, अपने स्तनों पर विष लगा कर पूतना भगवान को मारने के लिए आई भगवान ने पूतना को देखकर अपने नेत्र बंद कर लिये क्योंकि भगवान के नेत्रों में सूर्य चंद्रमा रहते हैं उन्होंने अपने आप को ढक लिया मानो सोच रहे हो की दुनिया भगवान को दूध दही माखन खिलाने के लिए आ रही है प्रेम लुटाने आ रही है और एक यह पूतना है जो भगवान को विष खिलाकर मारने के लिए आई है। ऐसा दृश्य देखकर उन्होंने अपने आपको ढख लिया। अगर भगवान पूतना को देख लेते तो भगवान के नेत्रों की दृष्टि पढ़ने से पूतना से माया की निवृत्ति हो जाती और पूतना निष्पाप हो जाती फिर भगवान पूतना का उद्धार कैसे करते भगवान ने सबसे पहले विष, दुग्ध का पान किया उसके बाद पूतना के प्राणों का ही पान करके भगवान ने उसको सद्गति प्रदान की। आचार्य जी ने कहा जो जिस भाव से भगवान को भजता है भगवान उसको उसी भाव से प्राप्त हो जाते हैं। संसार में कोई किसी को दुख नहीं देता बल्कि हमारे द्वारा किए गए कर्म ही हमको दुख के रूप में प्राप्त होते हैं। पूतना मोक्ष के बाद कथा व्यास ने भगवान की सुंदर-सुंदर बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया भगवान ने कभी भी छोटे बड़े अमीर गरीब जाति पाति किसी का भेदभाव नहीं किया भगवान के सभी सखा भगवान से बहुत स्नेह करते थे। अज्ञान को दूर करने के लिए भगवान ने चीर हरण लीला करके भगवान ने संदेश दिया वरुण जल के देवता होते हैं उनमें कभी भी निर्वस्त्र होकर स्नान नहीं करना चाहिए। सभी भक्तों ने मिलकर के गोवर्धन भगवान का पूजन किया, इस दौरान मुख्य यजमान के रूप में कांग्रेस निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय शर्मा शिवम शर्मा भूराज चौधरी अनिल शर्मा सुधीश शर्मा दानवीर चौधरी रवि चौधरी कुशल चौधरी चौधरी मुन्ना सिंह राजपाल सिंह भूरे सिंह सत्यवीर सिंह मनु शर्मा दीपक चौधरी दिपांश शर्मा दीपक शर्मा हर्षित शर्मा ललीत चौधरी विजय चौधरी सुमित चौधरी पंकज शर्मा मीनू शर्मा मंजू चौधरी सुहानी शर्मा सुगंधी प्रियांशी शर्मा आदि भक्त भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### श्रीमदभागवत कथा में पूतना मोक्ष का प्रसंग



सम्भल- ग्राम मोहम्मदपुर टांडा में श्रीमदभागवत कथा में कथा सुनाते आचार्य कवित शास्त्री।

# 24 नवम्बर को हुई हिंसा में शामिल थे आरोपी
# एक ही परिवार के चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत वर्ष हुई हिंसा के फोटो व वीडियो के आधार पर पहचाने गए आरोपियों की गिरफ्तारी जारी हे। पुलिस ने एक ही परिवार के चार और को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनका चालान कर दिया।

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने पर हिंसा भड़क गई थी। हिंसा के दौरान पथराव व गोलीबारी में पांच की जान गयी थी जबकि आगजनी में कई वाहनों को फूंक दिया गया था। पुलिस अब तक हिंसा के आरोप में शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली व तीन महिलाओं समेत 92 को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इनमें से एक महिला के खिलाफ विवेचना में साक्ष्य नहीं मिलने पर उसे जेल से रिहा किया गया। अब हिंसा के मामले में पुलिस ने एक ही परिवार अब्दुल अली और उनके पुत्र अकबर अली व हैदर अली व मुनव्वर अली पुत्र मुबारक अली शामिल हैं। चार और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब यह संख्या 96 पहुंच गयी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सम्भल गजेंद्र सिंह के अनुसार, इन सभी की पहचान 24 नवंबर को हुए पथराव की वीडियो और फोटो के आधार पर की गई है।

### मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की थी हिंसा

# घरों में नीम, गिलोय, एलोवेरा तुलसी औषधियों को अवश्य लगाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बाबूराम सिंह भाय सिंह इंटर कॉलेज में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वाधान में सेवा सप्ताह योग शिविर में योग कराये गये। योगाचार्य तिलक सिंह व रामवीर सिंह ने लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के प्राणायाम, आसन, सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम आदि अभ्यास कराया और आयुर्वेद से संबंधित देशी जड़ी बूटियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने अपने घरों में नीम, गिलोय, एलोवेरा, तुलसी, आदि औषधियों को जरूर लगाएं क्योंकि यह हमारे प्राचीन श्रृषि मुनियों की परंपरा है। अपने जीवन को एक अच्छा दिव्य जीवन बनाएं और योग को अपने जीवन में अवश्य अपनाएं। योग से व्यक्ति के जीवन में दिव्यता, समग्रता, व्यापकता पैदा होती है। योग हमें जीवन जीना सिखाता है। हम अपने जीवन को कैसे जिए, क्योंकि योग जीवन जीने की कला है। प्राणायाम के बारे में विशेष जानकारी देते हुए योगाचार्य तिलक सिंह ने कहा कि इनमें कपालभाति और अनुलोम प्राणायाम सबसे महत्वपूर्ण हैं। जो कि हमारे संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने का कार्य करते हैं। इस मौके पर जिला प्रभारी भुवनेश कुमार, रामवीर सिंह, शिवराज सिंह, संदीप, मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

## विद्याकुंज स्कूल में होगा योग

**बबराला( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** मां गंगा जन कल्याण समिति बबराला व रोटरी क्लब बबराला गंगा के द्वारा विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में योग का कार्यक्रम होगा। जिसमें गंगा समिति के सदस्य और रोटरी क्लब बबराला गंगा के रोटेरियन योग करेंगे।

# साप्ताहिक बाज़ार में फड़ दुकानदार आपस में भिड़े

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर के साप्ताहिक बाजार में दो फड़ दुकानदार आपस में भिड़ गए। जिसमें दोनों ही मारपीट में घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

बबराला के साप्ताहिक बाजार में एक पक्ष भुट्टा बेचने वाले दुकानदार पवन निवासी लोधो की मढ़िया थाना गुन्नौर व दूसरे पक्ष मसाला बेचने वाले दुकानदार प्रमोद निवासी गांव फरीदपुर थाना गुन्नौर आपस में मोटर साइकिल का इंडिकेटर टूटने को लेकर भिड़ गए। प्रमोद का आरोप था कि उसकी बाइक का इंडिकेटर पवन ने तोड़ दिया। जबकि पवन का कहना था कि वह बिना बात के उस पर आरोप लगा रहा था। इसको लेकर पहले दोनों में कहासुनी हुई। फिर उसके बाद डंडे से मारपीट होने लगी। जिसमें दोनों घायल हो गए। दोनों ने पुलिस को तहरीर दी।फिर दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया।

# एसबीआई व पीएनबी में लम्बित मामलों पर डीएम ने जताई नाराज़गी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बैंकों की समीक्षा डीएल आर सी की बैठक में डीएम ने एसीपी प्लान पर चर्चा की और सम्बंधित को दिशा निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सीडी रेशियो एवं एसीपी प्लान पर चर्चा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जबकि एन आर एल एम के अन्तर्गत सीसीएल पर चर्चा की गयी। बैंक वार लंबित आवेदनों की जानकारी ली गई। उपायुक्त एन आर एल एम ने बताया कि बैंक एस बी आई, पी एन बी द्वारा सीसीएल पत्रावली लंबित हैं। उसको लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसी माह के अंदर सभी आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खादी ग्रामोद्योग अधिकारी ने लंबित आवेदनों को लेकर जानकारी पर जिलाधिकारी ने संबंधित बैंकों को निस्तारण कराना सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लंबित आवेदनों को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए सभी बैंक समय से लोन वितरण कराना सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, एलडीएम ललित विजय राय, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी शैलेंद्र सिंह एवं बैंकों के जिला समन्वयक एवं समस्त विकास खंड अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# जुमा की नमाज़ के दौरान रही विशेष सतर्कता

**सम्भल।** विगत वर्ष हुई हिंसक घटना के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की जा रही नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही। शुक्रवार को जुमा की नमाज़ शहर की हर छोटी-बड़ी मस्जिदों में अदा की,जामा मस्जिद में जुमा की नमाज़ के दौरान विशेष सर्तकता रही।

### सूचना

मैं कि गुलिस्तां पुत्री अनवार नि. मिठौली मिलक थाना हजरत नगर गढ़ी तह. व जिला सम्भल की शादी 9 साल पूर्व रिजवान पुत्र मौ. इल्यास नि. ग्राम मई जिला सम्भल के साथ हुई थी। हम दोनों में कशीदगी रहने लगी। नौबत तलाक तक आ गयी। मैने रिजवान से तलाक चाही। रिजवान में मुझे तीन तलाक रूबरू गवाहान दे दिया। अब हमारा पति पत्नी का कोई सम्बंध नहीं रहा है।

# एमडीए के कर्मचारी संगठन ने उठाई अपनी लंबित मांगों की आवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों ने अपनी वर्षों से लंबित समस्याओं को लेकर जोरदार तरीके से अपनी आवाज उठाई है। प्राधिकरण कर्मचारी संयुक्त संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतनमान एवं महंगाई भत्ता देने की मांगः मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी कई वर्षों से न्यूनतम वेतन और महंगाई भत्ते की मांग कर रहे हैं। जबकि लखनऊ, मेरठ जैसे अन्य प्राधिकरणों में यह सुविधा पहले से लागू है। कर्मचारियों ने आग्रह किया कि मुरादाबाद में भी यह सुविधा तत्काल प्रभाव से लागू की जाए और आगामी बोर्ड बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव रखा जाए। **मृतक आश्रितों को शैक्षिक योग्यता के अनुसार नियुक्ति देने की मांगः** संगठन ने स्वर्गीय सूर्याक्ष खन्ना की पुत्री, जो इंटरमीडिएट उत्तीर्ण हैं, को लिपिक पद के लिए पात्र होने के बावजूद चतुर्थ श्रेणी पद पर नियुक्त करने की अनुशंसा के खिलाफ आवाज उठाई। यह शासनादेशों के विपरीत है। इसी प्रकार, स्वर्गीय ओमप्रकाश (मेट) के आश्रित पुत्र के मामले में भी नियमों के अनुसार उचित स्तर की नियुक्ति की मांग की गई। संगठन ने इन मामलों में निष्पक्ष जांच और पुनर्विचार की मांग करते हुए कहा कि न्यायोचित समाधान में विलंब कर्मचारियों के आत्मविश्वास को प्रभावित कर रहा है। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष श्री संजय कुमार सत्संगी, महामंत्री श्री विजय कुमार दुबे, तथा पदाधिकारी इनाम अजीज, राधे श्याम, राजा राम सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो कर्मचारी शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उच्च अधिकारी इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करेंगे। यह बैठक मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर एक निर्णायक कदम के रूप में देखी जा रही है। संगठन ने प्रशासन से अपील की है कि वे कर्मचारियों की मांगों को प्राथमिकता दें ताकि संगठन और कर्मचारियों के बीच विश्वास बना रहे और विकास कार्य बाधित न हो

# छह–छह माह के लिए अध्यक्ष बने प्रदीप और प्रमोद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कांठ।** तहसील बार कार्य कारिणी में अध्यक्ष पद के लिए आए बराबर वोटो के बाद फंसे पेंच को आज उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के अध्यक्ष ने निकाल दिया दोनों पक्षों में आपसी सहमति कराकर प्रदीप कुमार और प्रमोद शर्मा को 6-6 माह का अध्यक्ष घोषित कर दिया। बतादें कि तहसील बार कार्यकारिणी के लिए 12 जून को मतदान और मतगणना हुई थी। जिसमें अध्यक्ष पद के उम्मीद के प्रत्याशी प्रदीप कुमार और प्रमोद शर्मा को 55-55 यानी बराबर बराबर वोट मिले जिसकी वजह से अध्यक्ष की घोषणा नहीं हो पाई चुनाव समिति ने यह मामला उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के समक्ष रखा जिसमें आज 20 जून की तारीख दी गई दोनों प्रत्याशी और चुनाव समिति बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौढ़ के समक्ष प्रस्तुत हुए जहां पर उन्होंने दोनों पक्षों की आपसी सहमति करा कर 6-6 माह का अध्यक्ष बनने के लिए तैयार कर लिया।



संजीव बिश्नोई ने बताया कि पहले 6 माह के लिए प्रदीप कुमार अध्यक्ष होंगे उसके बाद 6 माह के लिए प्रमोद शर्मा अध्यक्ष की कमान संभालेंगे। लेकिन प्रमाण पत्र दोनों को एक साथ और शपथ भी दोनों को एक साथ ही कराई जाएगी। इस तरह से बराबर बराबर वोट आने के बाद फंसा पेंच बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के समक्ष निकल गया है अब तहसील बार कार्यकारिणी के इस सत्र के लिए दो अध्यक्ष घोषित हो गए है।

## एक नजर

### पत्नी के प्रेमी से पति को पड़े जान के लाले, प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कांठ।** नसीरपुर निवासी खेमपाल सिंह का कहना है। कि उसकी पत्नि का पडोसी गाँव लकडैत थाना नौगाँवा सादात जिला अमरोहा के निवासी पंकज पुत्र शिवकुमार सिंह से लगभग दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा है। 15 जून को पंकज नसीरपुर गाँव मे चामुण्डा पर भंडारे में आया था, उससे खेमपाल की कहासुनी इसी बात को लेकर हुई थी। आरोप है कि 19 जून को करीब 22.15 बजे पंकज व उसका साथी भीम पुत्र गुन्नू यादव निवासी नसीरपुर घर के सामने गली मे आये और उसे आवाज लगायी। वह बाहर आया तो उन्होंने जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जिससे वह बाल-बाल बच गया। शोर मचाने पर वह धमकी देकर भाग गये। जिससे उसे जान का खतरा पैदा हो गया। पीड़ित थाने पहुंचा और उसने पुलिस को पूरी बात बताई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### छह करोड़ 50 लाख से होगी जनपद के स्कूलों की मरम्मत

**कांठ।** जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों की मरम्मत के लिए शासन ने 6.50 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति दी है। इससे स्कूलों में सफाई, रंगाई-पुताई एवं जर्जर भवनों की मरम्मत का काम किया जाएगा। विभाग की ओर, जिले में जिन स्कूलों की स्थिति खराब है, उन्हें चिन्हित कर लिया गया है।मुरादाबाद जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के 1400 से अधिक विद्यालय हैं। इनमें से कई विद्यालय ऐसे हैं जिनकी हालात जर्जर है। एक जुलाई से बच्चे स्कूल जाने लगेंगे। स्कूलों की स्थिति ठीक हो, इसके लिए शासन से बेसिक शिक्षा विभाग को 6.50 करोड़ रुपये की धनराशि मिली है। बीएसए विमलेश कुमार ने बताया कि स्कूलों को ठीक करने के लिए धनराशि मिल गई है।इससे स्कूलों की छत की मरम्मत सीलिंग दुरुस्त, शौचालय कं मरम्मत, खिड़की दरवाजे, बिजल ठीक कराने और विद्यालयों में रंग व पुताई कराई जाएगी। इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जल्द ही स्कूलों में मरम्मत करने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### यूपी बोर्ड के स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति होगी ऑनलाइन दर्ज

**कांठ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्कूलों में पारंपरिक हाजिरी व्यवस्था का डिजिटलीकरण करने का निर्णय लिया है। जुलाई से प्रदेश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज की जाएगी।इस व्यवस्था के लागू हो जाने से न केवल उपस्थिति व्यवस्था पारदर्शी बनेगी, बल्कि शिक्षण व्यवस्था की निगरानी और गुणवत्ता सुधार में भी यह मददगार सिद्ध होगी। स्कूलों के प्रधानाचार्य प्रतिदिन ऑनलाइन पोर्टल पर सभी छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति भरेंगे। बोर्ड की ओर से इसके लिए विशेष पोर्टल तैयार किया गया है।

इस डिजिटल प्रणाली का डेमो 23 जून को होगा।बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यालयों में पढ़ाई नियमित रूप से हो और शिक्षक समय पर स्कूल में उपस्थित रहें। इससे फर्जी उपस्थिति पर भी रोक लगेगी। साथ ही, छात्र उपस्थिति का वास्तविक डाटा मिलने से ड्रॉपआउट दर को नियंत्रित करने और छात्रों की पढ़ाई की निगरानी में भी सहायता मिलेगी।

### पहले बहन और अब भाई ने नीट की परीक्षा पास कर किया नाम रोशन



**कांठ।** मरकज मस्जिद काँठ के इमाम जनाब कारी इलियास साहब के बेटे कारी मोहम्मद उमैर ने नीट की परीक्षा में 530 अंक प्राप्त कर नाम रोशन कर दिया। बताया गया कि पिछले साल इनकी बड़ी बेटी स्वालिहा ने नीट कि परीक्षा में 666 अंक प्राप्त किए थे जो अब फिरोजाबाद से एमबीबीएस कर रही हैं। दोनों भाई बहन ने अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रौशन किया। आज हाजी रिजवान शकील और डॉ आसिम ने उनके घर जाकर उमेर और परिवार को मुबारकबाद दी।

### पेंडिंग चल रही मांगों को पूरा कराने के लिए 26 को रखी गई वार्ता



कांठ। भारतीय किसान यूनियन द्वारा अधिकारियों के सामने रखी गई मांगो की पेंडेंसी खत्म करने के लिए आज भारतीय किसान यूनियन ने एसडीएम से वार्ता की और त्रिस्तरीय बैठक 26 जून को बुलाने पर सहमति बनी। किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह और हरदीप बिश्नोई के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन टिकैट का प्रतिनिधिमंडल आज एसडीएम संत दास पवार से मिला और उन्होंने पूर्व में दिए गए ज्ञापनों में की गई मांगों को पूरा कराने के लिए बात रखी यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि त्रिस्तरीय बैठक बुलाकर पेंडिंग चल रही समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाना चाहिए।

इसके लिए 26 जून की दोपहर को भारतीय किसान यूनियन और अधिकारियों के बीच वार्ता करने पर सहमति बनी इस मौके पर चौधरी ऋषिपाल सिंह हरदीप बिश्नोई दर्शन सिंह बिश्नोई सियाराम सिंह सतवीर सिंह मान रामकला सिंह ठाकुर साहब सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा एवं पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा एवं पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न, बायो मेडिकल वेस्ट नियमावली को सख्ती से लागू कराने के निर्देश। जिले में 10 चिन्हित स्थलों पर मियावाकी पद्धति से होगा वृक्षारोपण, अधिकारियों को स्थल चिन्हित करने के निर्देश। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा एवं पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर विभागवार विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ ही पौधों की देखभाल को भी प्राथमिकता दी जाए इसके लिए बाउंड्री वॉल वाले चिन्हित स्थलों पर छायादार एवं फलदार पौधे लगाए ताकि उनकी बेहतर देखभाल हो सके। जिलाधिकारी ने जनपद के 10 स्थलों पर मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कराने के संबंध में निर्देश दिए और कहा कि जिले की सभी चीनी मिलें मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कराएंगी साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों को भी स्थल चिन्हित करते हुए मिलावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कराने के संबंध में निर्देशित किया। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी श्री सूरज ने कहा कि प्रत्येक विभाग प्रजाति वार पौधों की मांग कर लें ताकि पौधों की उपलब्धता के अनुसार विभागों को ब्लॉकवार नर्सरी का आवंटन किया जा सके। इस वर्ष शासन द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए थीम ष्एक पेड़ मां के नाम 2.0ष निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करें साथ ही अधिक से अधिक आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित कराएं।



वृक्षारोपण के उपरांत उन पौधों की देखभाल के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्रीन चौपाल के गठन के निर्देश हैं। जिसके माध्यम से पौधों की देखभाल सुनिश्चित कराई जाएगी। बायोमेडिकल वेस्ट के संबंध में विगत माह में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों का निरीक्षण करके बायो मेडिकल वेस्ट नियमावली के अनुपालन की स्थिति का सत्यापन करने के लिए निर्देशित किया गया था। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अनुपालन की स्थिति के बारे में जानकारी ली जिस पर प्रदूषण नियंत्रण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा गंभीरता पूर्वक अनुपालन न कराए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित न होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने ई-वेस्ट और प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन को लेकर की जा रही कार्रवाई के साथ-साथ जिले में चिन्हित वेटलैंड्स को पुनर्जीवित करने हेतु किया जा रहे प्रयासों के बारे में भी विस्तार पूर्वक समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव, एडीएम प्रशासन गुलाब चंद सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

### गांव में नहीं है किसी की सरकारी नौकरी

**कुढफतेहगढ/चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी के थाना कुढ फतेहगढ़ क्षेत्र का गांव धनुपरा ऐसा गांव है जहां से आज तक एक भी व्यक्ति किसी भी सरकारी विभाग में नौकरी पर नहीं है। पूरे गांव में आज तक एक भी व्यक्ति की सरकारी विभाग में नौकरी पर न होने से यह विषय क्षेत्र में चर्चा का बना हुआ है। गांव के युवा पढ़ाई लिखाई के साथ नौकरी की तैयारी भी करते हैं लेकिन अंत में सफलता नहीं मिल पाने के कारण नौकरी से वंचित रह जाते हैं। गांव धनुपुरा की आबादी 2500 है तथा यहां 900 मतदाता हैं। गांव में पढ़े-लिखे युवा भी काफी संख्या में है। गांव के ही 70 वर्षीय कृष्ण पाल सिंह तथा 65 वर्षीय चंद्रपाल सिंह ने बताया कि हमारे गांव में पहले से ही कोई व्यक्ति सरकारी नौकरी पर नहीं है। लगभग चार दशक पूर्व एक व्यक्ति रामऔतार सिंह रेलवे में लगे थे। उनके स्थान पर उनका पुत्र संजीव सिंह रेलवे में नौकरी कर रहे हैं। इसके अलावा और कोई भी आज तक नौकरी पर नहीं लगा हैं। वही हमारे गांव में तहसील बिलारी के गांव पालनपुर से आकर बसे वीरपाल सिंह हैं जिनकी पुत्री दिव्या तोमर ने अपनी ननिहाल बरेली में रहकर पढ़ाई की और वहीं से 05 वर्ष पूर्व पुलिस की नौकरी में लगी है।

# भाजपा सरकार में जनता बेरोजगारी और महंगाई से परेशानः कमाल अख्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** समाजवादी पार्टी से विधायक कमाल अखष्तर ने काँठ में लोगों की समस्याएं सुनी, और कहा कि उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारित कराने का प्रयास किया जाएगा। लोगों ने सीवरेज, पेयजल, गली, सड़क व बिजली लाइन के तारों के संबंध में अपनी अपनी समस्याएं रखते हुए विधायक से उनका समाधान करने की मांग की, विधायक ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समय पर समाधान करने के लिए कहा, उन्होंने भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाकर जनता को परेशान करने का आरोप लगाया। सपा के जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता परेशान है। इस सरकार में महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है। युवा बेरोजगार होकर घूम रहे हैं।



बाबा साहब डा.भीमराव आंबेडकर एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक, नकारात्मक प्रभुत्वादी पर पाबंदी लगाने का काम किया था। आज केंद्र व प्रदेश की सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बढ़ाकर जनता को महंगाई के मुंह में धकेलना चाहती है। लगातार भाजपा सरकार संविधान विरोधी कार्य कर रही है।इस मौके पर फुरकान अली, विक्रम सिंह यादव, बदरुद्दीन प्रधान, अरशद फुरकान खा,प्रो. साकिब अली ,इरफान चौधरी, अमजद अली, डा. दानिश, पिंटू विश्नोई, भूरा खा, उम्मेद चौधरी, दानिश चौधरी, श्यामी जाटव, रामवीर जाटव, नफीस शाका, मुर्तजा कुरैशी, हरपाल यादव, ओमप्रकाश रावण, मुजीब चौधरी, सतीश कुमार, जसराम सिंह, समरपाल सिंह, उस्मान मेंबर,अंजार चौधरी, मूसा चौधरी, आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने घर में भैंस का कटान कर रहे युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** उप निरीक्षक अनिल कुमार ने गांव पीपलसाना में दबिश देकर घर में भैंस का कटान कर रहे मांस व्यापारी को हिरासत में ले लिया। उसके तीन साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने चार मांस कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बरामद मांस को ढेला नदी के किनारे जमीन में दबा दिया। शक्रवार को पीपलसाना बीट प्रभारी अनिल कुमार गोस्वामी हमराही पुलिस कर्मियों राहुल कुमार एवं गौरव कुमार के साथ गांव में गश्त कर रहे थे। मुखबिर ने पुराने बुद्ध बाजार पीपलसाना में ईदगाह के निकट शकील मुल्ला के मकान के निकट प्लाट में भैंसों का कटान होने की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्लाट की घेराबंदी कर भैंस का कटान कर रहे मौहम्मद फईम पुत्र कलुआ को हिरासत में ले लिया। उसके तीन साथी पुलिस को चकमा देकर भाग गए। पूछताछ करने पर उसने भागे हुए तीन साथियों के नाम राशिद पुत्र प्यारे,सहीन पुत्र बाबू और नबिया पुत्र भूरा बताए। पुलिस ने मौके से डेढ़ क्विंटल मांस, कुल्हाड़ी, छुरी, सुम्मी,भैंस की खाल बरामद कर पशु चिकित्सक को बुलाकर मांस की जांच कराई। चिकित्सक ने मांस के नमूने लेकर भैंसवंशीय पशु का होने की पुष्टि की। पशु चिकित्सक की मौजूदगी में मांस को जेसीबी मशीन से ढेला नदी के किनारे गड्ढा खोदकर दबा दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### चार के खिलाफ केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस को दी तहरीर में गांव रानीनांगल निवासी इमामुद्दीन पुत्र अब्दुल अजीज ने कहा है कि शुक्रवार को सुबह ग्यारह बजे अपने पुराने कपड़ों के गोदाम में बैठा था। अचानक गांव के रफीक व राशिद पुत्र बुद्धा और जुनैद व अमन पुत्र रफीक आये और कहने लगे हमारे पेड़ काटने की सूचना पुलिस को देता है। मना करने पर गला दबाने लगे और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र गुलफाम पुत्र सुलतान व इसकी पत्नी उजमा पत्नी गुलफाम निवासीगण इस्लामनगर भूड़ कस्बा पाकबड़ा जिला मुरादाबाद गलत संगत में पड़ गये है ओर आये दिन मुझे व मेरे परिवार से मारपीट करते रहते हैं ओर हमारे साथ गलत व्यवहार करते हैं। जिनको में अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व कानूनी फौजदारी कार्यवाही के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का उक्त गुलफाम व उजमा से कोई मतलब वास्ता ना होगा। **सुलतान पुत्र अकबर निवासी इस्लामनगर भूड़ कस्बा पाकबड़ा जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र सुनील कुमार, पुत्रवधू श्रीमति पिंकी, पुत्र पूजारी, पुत्रवधू श्रीमति रूबी एवं इनके बच्चे को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमति ममता देवी पत्नी मुन्नू लाल एवं मुन्नू लाल पुत्र सिपाही लाल निवासी दिल्ली रोड निकट गाऊशाला मझोली थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुरादाबाद आवास विकास योजना के अंतर्गत एक मकान नरेंद्र कुमार पुत्र श्री श्याम सिंह निवासी मकान नंबर-1/ बी-118 बुद्धि विहार थाना मझोला मुरादाबाद। संख्या-1/ बी-118, जिसकी रजि0 दिनांक 30.03.2012, जिल्द संख्या 8780, पृष्ठ 361 से 388 क्रमांक 4537 पर हुई स्थित बुद्धि विहार आवास विकास परिषद मुरादाबाद, जिसकी चौहद्दी-उत्तर 6.00 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण-भवन संख्या-1 बी/117 , पूरब-भवन संख्या 1, बी/119, 120, 121, पश्चिम-18.00 चौड़ी सड़क का आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा, जिसकी सूचना थाना सिविल लाइंस मुरादाबाद पर दी जा चुकी है, उपरोक्त संपत्ति को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा दिल्ली रोड, मुरादाबाद में बंधक रखा जा रहा है, यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त की बाबत कोई आपत्ति है तो नोटिस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर बैंक जाकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें तत्पश्चात उपरोक्त मूल प्रपत्रों का उपयोग अवैधानिक होगा।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा दिल्ली रोड, मुरादाबाद, 244001 अमित कुमार यादव एडवोकेट, Mob. 8126507751

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने सगे पुत्र शाहरुख खान पुत्र छोटे को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में शाहरुख खान के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **छोटे पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम सब्जीपुर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।**


# व्यवस्था बनाने में कम कागज चेक करने में रहता है ट्रैफिक पुलिस का ध्यान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कांठ।** सड़कों पर व्यवस्था बनाने में कम वाहन चौक करने में ट्रैफिक पुलिस का ध्यान ज्यादा लगा रहता है जिसकी वजह से थाने के सामने जाम लगना आम बात हो गई है बतादे की जिले से ट्रैफिक पुलिस की तैनाती कांठ में की जाती है ट्रैफिक पुलिस ने थाने के सामने रेलवे फाटक को अपना पॉइंट बनाया हुआ है। जहां पर उनके द्वारा वाहन चेकिंग पर ध्यान ज्यादा दिया जाता है जबकि रेलवे फाटक बंद होने के बाद वाहनों को सड़क किनारे व्यवस्थित करने में ध्यान बिल्कुल भी नहीं रहता इसका लाभ उठाकर वाहन चालक अपनी आदतों के मुताबिक डबल और ट्रिपल लाइन में वाहनों को खड़ा कर लेते हैं और जैसे ही फाटक खुलता है फाटक पर जाम लग जाता है। इससे दूर दराज जाने वाले वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बतादे की इस रूट से दिल्ली और हरियाणा एवं उत्तराखंड की गाड़ियां बड़ी संख्या में निकलती है लेकिन फाटक पर लगे जाम के कारण उन्हें भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है स्थानीय लोगों को भी प्रतिदिन चेकिंग से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने एक ही स्थान पर चेकिंग ना करते हुए शहर से बाहर चेकिंग पॉइंट बनाए जाने की मांग की है।



### ग्रेनो वेस्ट में बनेगा सरस्वती गार्डन

**ग्रेअर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर 16बी में सरस्वती गार्डन विकसित करने की योजना बनाई है। यह गार्डन ज्ञान, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित होगा। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। एसीईओ प्रेरणा सिंह के अनुसार, गार्डन में कमल के आकार की एक विशेष छतरी बनाई जाएगी। इसी आकार में एक अध्ययन कक्ष भी होगा। छात्रों और पुस्तक प्रेमियों के लिए यह एक शांत और प्रेरणादायक स्थान होगा। गार्डन में एक अर्धवृत्ताकार प्रस्तुति मंच बनेगा। इसमें प्राकृतिक पत्थरों की बेंच लगाई जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए यह एक उपयुक्त स्थान होगा। वीणा की मूर्ति स्थापित की जाएगी। गार्डन में हरियाली, टीले और पैदल पथ भी होंगे। परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है। तकनीकी परीक्षण के बाद डिजाइन को अंतिम रूप दिया जाएगा। फिर टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि यह गार्डन ग्रेनो वेस्ट के निवासियों की थीम पार्क की मांग को पूरा करेगा। यह स्थानीय लोगों, छात्रों और कलाकारों के लिए एक सक्रिय मंच बनेगा।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**Tender No. Date:** 73-DRM-MB-25-26 dt. 19.06.2025. **Name of Work:** (Zone no. 3 MB) All residential /Service building in North side and south side of main road including wood, steel & road work in the section of SSE/W/HRH under ADEN/HQ/MB. (2025-26). **Tender Closing Date Time:** 14.07.2025 **Advertised Value (Rs.):** 1,70,99,999.61 **Earnest Money (Rs.):** 2,35,500.00 **Tender Cost (Rs.):** 00 **Bidding Start Date:** 30.06.2025 **Period of Completion:** 12 Month

**Tender No. Date:** 74-DRM-MB-25-26 dt. 19.06.2025. **Name of Work:** (Zone no. 2 MB) All service/Residential building between Sambhal road and LOCO shed, ROB and south side UP dep. Line in the section of SSE/W/South colony / MB including wood, steel & road work and All work in residential building & service Building including Loco colony & Line section of SSE/W/Loco/MB under SSE/W/HQ/MB, including wood, steel & road work under ADEN/HQ/MB (2025-26). **Tender Closing Date Time:** 14.07.2025 **Advertised Value (Rs.):** 1,65,99,998.06 **Earnest Money (Rs.):** 2,33,000.00 **Tender Cost (Rs.):** 00 **Bidding Start Date:** 30.06.2025 **Period of Completion:** 12 Month

पत्रांक-75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 19.06.2025 1841/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को समर्पित प्रोफेशनल मीट का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को समर्पित प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी, विशिष्ट अतिथि भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला आदि ने भारत माता, श्याम प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रोफेशनल मीट में विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका के अंतर्गत सत्यपाल सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 में जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी, तभी से राष्ट्र पुनर्निर्माण का नया युग प्रारंभ हुआ। यह 11 साल संकल्प से सिद्धि की यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष, मोदी जी ने भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण क्षेत्र में इतिहास रच दिया है। यह 11 वर्ष केवल प्रशासनिक उपलब्धियां नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की नींव और वैश्विक मंच पर भारत की पुन: प्रतिष्ठा का कालखंड है।

सत्यपाल सिंह सैनी ने कहा कि 11 वर्ष का यह काल केवल सरकार की उपलब्धियां का ही नहीं बल्कि हर प्रोफेशनल का एंपावरमेंट काल है।रोजमर्रा की जिंदगी हो या प्रोफेशनल विकास इंफ्रास्ट्रक्चर क्रांति ने हर पहलू को गति दी हैं। पिछले 11 वर्षों में परिवर्तनकारी यात्रा ने न्यू इंडिया की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत सिर्फ एक योजना नहीं है। एक सपना हैं वो सपना जिसका मतलब केवल आर्थिक विकास नहीं बल्कि देश के हर नागरिक सपनों का और उम्मीदों का प्रतिबिंब है। विकसित भारत मतलब हर गांव, हर शहर, हर घर में खुशहाली समृद्धि और सामान अवसर प्रदान



करना। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने विकसित भारत का सपना देश के सामने रखा एक ऐसा भारत जो आजादी के 100 साल पूरे होने पर दुनिया की अग्रणीय पंक्ति में हो। भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हो चाहे कृषि, उद्योग, विज्ञान या तकनीकी युवा शक्ति को नवाचार शिक्षा और कौशल विकास के लिए पूरे अवसर और संसाधन मिले।भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का मूल उद्देश्य समाज के प्रोफेशनल वर्ग जिसमें अधिवक्ता, डॉक्टर, इंजीनियर, पत्रकार, चार्टर्ड अकाउंटेंट, शिक्षाविद्, उद्यमी, खिलाड़ी, व्यवसायी और अन्य बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों को केंद्र सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और भविष्य के रोडमैप से अवगत कराना था।प्रबुद्ध समागम समापन कार्यक्रम में सशक्त भारत और सुरक्षित भारत पर प्रबुद्ध प्रकोष्ठ महानगर संयोजक देवराज सिंह चौहान ने कहा कि सशक्त भारत तभी होगा जो हमारे भारत की सीमाएं सुरक्षित होगी मजबूत सीमाएं आतंकवाद और घुसपैठ को रोकते हैं सुरक्षा ही मजबूत भारत की नींव है इसके बिना आर्थिक और सामाजिक प्रगति संभव नहीं है देश की सीमाएं मजबूत हो आंत. कवाद और नक्सलवाद पर कड़ा प्रहार हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमृत काल में विकसित भारत का सपना आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ा है मोदी जी के नेतृत्व में भारत मजबूत और सशक्त हुआ है सीमाओं पर कड़ी सुरक्षा है आज भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर है।प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक देवराज सिंह चौहान ने व संचालन कार्यक्रम संयोजक विशाल त्यागी ने किया।प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी सतपाल सैनी विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला,महानगर संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ देवराज सिंह चौहान के के मिश्रा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, महानगर महामंत्री कमल गुलाटी, ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह अभियान संयोजक नवदीप टंडन सह संयोजक अजय वर्मा हेमराज सैनी विशाल त्यागी महावीर सिंह पार्षद सुरेंद्र विश्नोई राहुल शर्मा हेमराज सैनी दिनेश सिसोदिया चंद्र प्रजा. पति गेत्र पाल सिंह कविश राणा मुकेश भारद्वाज धर्मेंद्र मिश्रा विमलेंद्र शर्मा हरीश भसीन मनमोहन सैनी अतुल दुबे संजीव चौहान राजेश गुप्ता कुलदीप मोहित गौड़ नारायण विनोद शर्मा रमेश सैनी योगेंद्र रस्तौगी अमित शर्मा टीटू सैनी अभिषेक मुनीन्द्र कुमार चौबे दीक्षांत चौधरी नितेश कुमार सुनीता शर्मा शशी किरण बबली यादव मदालसा शर्मा रंजना शर्मा सुनीता सैनी पूर्णिमा खन्ना हेमा खत्री नीलम रस्तौगी द्रोपा देवी मधु बाला त्यागी ज्योति बंसल सुषमा शरण लक्ष्मी बिश्नोई रेनू सिंह सुनीता गुप्ता प्रिया अग्रवाल पूनम चौहान शोभा शर्मा गुड्डी चौहान रामचंद्र कश्यप अश्वनी शर्मा सौरभ सक्सैना मिथुन शर्मा सोमपाल सिंह प्रजापति विशाल रस्तौगी विपिन प्रजापति गजेंद्र लोदी विजयपाल सिंह कपिल गुप्ता प्रमोद शर्मा राजीव बिश्नोई संजीव चौधरी बाल्मीकिप्रशांत ठाकुर राजपाल नीरज कुमार सोनू छाबड़ा अमन अग्रवाल आदि प्रबुद्धजन डॉक्टर्सइंजीनियरस, एडवोकेट्स, शिक्षकगण, एनजीओ के पदाधिकारीगण मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारीगण भरी संख्या में विभिन्न प्रकार के कार्य करने वाले व्यापारीगण, महानगर, मंडल मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण शक्ति केंद्र संयोजक आदि शामिल रहे।

## शांति भंग के आरोप में छह आरोपियों का चालान, पांच रिहा, एक को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** अलग अलग गांव में हुई मारपीट में पुलिस में छह लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफतार किया है। जिसमें एक आरोपी एसडीएस ने सुनवाई के जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी निवासी राजपाल सिंह पुत्र यादराम सिंह व अर्जुन पुत्र राजपाल सिंह का अपने पड़ोसी सुरेश पुत्र अतर सिंह से रास्ते में दरबाजा लगाने को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने सुरेश की शिकायत पर पिता पुत्र को शांति भंग के आरोप में गिरफतार कर लिया। उधर क्षेत्र के गांव नारायनपुर छंगा मे उदित पुत्र गन्नू सिंह से अपने पड़ोसी पवनीश व विशाल पुत्रगण प्रकाश वीर सिंह से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षो की शिकायतें पर तीनों का शांति भंग के आरोप में गिरफतार कर लिया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के गांव मस्तल्लीपुर में उप स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात सी0एच0ओ की सूचना पर पीआरवी पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने स्वास्थ्य केंद्र पर उपद्रव करने वाले मस्तल्लीपुर निवासी जुनैद पुत्र शमीम को पकड़ कर कोतवाली ले आयी। कोतवासीली गेट पर पुलिस कमियों के साथ अभद्रता करने पर शांति भंग के आरोप में गिरफतार कर लिया। पुलिस ने शुक्रवार सभी आरोपियों का शांति में चालान एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां एसडीएम ने सुनवाई के बाद पांच आरोपियों को पर छोड़ दिया, जबकि आरोपी जुनैद को जेल भेज दिया है।

## करेली रोड पर जमीन पर पड़े विद्युत केबिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते बड़ी घटना हो सकती है क्योंकि चन्दौसी के करेली रोड पर शमसान घाट के पास दर्जनों कनेक्शन बांस की बल्लियां लगाकर संचालित किये गये हैं। मजे की बात तो यह है कि पीवीसी केबल जमीन को स्पर्श कर रहा है, लोग दिन एवं रात्रि के समय खुले. तार पर कनेक्शन जोड़कर ई-रिक्शा चार्ज करते हैं। कई बार जमीन गीली होने पर तार स्पार्किंग भी करते हैं जिससे लोगों को करंट लगने का खतरा रहता है।

हालांकि विद्युत विभाग से क्षेत्र में कई बार विद्युत पोल लगाने के संबंध में गुहार लगाई गई परंतु कोई सुनवाई नहीं है। मौहल्ले के अनुज शर्मा, पवन शर्मा, रुपराम, हरीशचंद्र आदि ने मांग की है कि सड़क पर पोल लगाकर कनेक्शन सही ढंग से लगाये जायें जिससे बिजली चोरी के साथ-साथ दुर्घटना से भी बचा जा सकता है।

## गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में सूर्य नमस्कार का कराया अभ्यास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेश के अनुसार आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दी गई थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग पर चल रहे कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया साथ ही वीरभद्र आसान त्रिकोणासन पवनमुक्त आसन ताड़ासन आसनों का भी अभ्यास कराया गया।प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने गोकुल परिवार को योग के प्रति जागरुक करते हुए कहा योग में किए जाने वाले आसन और मुद्राएं न केवल मांसपेशियों को मजबूत करती हैं, बल्कि यह पूरे शरीर को ऊर्जा से भर देती हैं।सूर्य नमस्कार के नियमित अभ्यास से शरीर में रक्त संचरण बेहतर होता है, स्वास्थ्य बना रहता है और शरीर रोगमुक्त रहता है। साथ ही उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार से हृदय, यकृत, आँत, पेट, छाती, गला, पैर शरीर के सभी अंगो के लिए बहुत से लाभ हैं। सूर्य नमस्कार सिर से लेकर पैर तक शरीर के सभी अंगो को बहुत लाभान्वित करता है।उन्होंने कहा आज की व्यस्त दिनचर्या में सिर्फ 10 मिनट का समय निकाल कर सूर्य नमस्कार कर लेते हैं तो हमें शारीरिक और मानसिक लाभ मिलता है ।उप प्राचार्य प्रोफेसर अंजना दास ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार एक प्राचीन योगिक अभ्यास है जो सूर्य को समर्पित है। यह एक पूर्ण शरीर कसरत है जो शरीर, मन और आत्मा को लाभ पहुंचाती है।शिविर का आयोजन और संचालन डॉक्टर शेफाली अग्रवाल द्वारा किया गया। समस्त गोकुल परिवार ने शिविर में उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

## पर्यावरण मंत्री ने हाई-टेक ऑटोमैटिक मिस्ट सिस्टम का किया मुआयना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने लोधी रोड पर ऑटोमैटिक मिस्टिंग सिस्टम का ग्राउण्ड इंस्पेक्शन किया। यह हाई-प्रेशर मिस्ट स्प्रेयर धूल के कणों को दबाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। ये सिस्टम न केवल सेंट्रल दिल्ली में बल्कि द्वारका की डी.डी.ए. सड़कों पर भी चालू हैं, जिससे राजधानी के केंद्र और बाहरी इलाकों में वायु गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

निरीक्षण के दौरान मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि "दिल्ली बदल रही है। हम प्रदूषण से लड़ने के लिए डेटा-ड्रिवन और टेक्नोलॉजी-बेस्ड सॉल्यूशन्स लागू कर रहे हैं। दिल्ली में प्रदूषण रोकने के लिए किये जा रहे काम आने वाले समय में अन्य राज्यों के लिए भी एक बेंचमार्क बनेंगे। लोधी रोड पर पूरा हो चुका यह प्रोजेक्ट ५६० मीटर में फैला हुआ है, जहां १५ पोल लगाए गए हैं। हर पोल पर ३० हाई-प्रेशर ब्रास और स्टेनलेस स्टील मिस्टिंग नोजल्स लगाए गए हैं, जो ४० बार प्रेशर पर २.८ लीटर प्रति घंटा की दर से अल्ट्रा-फाइन मिस्ट स्प्रे करते हैं। यह सिस्टम १० भ्च के मिस्टिंग पंप से संचा. लित होता है, जिसमें पाइपलाइन, त्व यूनिट, PVC टैंक, कंट्रोल पैनल और एक समर्पित पंप रूम शामिल है। इस पूरे सिस्टम की कुल लागत पंपरूम सहित ६३४ लाख रही है।लोधी रोड और द्वारका के अलावा, अफ्रीका एवेन्यू (८५० मीटर, ३० पोल) और शांति पथ (९०० मीटर, ३० पोल) पर भी ऐसे ही सिस्टम लगाए जा रहे हैं। मंत्री ने बताया कि अगले चरण में २५ से अधिक दिल्ली की प्रमुख सड़कों जैसे भवन दास रोड, तिलक मार्ग, जाकिर हुसैन मार्ग, शाहजहाँ रोड, अशोक रोड, हनुमान मंदिर, खान मार्केट आदि को भी कवर किया जाएगा।

## चन्दौसी के आराध्य सिंह ने अभिनय की दुनिया में बनाई पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** यदि परिश्रम के साथ कुछ करने का जुनून सवार हो तो व्यक्ति क्या नहीं कर सकता। व्यक्ति छोटे से शहर से निकलकर भी मेहनत के बल पर प्रसिद्धि पा सकता है। चन्दौसी से कस्बे से निकलकर इसी तरह मेहनत कर एक युवक ने माया नगरी मुंबई में अपनी पहचान बनायी है। पिछले सात वर्षों से मायानगरी मुंबई में कलाकार आराध्य सिंह नि. गणेश कॉलोनी चन्दौसी ने कई टीवी सीरियल जैसे तारक मेहता का उल्टा चश्मा व क्राइम पेट्रोल आदि के काम कर चुके हैं। साथ ही आराध्य एक उत्कृष्ट कथक डांसर भी हैं। आराध्य का मानना है कि सफल वही होता है जो लगन के साथ मेहनत करता है। सफलता एकदम नहीं मिलती।



कलाकारों को प्रारंभिक तौर पर न्यूनतम मार्जन पर काम मिलता है पर जो कलाकार परिश्रम करता रहता है तो उसे अवसर मिलने शुरु हो जाते हैं। हालांकि वह मुंबई में अभिनय के साथ-साथ बीएससी की पढ़ाई भी कर रहे हैं और एमबीए करना चाहते हैं।

## एसडीएम कार्यालय सहित अन्य स्थानों पर मनाया जाएगा योग दिवस

**ठाकुरद्वारा।** नगर व देंहात क्षेत्र में अमृत सरोजवर पर आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिसमें अलग-अलग स्थान पर भारी संख्या में लोग योगासन करेंगे। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिसमें हजारों लोग शामिल होकर योगासन करेंगें और योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प भी लेंगे। शनिवार की सुबह सूर्य नमस्कार के साथ नगर की उपजिलाधिकारी कार्यालय परिसर,ब्लाक परिसर, निरंकारी सत्संग भवन परिसर सहित देंहात क्षेत्र में ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवर तालाबों पर योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

## मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को बैठक आयोजित



**भोजपुर।** शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा रूद्र प्रताप सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक ने थाना परिसर में आगामी मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए ताजियेदारों व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करने एवं नई परंपरा शुरू नहीं करने का आह्वान किया गया।

## पत्रकार को साइबर अपराधी समझ कार से जबरन बाहर निकाला, मांगी माफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नोएडा के एक पत्रकार राहुल शाह को गलत पहचान के आधार पर आपराधिक मामले में संदिग्ध समझकर रोका, जिसके बाद पुलिस ने माफी मांगी। यह घटना १९ जून को नोएडा के सेक्टर ३८ में एक पेट्रोल पंप पर हुई, जहां पुलिस ने पत्रकार को साइबर अपराधी समझकर उनकी कार से बाहर निकाला। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद दिल्ली पुलिस ने औपचारिक माफी जारी की।

दिल्ली पुलिस के बयान के अनुसार, बाहरी दिल्ली के प्रेम नगर पुलिस स्टेशन की एक टीम भारतीय न्याय संहिता की धारा ३१८(४) (मूल्यवान सुरक्षा से जुड़ी धोखाधड़ी) और ६१(२) (आपराधिक साजिश) के तहत दर्ज एक मामले की जांच कर रही थी। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने बताया कि टीम बहादुरगढ़ निवासी एक संदिग्ध राहुल की मोबाइल लोकेशन ट्रैक कर रही थी। सिग्नल के आधार पर टीम नोएडा के सेक्टर-३८ में एक पेट्रोल पंप पर पहुंची, जहां उन्हें पत्रकार राहुल शाह अपनी पत्नी के साथ कार में मिले। डीसीपी गौतम ने कहा, 'चेहरे की विशेषताओं और नाम में समानता के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हुई। जब पुलिस ने पहचान पत्र मांगा तो व्यक्ति ने कथित तौर पर इसे दिखाने से इनकार कर दिया और बहस शुरू हो गई।श हालांकि, बाद में व्यक्ति ने खुद को नोएडा के पत्रकार राहुल शाह के रूप में बताया। पुलिस ने गलती का एहसास होने पर माफी मांगी और जांच को आगे बढ़ाया। पत्रकार राहुल शाह ने पुलिस के दावे का खंडन करते हुए कहा कि उन्होंने और उनकी पत्नी ने आधार कार्ड, पैन कार्ड और प्रेस आईडी सहित सभी पहचान पत्र दिखाए थे। शाह ने पीटीआई से कहा, श्पुलिस ने हमारी कोई दलील नहीं सुनी और मुझे मेरी बेल्ट से पकड़कर जबरन कार से बाहर निकाला। मेरी पत्नी, जो एक पत्रकार हैं उन्होंने घटना का वीडियो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

शाह ने अपने बयान में कहा, श१९ जून को सेक्टर-३८ के पेट्रोल पंप पर ईंधन भरते समय, दिल्ली पुलिस के तीन अधिकारियों ने मुझे गलत तरीके से पकड़ लिया। वे 'राहुल' नामक एक साइबर अपराधी की तलाश कर रहे थे और सिर्फ नाम के मिलान के आधार पर मुझे कार से बाहर खींचकर एक निजी गाड़ी में जबरन डालने की कोशिश की।

## नगर आयुक्त के प्रयासों से शहर में योग का नया उत्साह पार्कों और मार्गों में स्थापित हुई योग मुद्रा की प्रतिमाएं

**मुरादाबाद।** महानगर के नागरिकों के लिए योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की दिशा में नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल एक अनूठी पहल की है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर के सभी प्रमुख पार्कों और मार्गों को योग मुद्रा करती प्रतिमाओं से सजाया गया है, जिससे नगरवासी न केवल योग के महत्व को समझ रहे हैं, बल्कि प्रेरणा लेकर स्वयं भी योगाभ्यास करने लगे हैं। इस पहल के माध्यम से नगर निगम ने योग को जन-जन तक पहुँचाने का जो कार्य शुरू किया है, वह प्रशंसनीय और सराहनीय है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर नगर निगम ने शहर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दी है।




नगर के सभी 70 वार्डों में योग की पाठशालाएं संचालित की जा रही हैं, जहां नागरिकों को योग के विभिन्न आसनों की जानकारी दी जा रही है। इसी के साथ, नगर के प्रमुख पार्कों और मुख्य मार्गों के किनारे योग मुद्रा करती प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जो योग के विभिन्न आसनों को प्रदर्शित करती हैं। ये प्रतिमाएं न केवल शहर की शोभा बढ़ा रही हैं, बल्कि लोगों को योग के प्रति जागरूक भी कर रही हैं

## जलभराव से निबटने को बैठक

**नई दिल्ली।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) व ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त सर्वे में पता चला है कि राजधानी में ७१ जगहों पर बड़े पैमाने पर जलभराव होता है। दिल्ली में अगले सप्ताह मानसून दस्तक दे सकता है। ऐसे में इंतजाम परखने के लिए पीडब्ल्यूडी के उप सचिव एमके निखिल की ओर से लेटर जारी कर शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक बुलाई गई ।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बैठक सुबह ११ बजे दिल्ली सचिवालय में बुलाई गई । बैठक में निगम आयुक्त, सिचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल बोर्ड के सीईओ, डीयूएसआईबी के सीईओ, ट्रैफिक पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त, डीएसआईआईडीसी के प्रबंधक निदेशक, डीएमआरसी के मैनेजिंग डायरेक्टर, एनटीपीसी के चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर, एनएचएआई के प्रादेशिक अधिकारी और पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर इन चीफ आदि शामिल हुए । पिछले वर्षों के अनुभव व जलभराव को देखते हुए जलभराव वाली ७१ जगहों की पहचान की गई है। बैठक में इन जगहों पर जलभराव क्यों होता है व कितने समय से हो रहा है।


**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र हिफजुर रेहमान व उसकी पत्नी शाजिया परवीन के गलत आचरण व व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिए है। उनके अच्छे-बुरे कार्यों व लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी और मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। **नूर जहाँ पत्नी स्व० नसीम अहमद मौहल्ला मंझौली अफजलगढ़ तहसील धामपुर, जिला बिजनौर।**



**उत्तर रेलवे**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली – 110 001
Mail ID : salenr365@gmail.com

संख्या : 117–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2025–26 दिनांक : 19.06.2025

नीलामी सूचना सं०– जुलाई–2025

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

जुलाई 2025 की ई–नीलामी

| क्र. सं० | नीलामी करने वाला डिपो/डिवीजन | नीलामी समय | प्रथम चरण की तिथि | द्वितीय चरण की तिथि | तृतीय चरण की तिथि | चतुर्थ चरण की तिथि | पंचम चरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 7 | 12 | 18 | 25 |
| 2 | शकुरबस्ती 011-27015387 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 9 | 16 | 23 | 29 |
| 3 | जगाधरी 01732-252388 | 10:00 पूर्वाह्न | 5 | 8 | 15 | 22 | 28 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522-2234756 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 9 | 14 | 22 | 29 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632-244154 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 10 | 17 | 24 | 30 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171-2611203 | 10:00 पूर्वाह्न | 2 | 7 | 11 | 21 | 28 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591-2413141 | 10:00 पूर्वाह्न | 4 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011-23365311 | 10:00 पूर्वाह्न | 3 | 9 | 14 | 21 | 29 |

नोटः 1. नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे 2. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 3. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 3. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें।

(नरेंद्र सिंह)
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

1860/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कोहली-रोहित की अनुपस्थिति भारत को पड़ेगी भारी

**● सीरीज को लेकर आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन और द. अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने जताई राय**



**दुबई, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो गई है। लीड्स में दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जा रहा है। भारतीय टीम इस दौरे पर विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आई है जिन्होंने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा था।

टेस्ट सीरीज को लेकर आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने अपनी राय रखी है। हेडन और स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है और उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा। हेडन ने आईसीसी से कहा, मुझे लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा। शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा कड़ी अग्नि परीक्षा होगा। जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए यहां की परिस्थितियां पूरी तरह से विपरीत होती हैं। इसलिए मैं इस सीरीज में इंग्लैंड को जीत का प्रबल दावेदार मानता हूं।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है और ऐसे में जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ पड़ेगा।

स्मिथ ने कहा, इंग्लैंड अपने घरेलू मैदानों पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करता है। वे परिस्थितियों को समझते हैं और उसका सर्वश्रेष्ठ लाभ उठाते हैं। मुझे लगता है कि शुभमन और उनकी टीम के लिए यह एक चुनौती होगी, क्योंकि भारतीय टीम के पास अनुभव की कमी है। मुझे लगता है कि बुमराह गेंदबाजी आक्रमण का बड़ा हिस्सा संभालेंगे। परिस्थितियां इंग्लैंड के अनुकूल हैं और इसलिए मुझे लगता है कि वह भारत से बेहतर प्रदर्शन करेगा।

# आस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव

**● वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट से लाबुशेन-स्मिथ बाहर, कोंस्टस-इंग्लिस को दिया गया मौका**



**सिडनी, वार्ता।** बारबाडोस में 25 जून से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले टेस्ट से पहले आस्ट्रेलिया ने अपनी टीम में दो बड़े बदलाव किए हैं। मार्नस लाबुशेन को खराब फार्म के कारण टीम से बाहर किया गया है, जबकि स्टीव स्मिथ चोट के कारण नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह सैम कोंस्टस और जोश इंग्लिस को टीम में शामिल किया गया है। आस्ट्रेलिया ने अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने का फैसला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद लिया है। लाबुशेन डब्ल्यूटीसी फाइनल में दोनों पारियों में 39 रन ही बना पाए थे लाबुशेन को डब्ल्यूटीसी फाइनल में ओपनिंग की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन वह 17 और 22 रन ही बना सके।

पिछले दो सालों से उनका फार्म खराब चल रहा है। चयन समिति के अध्यक्ष जार्ज बेली ने कहा कि मार्नस अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में टीम के लिए अहम हो सकते हैं। हम उनके साथ उनकी कमजोरियों को सुधारने पर काम करेंगे। हमें उनकी क्षमता पर भरोसा है और उम्मीद है कि वह इस चुनौती का सकारात्मक जवाब देंगे। कोंस्टस को तीसरा टेस्ट खेलने का मौका कोंस्टस को तीसरा टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा, जिन्होंने भारत के खिलाफ मेलबर्न में डेब्यू पर 65 गेंदों में 60 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लिस ने इस साल गाले में श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में शतक जड़ा था। स्मिथ डब्ल्यूटीसी फाइनल में चोटिल हो गए थे स्मिथ को लार्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे दिन टेम्बा बवुमा का कैच पकड़ने का प्रयास करने के दौरान दाहिने हाथ की छोटी उंगली में चोट लगी थी। सर्जरी से बचने के लिए उन्हें आठ सप्ताह तक स्प्लिंट पहनना होगा। हालांकि, उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज सीरीज के बाद के मैचों में वापसी कर सकते हैं। बेली ने कहा कि स्टीव को घाव ठीक होने के लिए और समय चाहिए। हम एक हफ्ते बाद उनकी स्थिति की समीक्षा करेंगे। बेली ने कोंस्टस और इंग्लिस को मौका देने पर उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि जोश ने श्रीलंका में अपने डेब्यू टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया था। वह विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाने की क्षमता रखते हैं। प्लेइंग इलेवन और बल्लेबाजी क्रम की घोषणा टेस्ट के करीब होगी, लेकिन कोंस्टस के उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने की संभावना है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### क्रिकेट पर सट्टेबाजी कर रहे दो गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, वार्ता।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने लाखों रुपए के ऑनलाइन सट्टेबाजी के कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को रात में ईरास 100 फुट रोड पर तमिलनाडु क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए विनोद जाट को गिरफ्तार किया। जांच के बाद तीन और नाम सामने आए जिनमें मनीष, फजल और दीपक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक अन्य कार्रवाई के तहत पुलिस ने ईरास रोड पर गोपी सिंधी को ऑनलाइन सट्टे के आरोप में पकड़ा है। गोपी ने यह काम आजाद नगर स्थित एक कारोबारी के लिए करना बताया है। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है।

### टेनिस चैंपियनशिप में तपस्वी ने जीता स्वर्ण पदक

**सोनीपत, वार्ता।** हरियाणा के सोनीपत के कुंडली में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप सीरीज अंडर-14 में लिटल एंजल्स लॉन टेनिस एकेडमी के खिलाड़ी तपस्वी ने प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली के खिलाड़ी वेदांत को 6-4, 7-5 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तपस्वी ने इस जीत के साथ ना केवल अपनी एकेडमी बल्कि राज्य का नाम भी रौशन किया। प्रतियोगिता में लगभग 85 खिलाध्यिों ने भाग लिया। तपस्वी जूनियर स्तर पर अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब पुणे में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा।

# पटौदी ने कई पीढियों को प्रेरित किया: तेंदुलकर

**लंदन, वार्ता।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें जैसे ही पता चला कि भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए ट्राफी का नाम बदला जा रहा है, उन्होंने दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के परिवार से संपर्क किया और उन्हें आश्वस्त किया कि इस सीरीज से पूर्व कप्तान का जुड़ाव खत्म नहीं होगा। पटौदी ट्राफी का नाम बदलकर तेंदुलकर और इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम पर एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी रखा गया है।

यह फैसला इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई ने मिलकर लिया है। तेंदुलकर ने कहा कि मुझे पता है कि बीसीसीआई ने कुछ महीना पहले पटौदी ट्राफी को रिटायर किया है , लेकिन जब मुझे पता चला कि इसका नाम मेरे और एंडरसन के नाम पर रखा जा रहा है तो मैने सबसे पहले पटौदी परिवार को फोन किया। उन्होंने कहा कि टाइगर पटौदी ने कई पीढियों को प्रेरित करने में बड़ी भूमिका निभाई है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।श पटौदी परिवार सीरीज से जुड़ा रहेगा क्योंकि अब विजयी कप्तान को नया 'पटौदी उत्दृष्टता पदक' देने का फैसला किया गया है। यह तेंदुलकर और बीसीसीआई के पूर्व सचिव तथा आईसीसी के मौजूदा चेयरमैन जय शाह और ईसीबी के आला अधिकारियों के बीच कई दौर की बातचीत के बाद हुआ। तेंदुलकर ने कहा कि मैंने उनसे बात की। मैंने सब कुछ बताया। मैंने यह भी कहा कि पटौदी विरासत को जीवंत रखने के लिए हमें हरसंभव प्रयास करने होंगे।

**कोहली, रूट व गांगुली को जगह नहीं**

# 21वीं सदी की सर्वश्रेष्ठ एकादश का ऐलान



**● इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और माइकल एथर्टन ने चुनी एकादश, द्रविड-सचिन को टीम में दी प्राथमिकता**

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तानों ने 21वीं सदी की भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों से बनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग-11 चुनी है। इस टीम में चौंकाने वाली बात मौजूदा समय के दो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विराट कोहली और जो रूट का नहीं होना है।

साथ ही टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली, जहीर खान और वेरी वेरी स्पेशन वीवीएस लक्ष्मण को भी इसमें जगह नहीं दी गई है। इंग्लैंड के दो पूर्व कप्तान नासिर हुसैन और माइकल एथर्टन ने यह 21वीं सदी की भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ियों की बेस्ट प्लेइंग-11 चुनी है। उन्होंने ऐसा स्काई स्पोर्ट्स पर बातचीत के दौरान किया। ओपनिंग की जिम्मेदारी वीरेंद्र सहवाग और एलिस्टेयर कुक को दी गई है। कुक टेस्ट में इंग्लैंड के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वहीं, सहवाग को किसी भी गेंदबाजी लाइन अप की बखिया उधेड़ने में महारत हासिल है। नासिर और एथर्टन ने तीसरा स्थान राहुल द्रविड़ को दिया है। द्रविड़ किसी भी गेंदबाज को थकाने में माहिर थे। वहीं, उनकी कप्तानी में भारत ने 2007 में पिछली बार इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज जीती थी। वहीं, नंबर चार पर इंग्लैंड के लिए जो रूट बल्लेबाजी करते हैं, जबकि भारत के लिए विराट कोहली बल्लेबाजी करते थे। दोनों ही मौजूदा समय के दो सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और फैब-4 का हिस्सा हैं। हालांकि, नासिर और एथर्टन ने इन दोनों को शामिल न करके नंबर-चार पर दुनिया के महानतम बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को खिलाया है। नंबर चार पर तेंदुलकर ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वहीं, पांचवां नंबर केविन पीटरसन को दिया गया है। पीटरसन अपने स्टायलिश अंदाज से किसी भी गेंदबाज की धुनाई कर सकते हैं। वहीं, विकेटकीपर के तौर पर (षभ पंत को प्लेइंग-11 में शामिल किया है। नासिर और एथर्टन ने पेस बालिंग आलराउंडर के तौर पर बेन स्टोक्स को टीम में शामिल किया है और प्लेइंग-11 में एकमात्र स्पिनर रविचंद्रन अश्विन हैं। हैरानी की बात यह है कि इसमें न तो अनिल कुंबले हैं और न ही हरभजन सिंह और न ही ग्रीम स्वान।

# सीना देशों में टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल से ज्यादा बड़ी उपलब्धि: गिल

**● हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है**



**लीड्स, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान शुभमन गिल का मानना है कि सीना देशों यानी इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतना आईपीएल ट्राफी जीतने से ज्यादा बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन की गैरमौजूदगी में बिना किसी बोझ के खेलने उतरेगी। इस सीरीज के जरिये कप्तान शुभमन गिल अपने टेस्ट करियर का आगाज करेंगे। जब कप्तान शुभमन गिल से पूछा गया कि वह इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने को अधिक महत्व देंगे या आईपीएल ट्राफी को जीतने पर जोर देंगे, जवाब में उन्होंने कहा कि श्मेरे हिसाब से टेस्ट सीरीज जीतना ज्यादा महत्वपूर्ण है। गिल आईपीएल में गुजरात टाइटंस का नेतृत्व करते हैं। आईपीएल 2025 में उनकी टीम मुंबई इंडियंस से हार के बाद प्लेआफ से बाहर हो गई थी। एलिमिनेटर मैच में मुंबई ने उनकी टीम को 20 रन से हराया था। गिल ने कहा कि आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते, अगर आप अपनी पीढ़ी में सर्वश्रेष्ठ में से हैं तो शायद दो दौरे या तीन। आईपीएल हर साल होता है और हर साल मौका मिलता है। मेरे ख्याल से इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में जीत बड़ी है।

गिल ने भले ही इंग्लैंड में ज्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है, लेकिन वह इस चुनौती से डरे नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि कई लोग कहते हैं कि आपकी टीम के पास उतना अनुभव नहीं है लेकिन अच्छी बात यह है कि हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है। इससे काफी फर्क पड़ेगा।

# बंगलादेश के दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन

**● शादमान ने 76 और कप्तान नजमुल शान्तो ने नाबाद 56 रनों की शानदार पारी खेली**

**गॉले ( श्रीलंका ), वार्ता।** नईम हसन (पांच विकेट) और हसन महमूद (तीन विकेट) ने शानदार प्रदर्शन के बाद शादमान इस्लाम (76) और कप्तान नजमुल शान्तो (नाबाद 56) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शुक्रवार को खेल समाप्त होने के समय दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन बना लिए है और उसकी कुल बढ़त 187 रनों की हो गई है।

मैच में अब केवल एक दिन का खेल शेष है। श्रीलंका को पहली पारी में 485 रन पर रोकने के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रहीं और उसने आठवें ओवर में 24 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। इसके बाद मोमिनुल हक (14) रन बनाकर आउट हुए। दिन का आखिरी विकेट शादमान इस्लाम (76) के रूप में गिरा। दिन का खेल समाप्त होने के समय बंगलादेश ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 177 रन बना लिए है और नजमुल शान्तो (नाबाद 56) और मुशफिकुर रहीम (नाबाद 22) क्रीज पर मौजूद थे। श्रीलंका की ओर से प्रभात जयसूर्या, थरिंडु रत्नायके और मिलन रत्नायके ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले श्रीलंका ने कल के चार विकेट पर 368 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। श्रीलंका का आज सुबह के सत्र में पांचवां विकेट कप्तान त्रानंजय डीसिल्वा (19) के रूप में गिरा। उन्हें नईम हसन महमूद ने विकेटकीपर लिटन कुमार दास के हाथों कैच आउट कराया।

इसके बाद बंगलादेश की गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका के बल्लेबाज अत्रिाक देर तक नहीं टिक सके। कुसल मेंडिस (पांच) को हसन महसमूद ने आउट किया। मिलन रत्नायके (39), थलरडु रत्नायके (शून्य) और असिता फर्नांडो (चार) रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंका की पूरी टीम दूसरे सत्र में 131-2 ओवर में 485 रन के स्कोर पर सिमट गई। प्रभात जयसूर्या (11) रन बनाकर नाबाद रहे। बंगलादेश की ओर से नईम हसन ने पांच विकेट लिए। हसन महमूद को तीन विकेट मिले।

# हैदराबाद हीरोज ने जीत की हैट्रिक पूरी की

**मुंबई, वार्ता।** जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) सीजन वन में बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने अपनी दूसरी जीत हासिल की तथा हैदराबाद हीरोज ने अपनी जीत की लकीर को बनाए रखा।

आज यहां शहाजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने मुंबई ड्रीमर्स को एक कम स्कोरिंग थ्रिलर में हराया। बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने 12-7 से जीत हासिल की। इस बीच, हैदराबाद हीरोज ने 43-12 के स्कोरलाइन के साथ व्यापक रूप से जीत हासिल की। दिन के पहले मैच में, बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स ने अच्छी शुरुआत की आकउइला रोकोलिसोआ ने एक प्रयास किया और फिर उसके बाद अपने किक को परिवर्तित करने के लिए अपनी तरफ बढ़त दिलाई। हालांकि, मुंबई ड्रीमर्स, जो अभी भी अपनी पहली जीत की तलाश में थे, ने वैसा नाकुकु के प्रयास और परिवर्तन के साथ समानता हासिल की। ड्रीमर्स अपने विरोत्रिायों को दूर रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे थे, लेकिन हाफ-टाइम से ठीक पहले, ब्रेवहार्ट्स ने स्कॉट करी के महत्वपूर्ण और निर्णायक प्रयास के साथ फिर से आगे निकल गए। इसके बाद से, ब्रेवहार्ट्स ने उत्साही ड्रीमर्स के खिलाफ प्रतियोगिता को शानदार ढंग से प्रबंत्रित किया, एक महत्वपूर्ण जीत के साथ चले गए। दिन के दूसरे मैच में, कललगा ब्लैक टाइगर्स, जिन्हें एक जीत की आवश्यकता थी, ने हैदराबाद हीरोज के खिलाफ पहला रक्त देखा।

**तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी: पहला टेस्ट- पहला दिन**

# भारत ने पहली पारी में तीन विकेट पर 231 रन बनाए

**● यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए**

**लीड्स,वार्ता।** तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का पहला मैच भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

शुक्रवार को मैच का पहला दिन है और तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारतीय टीम ने पहली पारी में तीन विकेट पर 231 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल 67 और ऋषभ पंत 6 रन पर नाबाद हैं। यशस्वी जायसवाल (101 रन) को बेन स्टोक्स ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने साई सुदर्शन डेब्यू (शून्य) को भी आउट किया। केएल राहुल (42 रन) को ब्रायडन कार्स ने आउट किया। भारत ने 53वें ओवर में तीसरा विकेट गंवा दिया है। यहां यशस्वी जायसवाल 101 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने बोल्ड कर दिया। यह स्टोक्स का दूसरा विकेट है। उन्होंने 129 रन की साझेदारी को तोड़ा। भारतीय बैटर्स ने दूसरे सेशन में जोरदार वापसी की। 26.2 ओवर के इस सेशन में भारत ने कोई विकेट नहीं गंवाया। साथ ही 123 रन बनाए। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने शतक पूरा किया, तो कप्तान शुभमन गिल ने अर्धशतक पूरा किया। मैच का पहला सेशन मिलाजुला रहा था। 51वें ओवर की पांचवीं बाल पर भारत को 5 एक्स्ट्रा रन मिले। यहां बेन स्टोक्स राउंड द विकेट



बालिंग करने आए। यशस्वी जायसवाल ने शाट खेला, गेंद एज लेकर स्लिप की ओर गई, लेकिन फील्डर के आगे ही गिर गई। दूसरे स्लिप में खड़े हैरी ब्रुक ने गेंद को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वो हाथ से छूटकर विकेटकीपर के पीछे रखे हेलमेट्स से जा टकराई। नियमों के अनुसार बल्लेबाजी टीम को इसके लिए 5 पेनल्टी रन मिलते हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड में पहला शतक बनाया। उन्होंने टेस्ट करियर में 5 शतक लगाया है। यशस्वी ने ब्रायडन कार्स के ओवर में लगातार दो चौके लगाए और एक रन लेकर शतक पूरा किया। 46वें ओवर में यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने शतकीय साझेदारी पूरी कर ली है। जायसवाल ने शोएब बसीर के ओवर की 5वीं बाल पर चौका लगाकार साझेदारी को 100 पार पहुंचाया। भारतीय टीम ने 92 रन पर दूसरा विकेट गंवाया था। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 43वें ओवर में हॉफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने जोश टंग के ओवर की दूसरी बाल पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। यह गिल का बतौर कप्तान पहला टेस्ट अर्धशतक है। बेन स्टोक्स ने 39 ओवर के खेल के बाद स्पिनर्स को बाल थमाई है। शोएब बसीर दिन का पहला ओवर डाल रहे हैं। उनकी पहली बाल पर यशस्वी जायसवाल ने चौका लगाया। इससे पहले 39 ओवर में तेज गेंदबाजों ने डाले। 38वें ओवर में भारत ने पहली पारी में 150 रन का स्कोर पार कर लिया है। यशस्वी जायसवाल ने क्रिस वोक्स के ओवर में तीन चौके लगाकर टीम का स्कोर 150 पार पहुंचाया। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल ने 36वें ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। कप्तान गिल ने क्रिस वोक्स के ओवर की 5वीं बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। भारतीय टीम ने 92 रन के स्कोर पर दूसरा विकेट गंवाया था। यशस्वी जायसवाल ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 35वें ओवर की 5वीं बाल पर एक रन लेकर अर्धशतक पूरा किया। यह ओवर जोश टंग डाल रहे थे।

# शक्तिनगर में एसडीएम ने पुनः कराई नाले की खुदाई





**चन्दौसी।** अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा को इसका दायित्व सौंपा गया है। शक्तिनगर की सड़क जहां दो माह पूर्व अपनी दुर्दशा बयां कर रही थी आज वही सड़क हाईवे के रुप में नजर आ रही है। यहां बताते चलें कि नाला निर्माण के समय नगरपालिका ने राजस्वकर्मियों के साथ उपजिलाधिकारी द्वारा लगाये गये निशानों को मिटा दिया था और नाला निर्माण सीधा न होकर टेढ़ा मेढ़ा कर दिया गया। कुछ माह बाद उपलिजाधिकारी विनय मिश्रा लौटे और नाले की स्थिति देखी तो आपत्ति जताई। लोगों का जैसा जुगाड़ बना उसी के हिसाब से नाला टेढ़ा कर दिया गया। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा, तहस. ीलदार रवि सोनकर, अधिशासी अधिकारी धर्मराज, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार शक्तिनगर पहुंचे जहां लेखपाल दानवीर को मौके पर बुलाकर नाले की दुबारा नपत कराकर खुदाई कराई गई। मौके पर उपजिलाधिकारी ने बुल्डोजर से नाले की खुदाई कराकर नाले को सीधा कराया। हालांकि कचहरी के निकट अभी भी नाले की स्थिति टेढ़ी बनी हुई है। इधर फुब्बारा चौक से रेलवे स्टेशन तक जितने लोगों ने फड़ लगाकर कपड़ा, फल एवं अन्य दुकानें लगा रखी थीं, उन्हें हटाया गया। नगरपालिका ने बुल्डोजर से बांस बल्लियां सहित अवैध अतिक्रमण हटाया गया परंतु लोगों ने बाद में दुकानें लगा ली। हालांकि नगरपालिका द्वारा उक्त दुकानों के लिए कोतवाली के पीछे वेंडिंग जोन बनाया हुआ है परंतु कोई रेहड़ी तथा फड़ लगाने वाला वहां दुकान लगाने को तैयार नहीं है।

# श्रीनारायण सेवा समिति ने की विचार गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** श्री नारायण सेवा समिति चंदौसी के तत्वावधान में योग दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को 'योग: विचार गोष्ठी' का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने योग के संबंध में अपने-अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि योग विश्व को भारतीय परंपरा का एक अमूल्य उपहार है क्योंकि योग का अर्थ है जोड़ और भारतीय परंपरा में जोड़ने की प्रक्रिया को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। के. जी. मंगलम् ने कहा कि पीएम मोदी की संस्तुति पर संयुक्त राष्ट्र ने 11 दिसंबर 2014 को आधिकारिक तौर पर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था। विपिन गुप्ता ने कहा कि 21 जून एक सार्वभौमिक व प्रतीकात्मक महत्व का दिन है यह एक ग्रीष्म संक्रांति है। के.जी. गुप्ता ने कहा कि योग एक प्राचीन प्रथा है




जिसे अब बेहतर स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के लिए दुनिया भर में अपनाया जाता है, यह शरीर और मन दोनों को लाभ पहुंचाता है। हरीश कठेरिया एड. ने कहा कि इस बार योग की 11वीं वर्षगांठ की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' या 'योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ' का आयोजन समग्र कल्याण व पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने हेतु किया जा रहा है। मुकुंद अग्रवाल व नितेश उपाध्याय ने कहा कि 2014 से गत एक दशक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक विश्व व्यापी आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है।

मुख्य वक्ता डॉ. टी. एस. पाल ने कहा कि इस बार 01 लाख स्थान पर योग प्रदर्शन में योगदान के अलावा योग बंधन, योग पार्क, योग समावेश, योग प्रभाव, योग कनेक्ट, हरित योग, योग अनप्लग्ड, योग महाकुंभ, समय योग सम्मिलित हैं।

## महिला को मिली रहीं धमकियां

**चन्दौसी।** महिला अपनी सास का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए पिछले एक वर्ष से चक्कर लगा रही है पर परिवार के लोग जमीन हड़पना चाहते हैं। महिला की सास की मृत्यु एक वर्ष पूर्व हो चुकी है। कमलेश शर्मा पत्नी राजेन्द्र शर्मा नि0 गुमथल के अनुसार दबंग परिजनों ने गुमथल गांव को छोड़ने पर विवश कर दिया जिससे वह बिसौली गांव में रिश्तेदार के यहां रह रही है। अपने अधिवक्ता के साथ तहसील समाधान दिवस में मृत्यु प्रमाणपत्र बनने के लिए प्रार्थनापत्र दिया जिस पर वीडीओ ब्लाक बनियाखेड़ा ने संज्ञान लेते हुए सचिव सोमवीर सिंह को ग्राम सचिवालय में खुली बैठक करने के निर्देश दिये। सचिव द्वारा 27 जून 2025 को खुली बैठक के लिये तिथि निर्धारित की गई है। महिला का कहन है कि परिवार के लोग उसे धमकी दे रहे हैं। महिला ने पुलिस बल की मौजूदगी एवं वीडियोग्राफी करने की मांग की है।

# कृष्ण बाल विद्या मंदिर में 10 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विश्व हिंदू परिषद मेरठ क्षेत्र का परिषद शिक्षा वर्ग इसमें (मेरठ प्रांत, ब्रिज प्रांत और उत्तराखंड प्रांत) का 10 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 10 जून से 20 जून तक मंगूपुरा स्थित कृष्ण बाल विद्या मंदिर में समापन हुआ। इसमें तीनों प्रांत के 19 विभाग के शिक्षार्थियों ने सहभाग किया जिसमें मेरठ प्रांत के - 81 ब्रिज प्रांत के - 31 उत्तराखंड प्रांत के - 20 इनमें पुरुष शिक्षार्थी - 126 तथा महिला शिक्षार्थी- 6 कुल मिलाकर 132 शिक्षार्थियों ने सहभाग किया। इसमें 35 शिक्षक जो बौद्धिक और शारीरिक में लगे तथा 33 बंधु जो व्यवस्था की दृष्टि से लग रहे । इस प्रशिक्षण वर्ष में छात्र शिक्षक व्यापारी शिक्षक और दो पूज्य संत भी रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता (केंद्रीय




संयुक्त महामंत्री विश्व हिंदू परिषद स्वामी विज्ञानानन्द जी महाराज) इन्होंने आईआईटी खड़गपुर, संस्कृत से ेचीक, संस्कृत से व्याकरण आचार्य, दर्शन में विद्या वरिद्धि वाचस पद्धति किया। इसमें इन्होंने कहा इस 10 दिन की तपस्या से पक कर के पाके कार्यकर्ताओं का जो निर्माण हुआ है इसमें योगदान हमारे उन पूर्वजों का भी है जिनके हम वंशज है जिन्होंने 2300 वर्ष तक आक्रमणकारियों से लड़ाई लड़ी इसके बाद सन 1947 में हम कट छठ के स्वतंत्रता को प्राप्त हुए लगभग 20 वर्ष में एक जेनरेशन बदल जाती है इस हिसाब से हमारे पूर्वज 115 जेन. रेशन लड़े जो समाज सुख सुविधा का भोगी हो जाता है वह जल्दी ही नष्ट हो जाता है लेकिन हमारे कार्यकर्ता इतनी गर्मी में 10 दिन का प्रशिक्षण वर्ग ठीक उसी प्रकार कर रहे हैं जैसे तपती गर्मी में फल और अनाज पकता है ठीक इसी प्रकार इस तपती गर्मी में कार्यकर्ता अपने देश के समर्पण के लिए तैयार है। जो देश शिक्षा टेक्नोलॉजी और मिलिट्री में जितना सक्षम होगा वह देश उतना उत्तम और विकसित देश होता चला जाएगा। सन 1975 के पश्चात से हिंदू की जनसंख्या में धीरे-धीरे कमी आती जा रही है जो एक चिंता का विषय है इसलिए हिंदुओं को भी अपनी जनसंख्या पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष अल्पना गुप्ता ने कहा कि इतनी भीषण गर्मी में इन तीन प्रांत के बंधुओ ने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है उसकी हम सराहना करते हैं तथा व्हिप की मजबूती के लिए हम हमेशा प्रत्यनशील रहेंगे। इसमें मुख्य अतिथि डॉ मंजेश राठी जी रहे। इस अवसर पर क्षेत्र संगठन मंत्री सोहन सोलंकी, यशपाल सिंह , बृजेश कुमार , डॉ राजकमल गुप्ता, भवनीश सेंगर, अविनाश गुप्ता, ललित जोशी, अंजली गुप्ता, नीता सैनी, विजय सिंह, गौरव कश्यप,किशन पाल,अमृत गौड़, विशाल द्रविड़, अमित गुप्ता, निखिल सक्सेना, देवेश राणा, योगेश त्यागी, रिंकल छाबड़ा,अश्विनी ,शुभम, मीनाक्षी कश्यप जयदेव यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक नजर

## योग से कर सकते हैं स्वास्थ्यमय जीवन



**चन्दौसी।** समर्पण वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में योग सप्ताह के अंतर्गत 17 जून से 21 जून तक योग शिविर का आयोजन मयूर विहार स्थित ग्रुप सचिव अभिलाषा प्रजापति के निवास पर किया गया। शिविर में प्रथम दिवस पर थायराइड, सर्वाइकल और मोटापा कम करने, फेस योगा और कई प्रकार के प्राणायाम सिखाए गए। द्वितीय दिवस में थायराइड, लिवर और आंत को स्वस्थ रखने के लिए एक्यूप्रेशर पॉइंट्स बताए गए। तृतीय दिवस में सूर्य नमस्कार, कमर दर्द से आराम के लिए मर्कटासन, त्राटक आसन और प्राणायाम के विषय में जानकारी दी गई। शिविर के चतुर्थ दिवस में ताड़ासन, जुंबा, भ्रामरी प्राणायाम, वज्रासन तथा फेस योगा आदि का अभ्यास करवाया गया। योगाचार्य काजल अरोड़ा ने बताया कि योग तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, जागरूकता, स्वस्थ आहार, वजन घटाने और अच्छी नींद में सहायक है। यदि हम स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं तो हमें योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना होगा।

## समर कैंप के छठे दिन ताइक्वांडो के महत्व पर डाला प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कांठ बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे आकाश तायकामांडो समर कैंप के छठे दिन प्रशिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को तायकमांडो के महत्व पर मौखिक एवं प्रैक्टिकल में बताया कहा कि ताइक्वांडो प्रशिक्षण शरीर को वलिष्ठ बनाने के साथ आत्मरक्षा एवं गुंडा तत्वों के कहर से बचने का मुख्य साधन है।

तहसील क्षेत्र का यह प्रथम ताय्कमांडो प्रशिक्षण है। प्रशिक्षक के रूप में ताय्कमांडो कोच रितिका शर्मा ने बताया कि छात्राओं के साथ आए दिन असामाजिक तत्वों द्वारा तानाकशी की जाती है। छात्राएं अपने मान सम्मान को बचाने के लिए मौन साध लेती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना होने पर पुलिस को तत्काल सूचना देनी चाहिए, अथवा अपने आप में इतना सक्षम होना चाहिए कि यह सामाजिक तत्वों के हमले को नाकाम कर आत्मरक्षा कर सके। सरकार ने भी ताइक्वांडो के महत्व को समझते हुए इसे ओलंपिक गेम में शामिल कर लिया है, और सरकार ब्लैक बेल्ट करने पर सरकारी कॉलेजो में नौकरियां भी दे रही है। बताया कि आगामी रविवार को ताय्कमांडो के समर कैंप के समापन पर एसडीएम संत दास पवार, सीओ गौरव त्रिपाठी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि महिला उपनिरीक्षक ज्योति चौधरी एवं बिजनौर के मुख्य कोच अंकुर चौधरी रहेंगे। अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# टीएमयू लाइब्रेरी में योग की किताबों की विशेष प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के केंद्रीय पुस्तकालय एवम् नॉलेज रिसोर्स सेंटर की ओर से 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग की पुस्तकों की विशेष प्रदर्शनी लगाई गई।

डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन ने बतौर मुख्य अतिथि इस प्रदर्शनी का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर असिस्टेंट डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. नेहा आनंद, डॉ. जैनुल की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। प्रदर्शनी में अंग्रेजी और हिंदी की करीब 350 योग की पुस्तकों का डेंटल कॉलेज समेत दीगर कॉलेजेज के स्टुडेंट्स ने अवलोकन किया।



यूनिवर्सिटी लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन ने फादर ऑफ लाइब्रेरी साइंस डॉ. एसआर रंगनाथन के तृतीय पुस्तकालय सिद्धांत ख्र प्रत्येक पुस्तक को उसका पाठक मिले को कोट करते कहा, योग एवम् पुस्तकालय दोनों ही मानव जीवन के दो महत्वपूर्ण आयाम हैं। डेंटल कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन ने डेंटल के स्टुडेंट्स के संग प्रदर्शनी और लाइब्रेरी का भ्रमण किया। प्रदर्शनी में योग पुस्तकें - पतञ्जलयोगप्रदीप,योग में मसाज, एक्युप्रेशर एवं सूर्य चिकित्सा,योग करने के तरीके, मेडीटेटिव योगा, हठयोग फॉर ह्यूमन हेल्थ,योगा: वे ऑफ हेल्थ आदि आकर्षण का केंद्र रहीं।अंत में डॉ. नेहा आनंद ने उपस्थित विद्यार्थियों और लाइब्रेरी स्टाफ को नियमित रूप से योग अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग न केवल गंभीर रोगों से मुक्ति प्रदान करता है, बल्कि शरीर को सुदृढ़, सक्रिय और संतुलित बनाता है।प्रदर्शनी में लाइब्रेरी की ओर से डॉ. संजीव सिंह, डॉ. आलोक गुप्ता, श्री हर्षित सिंह, श्री राहुल कोहली आदि भी मौजूद रहे।

## 25 दिवसीय कथक कार्यशाला का हुआ समापन



**चन्दौसी।** नगर के गौशाला रोड पर 20 मई से कथक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है जिसका समापन किया गया है। कार्यशाला में प्रसिद्ध कथक गुरु पं. आराध्य द्वारा कथक सिखाया गया। समापन के दौरान बच्चों द्वारा 25 दिवसों में सीखी गई कला का प्रदर्शन किया। सभी ने बच्चों की नृत्य साधना को देखकर प्रशंसा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपा. लिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय व समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी द्वारा बच्चों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। बता दें कि चन्दौसी से मुंबई पहुंचकर पं. आराध्य ने कथक नृत्य सीखा और अनेक टीवी सीरियल में कार्य किया। आराध्य कथक नर्तक के अलावा एक अच्छे अभिनेता भी हैं और चन्दौसी का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में डा. वीरेश कुमार (पार्थ हॉस्पिटल), डॉ दुर्गा टंडन, दिव्यांनी सिंह, अभिषेक गुप्ता, डॉ मोनिका, डीआर जे.एस. चौहान, पुनीत कुमार, अशोक अग्रवाल, बच्चू चाचा, डॉ राजेंद्र गुप्ता, डॉ मनीष गुप्ता, अंजली सिंह दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# आजीविका मिशन से महिलाओं को बना रहे आत्मनिर्भर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने ब्लॉक परिसर मुंडापांडे में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर विधायक कुंदरकी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सरकार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को सक्रिय रूप से संचालित कर रही है, जो केंद्र सरकार की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना का हिस्सा है। इस पहल के तहत महिलाएं स्वयं सहायता समूह बनाकर छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू करती हैं उन्हें प्रशिक्षण, बिना गारंटी ऋण और बाजार से जुड़ाव जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। यह योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उन्हें आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा



में भी मजबूती से आगे बढ़ा रही है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके समूहों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मुंडापांडे नवदीप यादव एवं संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर निकाली जन जागरण यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए एक दिन पूर्व योग जन जागरण यात्रा निकाली गई। जिसमें भारी तादाद में योग साधन्क मौजूद रहे। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी और नगर पालिका प्रांगण में जाकर समाप्त हुई। इस बीच लोगों को योग करने का संदेश भी दिया गया।

पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में यात्रा निकाली गई जो बिलारी के बस स्टैंड पर पहुंची। यहां से राष्ट्रीय राजमार्ग पर होते हुए महाराणा प्रताप चौक नगर पालिका प्रांगण में जाकर समाप्त हुई। योग शिक्षक निहाल सिंह ने बताया की यात्रा का उद्देश्य लोगों को 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में अधिक से अधिक तादाद में पहुंचकर शामिल करना था ताकि लोग जागरुक हो और अधिक से अधिक योग करके अपने शरीर को निरोग बनाएं।

इस मौके पर नगर क्षेत्र के भारी तादाद में लोग भी मौजूद रहे। योग शिक्षक निहाल सिंह के साथ धर्मेंद्र गांधी, मनोज ठाकुर, सुधीर गुप्ता, मनोज प्रजापति, मेघपाल सिंह, गिरीश चंद्र, राकेश चंद्रवंशी, वृत पाल सिंह, संजय सक्सेना, विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी आदि सहित भारी तादाद में लोग शामिल रहे।

## उपनिबंधक कार्यालय के बाहर महिला छोटी बच्ची से करा रही भिक्षावृत्ति



**चन्दौसी।** जिलाधिकारी के आद. ेश की अवहेलना की जा रही है। जिलाधिकारी का स्पष्ट आदेश है कि संभल जनपद में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भिक्षावृत्ति नहीं करायी जायेगी। छोटे-छोटे बच्चों से भिक्षावृत्ति कराकर उनके जीवन व भविष्ट को नष्ट किया जा रहा है जबकि बच्चे स्कूल जाकर मुख्य धारा में जुड़ सकते हैं। कुछ लोग बच्चों से जबरन भिक्षावृत्ति कराते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया द्वारा जनपद में भिक्षावृत्ति करने वालों को चिन्हित कराया गया। जिलाधिकारी के आदेश बावजूद उपनिबंधक कार्यालय चन्दौसी के गेट पर 07 वर्षीय बच्ची से भिक्षावृत्ति कराते देखी गयी, जब महिला से बातचीत की गयी तो बताया कि बच्ची स्कूल भी जाती है परंतु छुट्टियां चल रही हैं तो अपने साथ ले आती है। हालांकि देखने में महिला हष्ट पुष्ट लग रही थी। फिलहाल भिक्षावृत्ति को रोकने के लिये सामाजिक संगठनों को आगे आना चाहिए जिससे नौनिहालों के जीवन को सुधारा जा सके।

# विधायक ने निर्माणाधीन स्टेडियम का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** शुक्रवार को विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने रतनपुर कलां में निर्माणाधीन ग्रामीण स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण संबंधित अधिकारियों के साथ किया।निर्माण कार्य में मजदूरों की संख्या बहुत कम थी। विधायक ने कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए ससमय कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य सुनिश्चित करने हेतु जिला युवा कल्याण अधिकारी को नियमित निरीक्षण हेतु निर्देशित किया। गौरतलब है कि रतनपुर कला गांव में 7.72 करोड़ से ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। स्टेडियम बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी





खेलों में अपना परचम लहरा सकेंगे और क्षेत्र का मान बढ़ा सकेंगे। कुंद. रकी विधानसभा के गांवों के साथ साथ अमरोहा जनपद की सीमा में सटे गांवों के खिलाड़ियों को भी लाभ होगा। स्टेडियम में बाउंड्री और दर्शक दीर्घा के अलावा कई खेलों की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इनमें बैडमिंटन, टेनिस, कबड्डी, वॉलीबाल आदि खेल की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। स्टेडियम का निर्माण उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# एक और नया शिगूफा

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर हुए लगभग चालीस दिनों का समय बीत गया है, लेकिन अभी तक इन अटकलों पर विराम नहीं लगा है कि यह सीजफायर किसने कराया था। जहां तक बात भारत की है, भारत ने अपनी तरफ से साफ कर दिया कि यह संघर्ष विराम भारत पाक के सैनिक अधिकारियों के बीच में हुई वार्ता से अमल में आया था और इसमें किसी दूसरे देश की कोई मध्यस्थता नहीं थी। सभी जानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत-पाक सीजफायर को लेकर बयान देते रहे हैं। उनका दावा रहा है कि उनके प्रयासों से ही भारत पाक के बीच में सीजफायर हो पाया था। शुक्रवार को पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाकडार ने यह कहकर इस पूरे मुद्दे को और उलझा दिया कि सऊदी प्रिंस ने छह-सात मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था। फिर हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। उनके अनुसार सऊदी ने तनाव कम करने की कोशिश की, डार ने यह भी कहा कि प्रिंस ने फोन पर कहा कि पाक कहे तो वह विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बात करते हैं। मतलब साफ है कि सऊदी के प्रिंस ने पहले पाकिस्तान के शासकों से बात की और उनकी रजामंदी होने पर भारत से बात की गई। डार की मानें, तो सऊदी अरब ने ही मध्यस्थता कर सीजफायर कराया। समझना मुश्किल है कि अमेरिकी राष्ट्रपति आखिर बार-बार यह राग क्यों अलापा रहे हैं और इसके पीछे उनकी मंशा क्या है। वह क्यों भारत को अपनी हरकतों से असहज कर रहे हैं। बात सीजफायर की ही नहीं कई चीजें पिछले कुछ दिनों से ऐसी देखने में आ रही हैं जो यह बताती हैं कि भारत के प्रति अपनी अच्छी राय वह नहीं रखते हैं। प्रवासी कैदियों के संबंध में हमने देखा कि किस तरह हथकड़ी व बेड़ियों में जकड़कर हमारे लोगों को सैनिक विमान में भेजा गया था वह भी तब जब हमारे पीएम मोदी अमेरिका में जाकर डोनाल्ड ट्रम्प से बात कर चुके थे। कनाडा में भी देखने में आया जब पीएम मोदी से उनकी प्रस्तावित यात्रा होनी थी। जहां वह जी-7 सम्मेलन में भाग लेने के लिए गए थे। बाद में भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रम्प से 35 मिनट तक फोन पर बात की। जिसमें सीजफायर का मुद्दा भी उठा और पीएम मोदी ने उसमें साफ कहा कि भारत-पाक के बीच वार्ता से ही यह संभव हो पाया था और इसमें तीसरे देश की कोई भूमिका नहीं थी। अब डार यह कह रहे हैं कि सऊदी प्रिंस ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत सरकार दृढ़ता के साथ सार्वजनिक रूप से यह कहे कि डोनाल्ड ट्रम्प का रवैया इस मामले में ठीक नहीं है और जो वह कह रहे हैं ऐसा कुछ नहीं हुआ। जब तक सरकार ऐसा नहीं कहती तब तक अटकलें लगती रहेंगी और नई बातें सामने आती रहेंगी और सभी अपने-अपने तरीके से इस बात को तोड़ मरोड़कर पेश करते रहेंगे। असल में गुपचुप समझौतों का ऐसा ही हश्र होता है। हां इतनी बात जरूर है कि डार ने यह जरूर माना कि भारत के आक्रामक रवैये से ही पाक को बैकफुट पर आना पड़ा।

## अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी मातृभाषा



अंग्रेजी सशक्तीकरण करती है, यह शर्मनाक नहीं है और इसे हर बच्चे को सिखाया जाना चाहिए, भाजपा -आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चे यह भाषा सीखें, क्योंकि वे नहीं चाहते कि वे सवाल पूछें और समानता हासिल करें, अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है, अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं, जंजीरें तोड़ने का औजार है, आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी, भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है, हमें हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो बच्चों को बराबरी का मौका दे।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर अटकलें हुईं तेज



यशोदा श्रीवास्तव



यूपी में कांग्रेस की बिहार और ओडिशा जैसी सक्रियता की जरूरत है। बिहार और ओडिशा में जबसे प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष बदले गए हैं तब से इन दोनों प्रदेशों में अपने दम पर कांग्रेस खड़ी होती हुई दिख रही है। बिहार में कन्हैया कुमार ने पदयात्रा कर पूरे प्रदेश में कांग्रेस को हलचल में ला दिया है, तो प्रदेश प्रभारी और अध्यक्ष के समवेत प्रयास और रणनीति से सांगठनिक ढांचे में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। यहां भी कांग्रेस आरजेडी और कुछ अन्य दलों के साथ गठबंधन में है। गठबंधन के सहयोगियों को बिना डिस्टर्ब किए कांग्रेस ने इस कोने से उस कोने तक अपनी पहुंच बनाने में कामयाब हुई है। पिछले कुछ महीनों से बिहार में कांग्रेस का झंडा और होर्डिंग जगह-जगह दिखाई पड़ने लगा है।

भाजपा शासित राज्य ओडिशा में भी कांग्रेस ने संगठन में पहली बार बहुत सोच-समझकर कर प्रभावशाली बदलाव किया है। लंबे समय तक बिहार प्रदेश का प्रभारी रहे पार्टी के सीनियर लीडर भक्त चरण दास को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी है वहीं यूपी में बहुत चर्चित कांग्रेस अध्यक्ष रहे अजय कुमार लल्लू को ओडिशा प्रदेश का प्रभारी बनाया गया है। बता दें कि यूपी कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में अजय कुमार की सक्रियता का रिकॉर्ड रहा है। धरना-प्रदर्शन की गतिविधियां ऐसी थी कि लल्लू पर इस दौरान रिकॉर्ड मुकदमे भी दर्ज किए गए। बतौर प्रदेश प्रभारी ओडिशा में भी लल्लू की सक्रियता चर्चा में है।

बिहार और ओडिशा में जैसी कांग्रेस की सक्रियता है, यूपी के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने वैसी ही सक्रियता यूपी में भी जरूरी बताया है। हालांकि यह पार्टी के सांगठनिक ढांचे पर निर्भर करता है। यूपी में आज नहीं करीब एक दशक से पार्टी का संगठन बस नाम मात्र का है। इस दरम्यान जब लल्लू प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे तब जरूर कांग्रेस यहां वहां धरना-प्रदर्शन करते देखी जा रही थी। इसका खामियाजा भी लल्लू को भुगतना पड़ा है। उनके ऊपर दम पर दम मुकदमा भी दर्ज हुआ। वे विधानसभा का चुनाव हार गए तो उनकी अध्यक्षी चली गई, लेकिन कांग्रेस आलाकमान उनकी अहमियत को समझते हुए उन्हें ओडिशा का प्रभारी बना दिया। वे वहां भी कांग्रेस की मजबूती के लिए जी जान से जुटे हुए हैं।

लल्लू के बाद यूपी में कांग्रेस ने एक के बाद एक अध्यक्ष पद पर बदलाव तो किया, लेकिन वे अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाए। अभी अजय राय प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं। वे वाराणसी के हैं। लोकसभा चुनाव में कई राउंड की मत गणना में उन्होंने मोदी से बढ़त बना कर खूब सुर्खियां बटोरी थी। कई बार के विधायक और प्रदेश में मंत्री होने की उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि है। वे भाजपा में भी रहे हैं। बतौर अध्यक्ष उनसे जो अपेक्षा थी शायद पार्टी आलाकमान को वे पूरी नहीं कर पा रहे हैं। उनके ही कार्यकाल में यूपी के जिलों में 90 प्रतिशत नए अध्यक्ष मिले हैं लेकिन नए अध्यक्षों के पद भार ग्रहण किए करीब चार माह बीत गए अभी तक शेष पदाधिकारियों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। प्रदेश का संगठन भी आधा अधुरा ही है।

माना जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान यूपी कांग्रेस संगठन के ढीले-ढाले रवैये से संतुष्ट नहीं है। कांग्रेस पार्टी के अंदरखाने बदलाव की सुगबुगाहट है। 2026 लगते ही यूपी में विधानसभा का चुनावी वर्ष प्रारंभ हो जाएगा। इतनी जल्दी संगठन खड़ा करने की सिर्फ खानापूर्ति ही हो सकती है। बूथ छोड़िए जिलों में ही मजबूत संगठन खड़ा कर पाना मुमकिन नहीं है। अब जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी विधानसभा प्रत्याशियों के चयन में जिला अध्यक्षों की जिम्मेदारी तय कर रहे हों तो यूपी में यह कैसे संभव है? जहां का संगठन ही कमजोर हाल है। यूपी विधानसभा चुनाव सपा और कांग्रेस मिलकर ही लड़ेगी, यह तय है। हाल ही अखिलेश यादव ने भी अपने बयान में यह स्पष्ट कर दिया है।

ऐसे में कांग्रेस चाहेगी कि यूपी कांग्रेस का अध्यक्ष ऐसा हो जिसका तालमेल सपा संगठन या राष्ट्रीय अध्यक्ष से बेहतर हो। यूपी में सपा का पीडीए फार्मूला हावी है। कांग्रेस चाहेगी कि इसका लाभ उसे सपा के ही बराबर मिले। सीटों के बंटवारे में भी कोई पेंच न रहे। जाहिर है बिहार में जैसे आरजेडी बड़ी भूमिका में होगी वैसे ही यूपी में सपा बड़ी भूमिका में होगी। यह तय है कि आने वाले कुछ दिनों में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष पद पर बदलाव होना है। कांग्रेस आलाकमान यूपी में किसी ऐसे चेहरे की तलाश में है जो गठबंधन को देखते हुए यहां के राजनीतिक समीकरणों को साधने में माहिर हो। यूपी में कांग्रेस के दो ही विधायक हैं। 2017 में कांग्रेस सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ी थी, लेकिन तब भी बहुत फायदे में नहीं रही। केवल सात विधायक ही चुने गए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2027 में स्थित भिन्न होगी। लोकसभा चुनाव के परिणाम को ही पैमाना मानें तो साफ दिखेगा कि कांग्रेस का ग्राफ बढ़ा है। पार्टी सीटों के बंटवारे से लेकर उम्मीदवारों के चयन में सतर्कता बरती तो निश्चित ही फायदे में रहेगी, लेकिन इसके पहले अध्यक्ष का चयन एक चुनौती है। पहले चर्चा थी कि किसी मुस्लिम को यह पद दिया जाए, लेकिन सांसद इमरान मसूद का सपा के प्रति दिया बयान इस पर पानी फेर दिया।

ऐसे में पार्टी का फोकस किसी मजबूत पिछड़े वर्ग के नेता पर है। अध्यक्ष पद के लिए पिछड़े वर्ग से दावेदारी बहुत है, लेकिन पार्टी में बहुतेरे हैं जो महराजगंज जिले के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी का नाम आगे कर रहे हैं। वीरेन्द्र चौधरी का पार्टी में उपाध्यक्ष और प्रांतीय अध्यक्ष जैसे पदों पर रहते हुए बेहतर परफार्मेंस रहा है। इसके अलावा आलाकमान ने दूसरे प्रदेशों में भी उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है जहां भी वे खरा उतरे हैं। अभी बिहार में कांग्रेस के रोजगार दो या सत्ता छोड़ो जैसे कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी चर्चा में रही है। वे कुर्मी जाति के हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश कुर्मी बिरादरी का गढ़ है। बड़ी बात यह है कि वीरेंद्र चौधरी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी करीबी हैं। यूपी से राज्य सभा चुनाव में जब विधायकों की बोली लग रही थी, तब उन्होंने पूरी ईमानदारी से अखिलेश यादव के साथ जाकर सपा प्रत्याशी को वोट दिया था। तब से वे अखिलेश यादव के प्रिय हो गए हैं। जरूरी नहीं कि कांग्रेस आलाकमान वीरेंद्र चौधरी पर ही दांव लगाए, लेकिन इस बार कांग्रेस अध्यक्ष के चयन में पार्टी जो खूबी ढूंढ रही है, निसंदेह वीरेंद्र चौधरी में सांगठनिक क्षमता के साथ-साथ वे सारी खूबियां हैं। वीरेंद्र चौधरी की राजनीतिक पृष्ठभूमि चूंकि बसपा की रही है, इसलिए न केवल राजनीतिक गुणा गणित में वे माहिर हैं, गठबंधन धर्म निभाना भी उन्हें बखूबी आता है।

**अध्यक्ष पद के लिए पिछड़े वर्ग से दावेदारी बहुत है, लेकिन पार्टी में बहुतेरे हैं जो महरा. जगंज जिले के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी का नाम आगे कर रहे हैं। वीरेन्द्र चौधरी का पार्टी में उपाध्यक्ष और प्रांतीय अध्यक्ष जैसे पदों पर रहते हुए बेहतर परफार्मेंस रहा है। इसके अलावा आलाकमान ने दूसरे प्रदेशों में भी उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है जहां भी वे खरा उतरे हैं। अभी बिहार में कांग्रेस के रोजगार दो या सत्ता छोड़ो जैसे कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी चर्चा में रही है। वे कुर्मी जाति के हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश कुर्मी बिरादरी का गढ़ है। बड़ी बात यह है कि वीरेंद्र चौधरी सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी करीबी हैं। यूपी से राज्य सभा चुनाव में जब विधायकों की बोली लग रही थी, तब उन्होंने पूरी ईमानदारी से अखिलेश यादव के साथ जाकर सपा प्रत्याशी को वोट दिया था।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राहुल की उपस्थिति देश को प्रजातंत्र का विनम्र आश्वासन

**जिस राहुल ने जनता के साथ ही देश के बिखरे पड़े विपक्ष में भी नई जान फूंक दी है। देश की आत्मा को एक कर दिया है। जिसने साहस पूर्वक सत्ता को अधिनायकवाद की सीढ़ियां चढ़ने से रोक दिया है। ओबा. मा को लिखना पड़ेगा कि भारत में राहुल की उपस्थिति अधिनायकवाद के खिलाफ प्रजातंत्र का विनम्र आश्वासन है।**



श्रवण गर्ग

बराक ओबामा से अनुरोध किया जाना चाहिए कि कुछ दिनों के लिए एक बार फिर भारत की यात्रा पर आएं यह देखने के लिए कि जिस राहुल गांधी से वे आखिरी बार मिले होंगे वह और भारत पिछले आठ सालों में कितना बदल गया है। अमेरिका वापस पहुंचने के बाद ओबामा एक नई किताब लिखें जो सिर्फ राहुल पर केंद्रित हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माय फ्रेंड बराक ने अपनी पिछली भारत यात्रा के बाद प्रकाशित किताब में जिस राहुल गांधी का जिक्र किया था उसका स्थान किसी नए राहुल ने ले लिया है और हो सकता है उसकी पूरी जानकारी अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति को नहीं हो।

ओबामा भारत में सिर्फ डॉ मनमोहन सिंह के प्रशंसक रहे हैं। इतने घोर प्रशंसक कि अपने प्रथम कार्यकाल (2009-2013) में डॉ. सिंह को अपना पहला राजकीय अतिथि बनाया। व्हाइट हाउस के भव्य समारोह में ओबामा जब डॉ. सिंह की तारीफ कर रहे थे पूरे अमेरिका और भारत भर से वाशिंगटन पहुंची बड़ी-बड़ी हस्तियां दोनों नेताओं को खड़े-खड़े सुन रहीं थीं। उस बात को गुजरे चौथाई सदी बीत गई। डॉ. सिंह के साथ यात्रा पर गए पत्रकारों के दल के सदस्य के तौर पर मैं भी तब उपस्थित था। कोई पांच वर्ष पूर्व प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक ए प्रॉमिस्ड लैंड में ओबामा ने राहुल गांधी को लेकर जो टिप्पणी की उसने मोदी सरकार के मंत्रियों, गोदी मीडिया और भक्तों को इस युवा नेता पर हमले करने का हथियार सौंप दिया था। ओबामा ने किताब में उस रात्रि-भोज का जिक्र किया है जिसमें सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह के साथ राहुल भी उपस्थित थे।

कोई 980 पन्नों की किताब में राहुल गांधी को लेकर की गई पांच पंक्तियों की टिप्पणी इस प्रकार है राहुल गांधी के बारे में यह कि वे स्मार्ट और जोशीले नजर आए। उनका सुदर्शन व्यक्तित्व उनकी मां के साथ मेल खाता था। बातचीत में उन्होंने राजनीति पर अपने प्रगतिशील विचार प्रस्तुत किए। वे बीच-बीच में मुझसे मेरी 2008 की चुनावी मुहिम की जानकारी भी लेते रहे पर नर्वस और अनाकार (अनफॉर्म्ड) भी नजर आए। जैसे किसी छात्र ने या तो कौशल के अभाव या फिर विषय के प्रति गहरे अनुराग के बावजूद अपना होमवर्क ठीक से नहीं किया हो पर वह टीचर को प्रभावित करना चाहता हो।

किताब में लिखे को लेकर निहित स्वार्थों द्वारा बाद में जो प्रचारित किया गया वह इस प्रकार था उनमें एक ऐसे नर्वस और अपरिपक्व छात्र के गुण हैं जिसने अपना होमवर्क किया है और टीचर को इम्प्रेस करने की कोशिश में है लेकिन गहराई से देखें तो योग्यता और किसी विषय पर महारत हासिल करने के जुनून की कमी है। आज 19 जून को राहुल 55 साल के हो गए। ओबामा अगस्त में 65 के हो जाएंगे। ओबामा आखिरी बार दिसम्बर 2017 में भारत आए थे तब अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर ट्रम्प थे। पिछले आठ सालों में अमेरिका भी बदल गया है और भारत भी। भारत को बदलने में राहुल गांधी भी बड़ी भूमिका रही है। ओबामा को अपनी नई किताब में अब उस राहुल गांधी के बारे में लिखना पड़ेगा जिसमें न तो कौशल का अभाव है और जो न ही नर्वस है। ओबामा चूंकि एक अश्वेत नेता और राष्ट्रपति रहे हैं उन्हें ज्यादा जानकारी या तो महात्मा गांधी के 1930 के दांडी मार्च की होगी या फिर मार्टिन लूथर किंग जूनियर के अगस्त 1963 के ऐतिहासिक वाशिंगटन मार्च और 1965 के सेल्मा से मोंटगोमेरी (अल्बामा) तक चले 54 किलोमीटर लंबे मार्च की जो पांच दिनों में पूरा हुआ था। ओबामा को अपनी नई किताब में अब राहुल के सपनों के प्रॉमिस्ड लैंड का जिक्र करना पड़ेगा। उन दो ऐतिहासिक यात्राओं के बारे में लिखना पड़ेगा जो हजारों किलोमीटर की थीं। इनमें एक पैदल चलकर पूरी की गई थी। कन्याकुमारी से कश्मीर तक। दूसरी बस के जरिए। मणिपुर से मुंबई तक। ओबामा को उस राहुल गांधी के बारे में लिखना पड़ेगा जिसे देखने, सुनने और जिसका स्पर्श पाने के लिए हजारों लोग सड़कों के दोनों ओर घंटों तक खड़े रहते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# योग: बीमारियों के विरुद्ध एक मौन क्रांति

योग दिवस पर विशेष



श्वेता गोयल

आज की भागदौड़ भरी दुनिया में जब तनाव, अवसाद, चिंता और रोगों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, तब योग न केवल एक शारीरिक अभ्यास के रूप में बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति का मार्ग बन चुका है। वर्ष 2025 में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम के साथ जब 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है तो यह अवसर पूरी दुनिया को यह संदेश देता है कि योग स्वास्थ्य, संतुलन और आत्म-साक्षात्कार के लिए एक सार्वभौमिक समाधान है। योग अब केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर नहीं रहा बल्कि विश्व स्तर पर यह एक व्यापक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में स्वीकार किया जा चुका है। विश्व के 170 से अधिक देशों में 21 जून को योग दिवस मनाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि योग ने जाति, धर्म, राष्ट्र की सीमाओं को लांघकर मानवता को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है।

योग के नियमित अभ्यास से केवल शरीर ही नहीं बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा भी संयमित होती है। शरीर को रोगमुक्त रखने, मानसिक विकारों को नियंत्रित करने और ऊर्जा के संतुलन को बनाए रखने के लिए योग जितना सरल है, उतना ही गहन भी। यह प्राचीन भारतीय ज्ञान प्रणाली आज के वैज्ञानिक युग में भी एक भरोसेमंद चिकित्सा विकल्प के रूप में प्रतिष्ठित हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से जब 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग दिवस के प्रस्ताव को केवल 90 दिनों में 177 देशों के समर्थन के साथ पारित किया गया था तो यह स्पष्ट था कि योग अब वैश्विक मानवता के स्वास्थ्य और कल्याण का पथ बन चुका है। योग अब एक वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसका उद्देश्य है स्वास्थ्यपूर्ण जीवन, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति।

योगासनों और प्राणायाम की विधियां शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने की सबसे सहज और सुलभ प्रणाली हैं। प्राचीन ऋषियों द्वारा रचित यह प्रणाली केवल आसनों तक सीमित नहीं बल्कि जीवनशैली में संतुलन का विज्ञान है। आधुनिक विज्ञान भी अब इस बात को स्वीकार कर चुका है कि योग तनाव से राहत, रक्तचाप नियंत्रण, श्वसन क्रिया सुधार, इम्युनिटी बूस्ट और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में अत्यंत उपयोगी है। विभिन्न योगासन जैसे भुजंगासन, सर्वांगासन, ताड़ासन, हलासन, त्रिकोणासन, धनुरासन, मकरासन, मंडूकासन, पश्चिमोत्तानासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, गोमुखासन, उष्ट्रासन, विश्रामासन इत्यादि न केवल शारीरिक बल प्रदान करते हैं बल्कि शरीर के अंगों को सुचारू रूप से कार्य करने में भी सहायता करते हैं व भुजंगासन का अभ्यास करने से फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है, किडनी मजबूत होती है और रीढ़ की हड्डी लचीली बनती है। यह आसन तनाव और अवसाद से राहत देने में प्रभावशाली है व उष्ट्रासन पाचन तंत्र को सक्रिय करता है, मोटापा कम करता है, हृदय को बल देता है और पीठ दर्द से राहत दिलाता है व सर्वांगासन मस्तिष्क में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ाकर मानसिक ताजगी लाता है। यह थायरॉयड ग्रंथि के संतुलन में भी सहायक होता है। चेहरे की चमक बढ़ाने, बालों की सेहत और झुर्रियों से राहत दिलाने में यह योगासन काफी उपयोगी है। हलासन पाचन तंत्र को उत्तेजित करता है, मधुमेह रोगियों के लिए लाभकारी है, वजन कम करता है और थकान तथा चिंता को दूर करता है। त्रिकोणासन शरीर के संतुलन को बेहतर करता है, इम्युनिटी बूस्ट करता है, अतिरिक्त चर्बी को घटाता है और रीढ़, गर्दन व पैरों की मांसपेशियों को मजबूत करता है। ताड़ासन बच्चों की लंबाई बढ़ाने में सहायक है, पाचन ठीक करता है और श्वसन तंत्र को मजबूती प्रदान करता है। धनुरासन पीठ और पेट के निचले भाग को मजबूत करता है, किडनी के संक्रमण से लड़ने में मदद करता है और तनाव को कम करता है।

पादंगुष्ठासन तनाव, अवसाद, अनिद्रा और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं को दूर करता है, साथ ही यह किडनी और आंतों की कार्यप्रणाली में भी सुधार लाता है। योग केवल आसनों तक ही सीमित नहीं है बल्कि प्राणायाम का भी इसमें उतना ही महत्व है। प्राणायाम से श्वसन प्रणाली को सशक्त किया जा सकता है। इसमें कुछ प्रमुख प्रकार हैं-



अनुलोम-विलोम प्राणायाम शरीर की शुद्धि करता है और मानसिक संतुलन बनाए रखता है। कपालभाति प्राणायाम से रक्त संचार बेहतर होता है, नसें मजबूत होती हैं और सांस की तकलीफों में राहत मिलती है। भस्त्रिका प्राणायाम अस्थमा, मोटापा, तनाव और सीने की समस्याओं को दूर करता है। यह फेफड़ों को शुद्ध करके हृदय को ताकत देता है। भ्रामरी प्राणायाम ध्यान की शक्ति बढ़ाता है, मानसिक शांति देता है और अनिद्रा, उच्च रक्तचाप तथा घबराहट को कम करता है। उज्जाई प्राणायाम हृदय रोगों में लाभकारी है, इससे मानसिक एकाग्रता में सुधार आता है और शरीर में गर्माहट उत्पन्न होती है। व उद्गीथ प्राणायाम स्मरण शक्ति बढ़ाने, तंत्रिका तंत्र को सुचारू रूप से संचालित करने और तनाव दूर करने में अत्यंत सहायक है।

इन सभी अभ्यासों का मुख्य उद्देश्य शरीर को इस प्रकार तैयार करना है कि वह अपने अंदर के रोग प्रतिरा. ेधक तंत्र को सक्रिय करे और स्वयं को रोगों से लड़ने में सक्षम बनाए। कोविड-19 महामारी के दौरान जब पूरी दुनिया भय, अनिश्चितता और आक्सीजन की किल्लत के दौर से गुजर रही थी, तब योग ने लोगों को मानसिक और शारीरिक रूप से संभाले रखा। विशेषकर कोरोना की दूसरी लहर में जब कई लोग श्वसन तंत्र की विफलता से जूझते दिखे, तब यह प्रमाणित हुआ कि योग अभ्यास से फेफड़ों की मजबूती और इम्युनिटी को बढ़ाया जा सकता है। आज की युवा पीढ़ी जहां तेज जीवनशैली में फंसी हुई है, वहीं योग उसे ब्रेक देता है। शरीर, मन और आत्मा को जोड़कर जीवन में स्थिरता, संतुलन और सृजनात्मक ऊर्जा का संचार करता है।

योग गुरुओं का भी यह मानना है कि योग केवल एक स्वास्थ्य पद्धति नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। यह शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है।

योग हमें यह सिखाता है कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं बल्कि आंतरिक सुख और मानसिक संतुलन ही असली सफलता है। आधु. निक चिकित्सा विज्ञान भी अब योग के प्रभावों को स्वीकार करता है। अमेरिका, यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में योग अब चिकित्सीय दुष्टिकोण से अपनाया जा रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाक को मलाल, फिर कबूला: भारत ने एयरबेस तबाह किए

## कहा: सऊदी प्रिंस का फोन आया था, फिर उन्होंने भारत से बात की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने पहली बार माना है कि भारत ने उनके दो बड़े एयरबेस नूर खान और शोरकोट एयरबेस पर हमला किया था। डार ने जियो न्यूज पर खुलासा करते हुए बताया कि 6-7 मई की रात को पाकिस्तान जवाबी हमला करने की तैयारी कर रहा था, तभी भारत ने दोबारा स्ट्राइक कर दी और नूरखान-शोरकोट एयरबेस को निशाना बनाया। इससे पहले पाकिस्तान सरकार और सेना ने भारत के हमले की बात को नकारा था। हालांकि, कुछ समय बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने और अब डिप्टी पीएम इशाक डार ने हमलों की पुष्टि कर दी है।

वहीं डार ने सीजफायर के पीछे सऊदी प्रिंस की पहल होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि 6-7 मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद सऊदी प्रिंस ने फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था, फिर हमारे हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। इशाक डार ने कहा कि भारत ने हमारे 2 बड़े एयरबेस पर हमला किया इशाक डार ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से हमारी बात हो गई थी। उन्होंने फोर्सेज को रेडी रहने को कह दिया था। सब डिसाइड हो गया था कि हमें क्या रोलआउट करना है।

हम भारत पर सुबह 4 बजे के बाद बड़ा हमला करने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही भारत ने रात के ढाई बजे दोबारा हरकत कर दी और उन्होंने नूरखान, शोरकोट एयरबेस समेत कई जगहों पर हमला कर दिया। सऊदी अरब ने तनाव कम करने की कोशिश की डिप्टी पीएम डार ने कहा कि भारत ने नूर खान एयरबेस पर हमला किया तब सऊदी प्रिंस ने फोन पर कहा कि आप कहो तो विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात करता हूं कि पाकिस्तान युद्धविराम के लिए तैयार हैं और वो भी रुक जाएं, तो मैंने कहा कि जरूर करिए, और उन्होंने बात करके मुझे फोन किया।



■ इससे पहले पाक सरकार और सेना ने भारत के हमले की बात को नकारा था
■ कुछ समय बाद पाक पीएम शहबाज ने और अब डिप्टी पीएम इशाक डार ने हमलों की पुष्टि कर दी

### पाक की जेलों से रिहा 269 अफगानी नागरिक वतन लौटे

**काबुल।** पाकिस्तान की जेलों में बंद कुल 269 अफगान नागरिकों को रिहा कर उनके देश वापिस भेज दिया गया है। देश की मीडिया संस्थान टोलो न्यूज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, रिहा किए गए लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिन्होंने पाकिस्तान की विभिन्न जेलों में तीन महीने बिताए। इन सभी को तोर्खम सीमा चौकी पर अफगान अधिकारियों को सौंपा गया। पिछले छह महीनों में पाकिस्तान ने सैकड़ों अफगान कैदियों को रिहा किया है। इसके साथ ही इस्लामाबाद ने उन अफगान शरणार्थियों से देश छोड़ने को कहा है, जिनके पास वैध यात्रा दस्तावेज नहीं हैं।

## ईरान के IRGC ने नए खुफिया प्रमुख को किया नियुक्त

**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने माजिद खादेमी को अपने खुफिया संगठन का नया प्रमुख नियुक्त किया। अर्ध-सरकारी न्यूज़ एजेंसी फ़ार्स ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। यह नियुक्ति आईआरजीसी के मुख्य कमांडर मोहम्मद पाकपुर द्वारा संगठन के पूर्व प्रमुख मोहम्मद काज़ेमी और उनके डिप्टी हसन मोहाघेग के रविवार को ईरानी राजधानी तेहरान पर इज़रायली हवाई हमलों में मारे जाने के कुछ दिनों बाद की गई। नए पद पर अपनी नियुक्ति से पहले खादेमी आईआरजीसी के खुफिया सुरक्षा संगठन के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। इज़रायल ने 13 जून को तेहरान और देश के कई अन्य क्षेत्रों पर हवाई हमले किए।

## अराक परमाणु संयंत्र पर इजरायली हमले की ईरान ने की निंदा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अराक हेवी वाटर रिएक्टर प्लांट पर इजरायल के हमले की निंदा करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए एक सुरक्षित परमाणु संयत्र को निशाना बनाया है।

नगर पालिका परिषद हसनपुर
समस्त देशवासियों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आइए हम सब मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लें।
पौधे लगाये, धरती को हरा भरा बनाये
योग युक्त मानव रोग मुक्त मानव
स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए प्रतिदिन योग करिए और स्वस्थ्य रहिए
नगर वासियों से पालिका निम्न अपेक्षाएं करती है-
▸ स्वच्छ भारत मिशन में अपना सहयोग प्रदान करें, ▸ दैनिक प्रयोग में पॉलियीन दूर हटाएं, पॉलियीन की जगह कपड़े के थैले को अपनाएं ▸ निकाय की भूमि/सड़क/नाला-नाली/फुटपाथ इत्यादि पर अतिक्रमण न करें ▸ जल ही जीवन है इसका दुरुपयोग न करें, ▸ जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण समय से करायें, ▸ कूड़ा सड़क पर न डालें, कूड़ेदान का प्रयोग करें, ▸ गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा अलग अलग रखें, ▸ जल मूल्य समय से जमा करें, ▸ नगर के सौंदर्यकरण एवं विकास में अपना सहयोग प्रदान करें, ▸ नगर में प्रकाश व्यवस्था हेतु लगी लाइटों को जलाने व बुझाने में सहयोग करें। ▸ नगर में सांप्रदायिक सौहार्द एवं एकता बनाएं रखने में अपना सहयोग करें।
विजयपाल सिंह
अधिशासी अधिकारी, न.पा.परि.हसनपुर
श्री प्रशान्त सैनी
स्वच्छता प्रेरक नगर पालिका परिषद हसनपुर
राजपाल सैनी
चेयरमैन
वार्ड नं. 1 वार्ड नं. 2 वार्ड नं. 3 वार्ड नं. 4 वार्ड नं. 5 वार्ड नं. 6 वार्ड नं. 7

# आतंकी ठिकानों की मरम्मत करा रहे पाक आर्मी चीफ मुनीर

**इस्लामाबाद।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई की रात को पाकिस्तान और पीओके के अंदर मौजूद कई आतंकी ठिकानों को सटीक हमलों में तबाह कर दिया था। इनमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने शामिल थे। अब, पाकिस्तान आर्मी उसे फिर से ठीक करा रही है। पाक सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने खुद दखल देते हुए इन आतंकी ठिकानों को रिस्टोर के लिए अब तक 40 करोड़ रुपये का सरकारी फंड जारी किया है। यह फंडिंग उन मदरसों और मस्जिदों तक भी पहुंच रही है जिनका सीधा संबंध लश्कर और जैश जैसे संगठनों से रहा है। भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी ठिकाना तबाह हो गया था। पाक आर्मी चीफ मुनीर ने मरकज सुब्हान अल्लाह परिसर, बिलाल मस्जिद, उम्मुल कुर्रा, जामिया दावा इस्लामी मदरसा व भारतीय हमलों में तबाह हुए अन्य आतंकी ठिकानों को रिपेयर करने की डेडलाइन 31 जून तय की है। दरअसल, 1 जुलाई से पाकिस्तान में मदरसे खुलेंगे। पहले मदरसे 20 जून से खुलने थे, लेकिन इनके ठीक न हो पाने के चलते मदरसे खुलने की तारीख बदल दी गई है। मुनीर ने इन्हें रिपेयर करने के लिए एक टीम बनाई है। वह खुद इन कामों की निगरानी कर रहे हैं। जिससे साफ है कि पाक अपने यहां पाले गए आतंकवाद को फिर खड़ा कर रहा है।



■ मुनीर ने इन्हें रिपेयर करने के लिए एक टीम बनाई है

## रूस ने ईरान में सत्ता परिवर्तन को बताया 'अकल्पनीय'

**मास्को।** रूस ने ईरान में सत्ता परिवर्तन की किसी भी संभावित बातचीत का समर्थन करने से इनकार करने के साथ ही ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के प्रयासों को अस्वीकार्य बताया है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने 'स्काई न्यूज' के साथ एक साक्षात्कार में यह बात कही। पेसकोव ने कहा कि यह अकल्पनीय है, और इस बारे में बात करना भी सभी के लिए अस्वीकार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण है और यह न उस केवल क्षेत्र के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि कोई भी अतिरिक्त भागीदार तनाव को और बढ़ाएगा, जो कि वाशिंगटन द्वारा इजरायल को प्रत्यक्ष सैन्य सहायता प्रदान करने की संभावनाओं का परोक्ष संदर्भ में था। हालांकि पेसकोव ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की कि खामेनेई की हत्या होने पर रूस क्या कार्रवाई करेगा, इसके बजाय उन्होंने कहा कि यह ईरान के अंदर से कार्रवाई को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि इससे ईरान के अंदर चरमपंथी भावनाएं पैदा होंगी और जो लोग (खामेनेई की हत्या) के बारे में बोल रहे हैं, उन्हें इसे ध्यान में रखना चाहिए। वे भानुमती का पिटारा खोल देंगे।

# ईरान ने जर्मन दूत को किया तलब

## चांसलर मर्ज के अविवेकपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना बयानों पर जताया विरोध

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने राजधानी तेहरान में जर्मनी के राजदूत मार्कस पोटेजेल को तलब किया और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के 'अविवेकपूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना' बयानों पर कड़ी आपत्ति जताया। ईरान ने अपने खिलाफ इजरायल की सैन्य कार्रवाई का समर्थन करने जर्मनी के चां. सलर कथित आह्वान को अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि तेहरान में विदेश मंत्रालय ने जर्मन चांसलर की टिप्पणियों पर राजदूत मार्कस पोटेजेल से कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि कि जर्मनी के नेता ने निहित रूप से एक शांतिपूर्ण देश और सरकार के खिलाफ कानून तोड़ने और बल प्रयोग का समर्थन किया है। ईरान ने कहा है कि जर्मनी संयुक्त राष्ट्र चार्टर को स्वीकार करता है और वह इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने वाले आक्रामक कृत्यों का विरोध करना उसकी जिम्मेदारी बनती है। ईरान ने जर्मनी के राजदूत से कहा कि इजरायल का सशस्त्र हमला संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2, पैराग्राफ 4 का स्पष्ट उल्लंघन है और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों को इसकी निंदा करनी चाहिए। गौरतलब है कि जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने हाल में कनाडा में मीडिया से बातचीत में कहा था कि इजरायल एक तरह से हम सबके लिए ही ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की बुराई मोल ली है। कनाडा में जी-7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में जर्मन मीडिया से मर्ज ने कहा कि मैं सिर्फ़ इतना कह सकता हूं कि मैं इस बात का बहुत सम्मान करता हूं कि इज़राइली सेना और इज़राइली सरकार ने ऐसा करने का साहस दिखाया। वहीं ईरान के परमाणु प्रमुख ने संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था से अपनी निष्क्रियता समाप्त करने और ईरान की शांतिपूर्ण परमाणु सुविधाओं पर इजरायली हमलों की निंदा करने का आह्वान किया। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'फ़ार्स' की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लाम ने मार्काज़ी प्रांत के खोंडाब काउंटी में अराक भारी जल अनुसंधान रिएक्टर सुविधा पर इजरायली हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के अध्यक्ष राफेल ग्रॉसी को संबोधित एक पत्र में यह टिप्पणी की। इस्लाम ने आईएईए से अपनी निष्क्रियता तुरंत समाप्त करने और इजरायल की कार्रवाई की निंदा करने का आह्वान किया, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून के विपरीत है।

### ईरान के परमाणु प्रमुख ने आईएईए से निष्क्रियता समाप्त करने का किया आग्रह

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025
की हार्दिक शुभकामनायें
21 जून 2025 दिन शनिवार
"करें योग! रहें निरोग"
International day of Yoga 21st June
अवधेश कुमार वर्मा
अधिशासी अधिकारी, न.पा.प. धनौरा
प्रवीण कुमार अग्रवाल
नगर पालिका अध्यक्ष
कार्यक्रम स्थल- श्री बालाजी धाम मन्दिर पार्क, धनौरा (अमरोहा)
पालिका अच्छी नागरिक सुविधाओं के लिए नगर के सभी नागरिकों से निम्न अपेक्षा करती है।
1. नगर आपका है इसे सुन्दर बनायें रखने में सहयोग दे, सडको पर कूडा न फैलायें।
2. पानी बहुमूल्य है इसकी बचत करें, जल बचाये जल ही जीवन है।
3. अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करें।
4. परिवार में हुये जन्म अथवा मृत्यु का पंजीकरण पालिका में यथाशीघ्र करायें।
5. पर्यावरण की दृष्टि से वृक्षारोपण अवश्य करायें पालिथीन का उपयोग न करे।
6. पालिका के सभी करों एवं शुल्कों का नियमित रूप से भुगतान करें।
समस्त सभासद व कर्मचारीगण नगर पालिका परिषद धनौरा

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD Bijnor's Leading Education Consultancy
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)